राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 25 जनवरी 2026

वर्ष 07, अंक 116, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बाइक की टंकी ब्लास्ट युवक जला जिंदा नाइट ड्यूटी करने जा रहा था, साथी गंभीर रूप से झुलसा...03

वन विभाग की दोहरे मापदण्ड से उपजते सवाल...12

## मुंबई को नई मेयर के लिए करना होगा इंतजार, टल गया चुनाव

**● निकाय चुनाव के बाद रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया एक जरूरी काम है. लेकिन राजनीतिक दलों को रजिस्टर कराने की प्रक्रिया अभी भी अधूरी है. BJP और शिवसेना ने अपने-अपने ग्रुप्स को रजिस्टर नहीं किया है. बीजेपी गणतंत्र दिवस के बाद 27 जनवरी को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू करेगी**



मुंबई को नए मेयर के लिए अभी और इंतजार करना होगा. बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) में मेयर पद का चुनाव फिलहाल टाल दिया गया है. मेयर का चुनाव अब फरवरी के पहले हफ्ते में कराए जाने की संभावना है. देरी की वजह तकनीकी दिक्कतें बताई जा रही हैं, क्योंकि सत्ताधारी पार्टियां अपने पार्षदों और ग्रुप्स को रजिस्टर नहीं कर सकी हैं।

बीएमसी में आरक्षण घोषित होने के बाद 31 जनवरी को चुनाव कराने की तैयारी थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना के नगरसेवकों के गुट का रजिस्टेशन का काम अभी पूरा नहीं हो सका है. इसी वजह से चुनाव की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी. लॉटरी प्रक्रिया से यह तय हो गया है कि मुंबई की मेयर कोई महिला होगी जो सामान्य वर्ग से होगी।

**प्रक्रिया पूरी होने तक चुनाव संभव नहीं**

मिली जानकारी के अनुसार, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) दोनों दलों के 65 नगरसेवकों की गुट की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया तो हो चुकी है, लेकिन उनके प्रमाणपत्र अब तक महानगरपालिका सचिव कार्यालय में जमा नहीं कराए गए हैं. जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक मेयर का चुनाव कराना संभव नहीं है।

अब संभावना है कि मुंबई मेयर का चुनाव फरवरी महीने के पहले हफ्ते में कराया जाएगा. वहीं बीजेपी और शिंदे शिवसेना के संयुक्त गुट को लेकर सियासी तस्वीर अभी भी साफ नहीं हो सकी है. दोनों बीजेपी और शिवसेना संयुक्त रूप से गुट बनाकर रजिस्ट्रेशन करेंगे कि अलग-अलग यह अभी तय नहीं हो सका है।

निकाय चुनाव के बाद रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया एक जरूरी काम है. लेकिन राजनीतिक दलों को रजिस्टर कराने की प्रक्रिया अभी भी अधूरी है. 89 पार्षदों वाली ब्क्ष्क्ष्क और 29 पार्षदों वाली शिवसेना ने अपने-अपने ग्रुप्स को रजिस्टर नहीं किया है. बीजेपी गणतंत्र दिवस के बाद 27 जनवरी को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू करेगी।

**CM फडणवीस के आने से आएगी तेजी**

इस बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस देश से बाहर हैं और उनके शनिवार देर रात मुंबई पहुंचने की संभावना है. उनके आने के बाद बीएमसी मेयर चुनाव और संबंधित सत्ता-साझेदारी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी. माना जा रहा है कि बीजेपी सबसे पहले कोर कमेटी की बैठक बुलाएगी. साथ ही पार्टी उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे के साथ बातचीत शुरू करेगी।

बीएमसी की 227 सीटों के लिए पिछले दिनों 15 जनवरी को चुनाव कराए गए थे. जबकि नतीजे 16 जनवरी को घोषित किए गए. मेयर पद के आरक्षण के लिए लॉटरी के जरिए प्रक्रिया 22 जनवरी को पूरी की गई. इसमें यह तय हुआ कि मुंबई की मेयर सामान्य वर्ग से एक महिला होगी।

## हर ओर पीला ही पीला... निजामुद्दीन की दरगाह पर ऐसे मनाई गई बसंत पंचमी, बारिश में कम नहीं हुआ जोश

**● दिल्ली की हजरत निजामुद्दीन औलिया दरगाह पर बसंत पंचमी महोत्सव 700 सालों से मनाया जा रहा है. यह उत्सव सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक है, जहां सभी धर्मों के लोग पीले वस्त्र पहनकर और फूल लेकर आते हैं, शाम को सूफी कव्वालियों की महफिल सजाई गई**



दिल्ली की हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर शुक्रवार को बसंत पंचमी महोत्सव मनाया गया. शुक्रवार को आयोजित वसंत पंचमी के इस त्योहार पर कई सूफी प्रेमियों ने भी हिस्सा लिया. निज़ामुद्दीन औलिया दरगाह पर पीले कपड़े पहने हुए श्रद्धालुओं का एक बड़ा समूह सरसों के फूल और गेंदे के फूल लेकर सालाना बसंत पंचमी कव्वाली के लिए इकट्ठा हुए. दिल्ली में मौसम खराब होने के बाद भी बड़ी संख्या में लोग दरगाह पर पहुंचे।

वसंत पंचमी महोत्सव हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर पिछले 700 सालों से मनाया जा रहा है. यह एक महोत्सव सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक भी बन गए हैं. हालांकि, इस साल दरगाह समिति ने कुछ हेरिटेज वॉक समूहों द्वारा समारोहों के 'व्यावसायीकरण' पर चिंता जताई है।

बसंत पंचमी के मौके पर हजरत निजामुद्दीन औलिया को विशेष रूप से पीली चादर पेश की गई, जो फूलों से लदी थी. इसके साथ ही वहां मौजूद लगभग सभी लोगों ने पीला लिबास पहना था. बड़ी संख्या में लोग सरसों के फूल लेकर पहुंचे थे. यहां दिल्ली के साथ-साथ आस-पास के कई इलाकों के लोग पहुंचे थे।

**शाम को सजी कव्वाली की महफिल**

दिन में लोग निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर माथा टेकते रहे. शाम ढलते-ढलते कव्वाली की अंतिम महफिल के साथ उत्सव समापन की ओर बढ़ा, लेकिन सूफी प्रेमियों के दिलों में इसकी मिठास लंबे समय तक बनी रहेगी. यहां कई ग्रुप कव्वाली की गा रहे थे. खास बात यह है कि सूफी बसंत का हिस्सा सिर्फ एक विशेष धर्म के लोग नहीं होते हैं, बल्कि ईसाई, सिख और हिंदू भी होते हैं।

**दरगाह कमेटी की तरफ से की गई थी अपील**

दिल्ली की हजरत निज़ामुद्दीन औलिया दरगाह दरगाह की तरफ से 16 जनवरी को आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने एक पोस्ट किया जिसमें कहा गया, 'कृपया नकली पेजों और इंस्टाग्राम अकाउंट से सावधान रहें. जो सूफी बसंत कार्यक्रम के लिए टिकट बेच रहे हैं. हम सभी को स्पष्ट रूप से सूचित करना चाहते हैं कि सूफी बसंत हर साल दरगाह शरीफ में मनाया जाता है और यह पूरी तरह से मुफ्त है. सभी धर्मों के लोगों का दरगाह शरीफ आने और कार्यक्रम में मुफ्त में शामिल होने के लिए स्वागत है।'

## संक्षिप्त ख़बरें

### मुखर्जी नगर में कॉलेज छात्र का मोबाइल ले उड़ा बदमाश, पुलिस ने पीछा कर दबोचा; चोरी की स्कूटी भी बरामद



**बाहरी दिल्ली।** मुखर्जी नगर थाना क्षेत्र से कालेज जा रहे एक छात्र से मोबाइल फोन लूटने वाले एक बदमाश को पुलिस पीछा करने के बाद दबोच लिया। आरोपित के कब्जे से दो छीने गए मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही वारदात में इस्तेमाल चोरी की एक स्कूटी भी बरामद की है। आरोपित की पहचान करण उर्फ पवन उर्फ कड्डू के रूप में हुई है। जो पूर्व में एक झपटमारी के मामले में शामिल रहा है।

उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 22 जनवरी की रात करीब 08:15 बजे जब पुलिस टीम विजय नगर स्थित सिंगल स्टोरी फ्लैट के पास गश्त कर रही थी, तो उन्होंने एक व्यक्ति को स्कूटी से भागते हुए देखा इसके साथ ही एक अन्य व्यक्ति को शोर मचाते हुए मिला।

**कॉलेज जा रहा था छात्र**

टीम ने तुरंत पीछा कर संदिग्ध को स्कूटी सहित पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से छीना हुआ मोबाइल फोन बरामद हुआ। इस दौरान पीड़ित हर्ष नंदन भी मौके पर पहुंच गया। उसने बताया कि वह अपने किराये के कमरे से कालेज जा रहा था।

जब वह सिंगल स्टोरी, विजय नगर के पास पहुंचा, तभी पीछे से आए एक बाइक सवार ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार होने का प्रयास किया। पूछताछ के दौरान आरोपित की पहचान करण उर्फ पवन उर्फ कड्डू के रूप में हुई। सत्यापन के दौरान बरामद स्कूटी थाना कश्मीरी गेट क्षेत्र से चोरी की पाई गई।





## नेपाल कस्टम कर्मचारी द्वारा भारतीय व्यापारी के साथ अभद्रता का आरोप

**● कस्टम अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांचकर दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** भारत- नेपाल सीमा पर स्थित भैरहवा भंसार गेट पर तैनात एक कस्टम कर्मचारी द्वारा भारतीय व्यापारी के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। वहीं इस घटना को लेकर सोनौली के व्यापारियों में भारी आक्रोश है। शनिवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के नौतनवा तहसील अध्यक्ष सुभाष जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने भैरहवा कस्टम अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपकर दोषी कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार की शाम लगभग सात बजे सोनौली कस्बे के व्यापारी अतुल चंद्र जायसवाल अपने परिवार के साथ निजी कार से भैरहवा जा रहे थे। उनके पास नेपाल प्रवेश के लिए वैध सुविधा पास मौजूद था।

बावजूद इसके भंसार गेट पर ड्यूटी पर तैनात कस्टम कर्मचारी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया जिससे अतुल चंद्र और उनका परिवार मानसिक रूप से आहत है। घटना की जानकारी मिलते ही सोनौली के व्यापारिक संगठनों में रोष फैल गया। आक्रोशित व्यापारियों का एक दल बेलहिया भंसार कार्यालय पहुंचा और कस्टम अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांचकर दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में नेपाल-भारत मैत्री संघ बेलहिया के अध्यक्ष पशुपति कांदू, सोनौली व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, व्यापारी अतुल जायसवाल, नीरज जायसवाल, संजय सैनी, सोनू साहू और आनंद जायसवाल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल रहे।

## यूजीसी बिल के विरोध में उतरा हिंदू संगठन राष्ट्रपति से बिल को वापस लेने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सीतापुर** जनपद सीतापुर में केंद्र सरकार द्वारा जारी 'यूजीसी बिल' के विरोध में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर उतरकर नारेबाजी की। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा है संगठन ने इस बिल को समाज के एक विशेष वर्ग को प्रभावित करने वाला बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि 13 जनवरी 2026 को केंद्र सरकार द्वारा 'यूजीसी बिल' की अधिसूचना जारी की गई, जो विशेष रूप से समाज के एक वर्ग, विशेषकर सवर्ण जातियों को प्रभावित करने की मंशा से बनाई गई प्रतीत होती है। संगठन का तर्क है कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है और वहां किसी भी प्रकार की जातिगत भावना के आधार पर कानून बनाना समाज में विभाजन पैदा कर सकता है। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने आशंका जताई है कि यह बिल लागू होने की स्थिति में हिंदू समाज में आपसी वैमनस्य और विघटन की स्थिति उत्पन्न कर सकता है, जो देश और समाज के हित में नहीं है संगठन का कहना है कि शिक्षा व्यवस्था को समानता और समरसता के आधार पर चलाया जाना चाहिए, न कि किसी एक वर्ग को प्रभावित करने वाले प्रावधानों के जरिए। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की है कि यूजीसी बिल को वापस लिया जाए और समाज के सभी वर्गों, विशेषकर सवर्ण जातियों, के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समाज में समान अवसर और समानता बनाए रखने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की गई है। विकास हिन्दू ने बताया कि संगठन का उद्देश्य समाज में एकता बनाए रखना है और किसी भी ऐसे कानून का विरोध किया जाएगा, जो सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाता हो राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने विश्वास जताया है कि राष्ट्रपति इस विषय पर गंभीरता से विचार करेंगे और उचित निर्णय लेंगे!!

## दिल्लीः आदर्श नगर के बैंक्वेट हॉल की रसोई में धमाके के साथ लगी आग, 4-5 लोग गंभीर रूप से झुलसे



**बाहरी दिल्ली।** आदर्श नगर में द मेराकी बैंक्वेट हाल की रसोई में धमाके के साथ आग लग गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, रसोई में काम कर रहे चार से पांच लोग आग की चपेट में आने से झुलस गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच में पता चला कि रसोई में गैस लीकेज होने के कारण गैस पूरे रसोई में फैली हुई थी। जैसे ही चूल्हा जलाने की कोशिश की गई, तभी पूरे रसोई में आग फैल गई। यहां मौजूद सभी लोग इसकी चपेट में आ गए। पुलिस घायलों की जानकारी जुटा रही है।

## खनन माफियाओं द्वारा सड़क पर गिराई गई मिट्टी से सड़कों पर निकलना हुआ दूबर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/डडिया सफदर अली से नकटी नारायणपुर जाने वाली सड़क मार्ग पर ईट भट्ठों से मिट्टी भरकर गुजरने वाली ट्रॉलियों एवं खनन माफियाओं से गिरी मिट्टी के कारण सड़क पर अत्यधिक फिसलन हो गई है। शनिवार रात हुई बारिश के बाद यह स्थिति और गंभीर हो गई, जिससे इस रास्ते से गुजरना से निकलना भारी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, ईंट भट्ठों से मिट्टी भरकर ले जाने वाली ट्रॉलियां तेज रफ्तार से गुजरती हैं, जिससे मिट्टी सड़क पर गिर जाती है। हल्की बारिश होने पर यह मिट्टी दलदल में बदल जाती है, जिससे सड़क पर फिसलन बढ़ जाती है।

इस फिसलन भरी सड़क से बाइक सवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों और साइकिल से स्कूल जाने वाले छात्रों के चोटिल होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है यह हाल किसी एक सड़क का नहीं बल्कि प्रत्येक सड़क पर यही नजारा देखने को मिला जिसके तहत लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। गांव के जितेंद्र, जयपाल, हरीश गंगवार और तुलाराम सहित अन्य ग्रामीणों ने अवैध मिट्टी खनन पर रोक लगाने और बेखौफ ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि पुलिस को इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे इन लोगों के हौसले बुलंद हैं।

## युवराज मेहता की मौत के बाद भी सुरक्षा के अधूरे इंतजाम, 100 मीटर तक धंसी सड़क पर चल रहे वाहन; बचाव का नहीं है इंतजाम

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर-150 के जिस निर्माणाधीन बेसमेंट में भरे पानी में डूबकर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत हुई है। वहां पर अभी भी सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, बल्कि बेसमेंट का दूसरा किनारा घटनास्थल से कहीं अधिक खतरनाक है। करीब 100 मीटर दूरी तक किनारे की सड़क टूट कर पानी में गिरी है। रोड से हर समय वाहन चालकों की आवाजाही रहती है। एसआईटी टीम और विभिन्न विभागों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे थे, लेकिन जानलेवा रोड के किनारे को नजर अंदाज कर सुरक्षा के इंतजाम कराना मुनासिब नहीं समझा।

**जानमाल का जोखिम कम नहीं हुआ**

इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के बाद से सेक्टर-150 का टी प्वाइंट और निर्माणाधीन बेसमेंट व उसमें भरा करीब 30 फीट पानी चर्चा में है। टी प्वाइंट पर बैरिकेडिंग, डिवाइडर और रिफ्लेक्टर नहीं लगे होने से इंजीनियर यहीं पर दुर्घटना का शिकार हो गया था। अभी निर्माणाधीन बेसमेंट में भरे पानी से लोगों की जानमाल का जोखिम कम नहीं हुआ है।

## भ्रष्टाचार के आगे दबे एसडीओ और इंजीनियर ने साधी चुप्पी

**● नाली निर्माण कार्य में लोकल सरिया और घटिया क्वालिटी का सृमेंट हो रहा इस्तेमाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिनेश चौधरी की रिपोर्ट



**शहडोल।** जिले के करकटी पंचायत में नाली निर्माण कार्य हो रहा हैं जिसकी कीमत 3 लाख 79 हजार रुपये हैं जिसकी कुल लंबाई 120 मीटर के आसपास बताई गई हैं। जिसमें भारी भ्रष्टाचार किया गया हैं। ग्रामीणों का आरोप हैं कि नाली निर्माण के दौरान कम सरिया सहित अन्य मटेरियल का यूज किया गया हैं जिसमे नाली का गिरना लगभग तय ही माना जा रहा हैं।

नाली निर्माण कार्य मे भारी भ्रष्टाचार का हिस्सा बना हुआ हैं। आपको बता दें कि इस निर्माण कार्य में जो नाली निर्माण कार्य एस्टीमेट में दिखाया गया है उस प्रकार से नाली का निर्माण न करवाकर अपने मनमाने तरीके से करवाया जा रहा है, जिससे कि कम लागत में नाली का निर्माण किया जा सके और मैच कुछ ही महीना में नाली ढह जाने की स्थिति भी बनी रहेगी। जिससे यह साफ वक्त कहता है कि जिले में बैठे अधिकारी और निर्माण कार्य करवा रहे ग्राम पंचायत की संयुक्त मिली भगत से इस भ्रष्टाचार को एक अंजाम तक पहुँचाने की प्रयन्त किया जा रहा हैं।

**अधिकारियों की साठ गाठ से पंचायत सचिव सरपंच की बल्ले बल्ले**

ग्राम पंचायत में हो रहे इस निर्माण कार्य की बात करें तो चाहे नाली निर्माण कार्य य बाउंड्रीवाल य स्टॉपडेम निर्माण कार्य मे सचिव को कुछ जानकारी ही नहीं रहता आपको बता दे कि नाली सहित बाउंड्रीवाल की निर्माण कार्य मे भारी भ्रष्टाचार हो रहा हैं लेकिन लाख विरोध के बाद भी पंचायत अपने रवैये से बाज नहीं आ रहा । क्योंकि अगर अधिकारियों ऐसे भ्रष्टाचार के समर्थन करें तो आम व्यक्ति क्या ही कर सकता हैं।

**ग्राम पंचायत को पता ही नहीं कि एस्टीमेट में क्या मटेरियल**

प्राप्त सूचना के आधार में नाली में लग रहे मटेरियल और इस्टीमेट की जानकारी ग्राम पंचायत सचिव खोजवा को पता ही नहीं की कहां पर क्या मटेरियल लगाना है और कितना लगाना है , आपको बता दे कि महज 120 मीटर की नाली को एक सांप सीढ़ी की डिजाइन दिया गया और बात करें मटेरियल की तो लोकल सरिया लगाया जा रहा जिसकी कितने में लगाना हैं और कितना लगाना हैं कुछ पता ही नहीं सब भगवान भरोसे चल रहा हैं।

**इंजीनियर सहित एसडीओ की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत करकटी की मानो तो अधिकारियों के संरक्षण में फल फूल रहा हैं। क्योंकि कार्य कोई भी न तो कार्यों की जानकारी इंजीनियर को पता और न ही एसडीइओ को , जब भी इन अधिकारियों से अगर कोई भी जानकारी लेने चाहे तो फोन तो उठता ही नहीं । एक कहावत तो सुनी ही होगी अपने ढूढने पर भगवान मिल जायेंगे लेकिन हमारे शहडोल के इंजीनियर और एसडीईओ नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### शिवसेना ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, बाला साहब ठाकरे को किया नमन



**बस्ती।** बस्ती जिले में शिवसेना यूबीटी प्रदेश सचिव संजय प्रधान के संयोजन में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और शिव सेना संस्थापक बाला साहब ठाकरे की जयन्ती अवसर पर दोनों महापुरूषों को नमन् किया गया। इसी क्रम में पार्टी नेताओं ने फौव्वारा चौराहा पर स्थित नेताजी की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाने के बाद माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद् किया। इसके साथ ही अमहट घाट के निकट पौधरोपण के बाद सदस्यता अभियान चलाया गया। शिव सेना प्रदेश सचिव संजय प्रधान ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने 'तुम मुझे खून दो' मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा देकर देश को एकजुट करने के साथ ही आजादी दिलाई और बाला साहब ठाकरे ने भारत के नव निर्माण में योगदान के साथ ही हिन्दू हितों की रक्षा के लिये आजीवन संघर्ष किया। पूर्व जिला प्रमुख लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि यह संयोग ही है कि दोनों महापुरूषों की जयंती एक ही दिन है। हमें इनके बताये मार्ग पर चलकर देश को सशक्त बनाना होगा। जनपद में धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए सशक्त कदम उठाया जाएगा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और बाला साहब ठाकरे के चित्र पर माल्यार्पण करने वालों में शिवम प्रताप सिंह, सूरज शुक्ल, राम सेवक चौधरी, राम प्रकाश गौतम, अरूणेश, अमन, आदित्य, विजय कुमार, प्रियांशु, विद्यार्थी सेना प्रमुख प्रतीक मिश्र के साथ ही शिवसेना के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

### तेंदुए के हमले के बाद वन विभाग कर रहा जागरूक

**बलरामपुर के गांवों में जंगली जानवरों से बचाव के उपाय बताए ।**

**बलरामपुर-** जिले के हरैया सतघरवा क्षेत्र में सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के भांभर रेंज में पिछले माह तेंदुए के हमले में दो युवतियों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद वन विभाग ने आसपास के गांवों में जंगली जानवरों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है।यह जागरूकता अभियान बनकटवा और बरहवा रेंज के लौकी, तेंदुआनगर, भदवार, गनेशपुर वीट सहित चौधरीडीह, दक्षिणी खैरमान, उत्तरी खैरमान, रहटावल, पिपरा और नेवलगंज जैसे गांवों में चलाया जा रहा है। वन विभाग लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को सूचित कर रहा है कि जंगल में तेंदुआ या अन्य खतरनाक जानवर मौजूद हो सकते हैं। ग्रामीणों को जंगल के अंदर न जाने, सतर्क रहने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की सलाह दी जा रही है, ताकि भविष्य में किसी भी जनहानि से बचा जा सके। भांभर रेंज के रेंजर बीके सिंह परिमार ने वनकर्मियों को गांवों में भेजकर ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को भी भांभर रेंज में इसी तरह का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### निपुण भारत के लिए समाज का चाहिए सहयोग: कमर




**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के न्याय पंचायत बर्डपुर नम्बर 10 का शिक्षा चौपाल पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मधुबेनिया में सम्पन्न हुआ। जिसमें क्षेत्र के सभी शिक्षक, जनप्रतिनिधि, शिक्षा समितियों के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। शिक्षा चौपाल को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान बर्डपुर नम्बर 13 वज़हुल कमर ने कहा कि समाज के सहयोग के बिना निपुण भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। इसलिए हम सभी का दायित्व है कि सभी बच्चों को निर्धारित ड्रेस में बच्चों को स्कूल भेजें, जिससे कि बच्चे शिक्षा में निपुण लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकें। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि जन समुदाय के सहयोग के बिना निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों को हासिल नहीं किया जा सकता। शासन द्वारा सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा मुहैया कराई जा रही है। सभी को उसका लाभ लेकर बच्चों को अनिवार्य रूप से विद्यालय में भेजना चाहिए। कार्यक्रम का मकसद जन जागरूकता है। कार्यक्रम में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मधुबेनिया और सिसहनिया के बच्चों द्वारा स्वागत गीत और शिक्षा संबंधी लोकगीत प्रस्तुत किया गया, और कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल शिक्षक शमशुल हक ने किया। उक्त अवसर पर जगगल प्रसाद, मोहिउद्दीन, शब्बीर अनवर अंसारी, बैतुल्लाह, केशव मणि मिश्रा, कामिनी गुप्ता, नगमा बानो, हबीबा अजीज, मधुरानी, मनीषा, किरन दूबे, ममता गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

# दबंगों ने वृद्ध महिला जानलेवा हमला जमकर की पिटाई पैर हुआ फैक्चर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना वृद्ध महिला का पैर जख्मी होने के बावजूद भी किया 151 का चालान मौके पर पीड़िता चलने में असमर्थ लेकिन पुलिस के संवेदना इतनी मर चुकी है की घायल महिला का 151 में चालान कर दिया जबकि मौके पर पैर फैक्चर हुआ डॉक्टरी कराने में भी कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं जिस कारण महिला का इलाज नहीं हो पा रहा हैनाकाम साबित हो रहे हैं मामला कप्तानगंज थाना क्षेत्र के महुलानीगांव का है दबंग दबंग संतोष पुत्र जगन्नाथ संदीप पुत्र जगन्नाथ निरहा पत्नी जगन्नाथ सरिया लेकर लाठी डंडों से जमकर की पिटाई जिससे वृद्धि महिला जिनकना देवी जमीन पर पटक कर की जमकर पिटाई जैसे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तब जाकर वृद्ध महिला की जान बची दबंगों द्वारा जबरदस्ती उसके जमीन पर निर्माण कर रहे थे मना करने पर इस घटना को अंजाम दिया पीड़िता थाने पर पहुंची उसे अस्पताल एंबुलेंस द्वारा पहुंचा दिया गया ना कोई पुलिस कर्मी जिससे उसका कोई इलाज नहीं हो पाया लगातार कई दिनों से थाने के चक्कर काटने के बावजूद भी पुलिस ना तो एफ आई आर दर्ज किया ना ही मेडिकल कराया गया जिस महिला को घायल अवस्था में पुलिस छोड़कर के अस्पताल से फरार हो गई पुलिस अधीक्षक को पत्र देने के बावजूद भी कप्तानगंज पुलिस मुकदमा दर्ज करने में हीला हवाली किया और उल्टा ही घायल को ही चालान कर दिया विपक्षी द्वारा पुलिस मिली भगत से वृद्ध महिला को मुकदमा सुलह करने का दबाव बन जा रहा है मौके पर पुलिस जो है संवेदना मर चुकी है एफ आई आर दर्द तो कर लिया गया लेकिन उसमें करवाई अभी तक कुछ नहीं किया गया पीड़िता को दबंगों द्वारा धमकी दिया जा रहा है की जान से मार दिया जाएगा नहीं तो मुकदमा उठा लो और पुलिस भी दबंग का साथ दे रही है पीड़िता की मदद करने से पुलिस इनकार कर दिया है

## ब्लैकआउट मॉक ड्रिल को लेकर शास्त्री चौक पर पुलिस का जागरूकता मार्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में आज शाम 6 बजे नागरिक सुरक्षा एवं आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से राज्यव्यापी ब्लैकआउट मॉक ड्रिल के संदर्भ में गुरुवार को जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में शास्त्री चौक से अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान और अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत की अध्यक्षता में पुलिस बल द्वारा जागरूकता मार्च निकाला गया। मार्च में क्षेत्राधिकारी सदर शत्रुघ्न पाठक, क्षेत्राधिकारी सदर सतेंद्र भूषण, रुधौली ए यादव , सी. आर. ओ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बस्ती, अधिशासी अधिकारी बिजली विभाग, बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश चंद्र चौधरी, कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सभी चौकियों के प्रभारी सहित, पुलिस व अन्य पुलिस बल के जवान शामिल रहे। पुलिस कर्मियों ने मार्च के दौरान आम नागरिकों को ब्लैकआउट के महत्व, युद्ध अथवा हवाई हमले जैसी आपात स्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों तथा प्रशासन के साथ सहयोग की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ब्लैकआउट नागरिक सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण उपाय है। इसके तहत शाम छह बजे सायरन बजने पर घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और वाहनों की सभी लाइटें पूरी तरह बंद कर दी जाती हैं। साथ ही खिड़कियों पर मोटे पर्दे या काले कपड़े लगाकर यह सुनिश्चित किया जाता है कि बाहर किसी प्रकार का प्रकाश न निकले। इसका उद्देश्य संभावित हवाई हमले की स्थिति में दुश्मन को लक्ष्य पहचानने से रोकना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने लोगों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि यह मॉक ड्रिल केवल अभ्यास और जागरूकता के लिए है, इससे घबराने या किसी तरह की अफवाह फैलाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि निर्धारित समय पर शांतिपूर्वक सहयोग करें, लाइटें बंद रखें और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस, सिविल डिफेंस तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह बताया कि शासन के मनसा के अनुरूप किसी भी हवाई हमले सहित आपदा से निपटने के लिए इस मॉक ड्रिल का अभ्यास तैयारी के लिए किया गया

उन्होंने बताया कि दौरान सभी लाइटों को बंद करवा दिया गया तथा वाहनों के लाइटों को भी बंद करवाया गया एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि ऑटोमेटिक स्विच ऑन लाइट वाले सभी वाहनों के मालिकों एवं चालकों को यह निर्देश दिया गया है ऐसे समय वह जहां पर हों वहीं पर अपनी गाड़ी को बंद कर खड़े हो जाए प्रशासन के अनुसार यह अभियान जिले में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आपदा अथवा आपात स्थितियों में समन्वित प्रतिक्रिया को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम है।मॉक ड्रिल के दौरान प्रशासन के अलावा आम नागरिको नें भी पूरी तरह सहयोग किया।

## बलरामपुर में अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह गिरफ्तार: चुराए गए 11 मोबाइल, जेवरात और बाइक बरामद, कई घटनाओं में था शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** पुलिस को जनपद में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर लगाम कसने में बड़ी सफलता मिली है। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने एक अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 11 चोरी के मोबाइल फोन, सोने-चांदी के जेवरात, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और हथियार बरामद किए हैं।यह कार्रवाई तब शुरू हुई जब 22 जनवरी 2026 को थाना रेहरा बाजार में मोबाइल चोरी की अलग-अलग घटनाओं को लेकर दो मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 जनवरी 2026 को दतौली बॉर्डर के पास से तीन अभियुक्तों रुपेश यादव, हरीश पाण्डेय उर्फ हगड़ा और शोएब शेख उर्फ बाबू को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए चोरी व नकबजनी की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरोह मोटरसाइकिल से गांवों व कस्बों में घूमकर सूने मकानों व दुकानों की रेकी करता था और मौका पाकर चोरी कर माल सस्ते दामों में बेच देता था। बरामदगी में एक जोड़ी चांदी की ब्रासलेट, पीली धातु का लॉकेट लगा चैन, 11 विभिन्न कंपनियों के चोरी के मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त रायडर मोटरसाइकिल, बांका, छैनी और कैंची शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी लंबा है। वे पूर्व में भी कई चोरी व लूट की घटनाओं में संलिप्त रह चुके हैं। पुलिस ने बरामद माल के साथ तीनों अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक नन्दकेश तिवारी, उपनिरीक्षक प्रभात पाल, हेड कांस्टेबल आदित्य कुमार राय, कांस्टेबल सुशील सिंह, रमेश वर्मा और रोहिताश्व चौहान शामिल थे।

## एसपी अमेठी ने किया उरेरमऊ में नवनिर्मित पुलिस चौकी का भव्य उद्घाटन

**●क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, तहसीलदार राहुल सिंह ,थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा, चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश तिवारी सहित हजारों गणमान्य लोग रहे मौजूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**शुकुल बाजार अमेठी।** जनपद अमेठी के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी उरेरमऊ का शुभारंभ सोमवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक ने फीता काटकर चौकी का विधिवत उद्घाटन किया।शुकुल बाजार थाना से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित यह नव निर्मित पुलिस चौकी क्षेत्रवासियों की सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अयोध्या बॉर्डर एवं विश्व विख्यात अति प्राचीन मां कामाख्या धाम के समीप स्थित होने के कारण यह चौकी सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस चौकी की स्थापना से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आम जनमानस को त्वरित न्याय एवं सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जनसंपर्क मजबूत करते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, तहसीलदार राहुल सिंह, थाना अध्यक्ष शुकुल बाजार विवेक वर्मा, चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश तिवारी सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, ग्राम प्रधान ननकी यादव, पत्रकार दीपक पाठक सहित क्षेत्र के हजारों गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पुलिस चौकी के उद्घाटन से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल देखने को मिला और लोगों ने इसे सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती देने वाला कदम बताया।

## थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में थाना दिवस हुआ संपन्न

**●थाना दिवस समाधान दिवस में 6 शिकायतें दर्ज, 2 का मौके पर हुआ त्वरित निस्तारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बाजार शुकुल।** थाना परिसर में थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में थाना दिवस समाधान दिवस का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। समाधान दिवस के दौरान कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया गया है, जो संबंधित स्थानों पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करेगी।

थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। समाधान दिवस के दौरान फरियादियों के लिए बैठने, उठने एवं जलपान की उत्तम व्यवस्था भी कराई गई, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।थाना अध्यक्ष ने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित एवं न्यायपूर्ण समाधान करना है, ताकि आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो सके।

## 77वें गणतंत्र दिवस से पूर्व परेड ग्राउंड पर पुलिस का ग्रैंड रिहर्सल



**हमीरपुर :-**पुलिस लाइन हमीरपुर के परेड ग्राउंड में 77वें गणतंत्र दिवस के सफल एवं गरिमामय आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए हमीरपुर पुलिस द्वारा भव्य परेड का ग्रैंड रिहर्सल आयोजित किया गया। रिहर्सल के दौरान पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने परेड में सम्मिलित सभी टुकड़ियों की ड्रिल, अनुशासन, समन्वय, मार्च-पास्ट, सलामी, ध्वज वंदन एवं अन्य समस्त मुवमेंट्स का बारीकी से निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस बल द्वारा अत्यंत अनुशासित, समर्पित एवं समन्वित प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने रिहर्सल के बाद दिनांक गणतंत्र दिवस को आयोजित होने वाले 77 समारोह को और अधिक भव्य, प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, साथ ही परेड की उत्कृष्टता, समयबद्धता, एकरूपता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

## विकसित भारत जी राम जी योजना अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस पहल है -सतीश शर्मा

**●विकसित भारत @ 2047 के संकल्प के साथ ग्रामीण रोजगार और आजीविका को नई गति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गौरीगंज, अमेठी।**जनपद मुख्यालय पर स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमन्त्री एवं प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत अब केवल योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास का भागीदार बन रहा है। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस पहल है।उन्होंने कहा कि भाजपा का ग्रामीण विकास मॉडल जरूरत-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर उत्पादकता, परिवर्तन और भविष्य-उन्मुख विकास पर आधारित है, जो सीधे विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य से जुड़ा हुआ है।प्रभारी मंत्री ने बताया कि VB-G RAM G विकसित भारत गारंटी का रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीणअधिनियम के तहत रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास को एकीकृत दृष्टि से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके अंतर्गतहर ग्रामीण परिवार को 125 दिन का सुनिश्चित रोजगार, बेहतर और अनुमानित आजीविका सुरक्षा, उच्च गुणवत्ता की स्थायी ग्रामीण परिसंपत्तियों का निर्माण, तकनीक आधारित पारदर्शिता से भ्रष्टाचार पर अंकुश,केंद्र-राज्य की जवाबदेह साझेदारी, ग्राम स्तरीय योजनाओं का राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्राथमिकताओं से समन्वय किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त किया गया है, वहीं युवाओं को कौशल विकास और स्थानीय रोजगार से जोड़कर पलायन रोकने का प्रभावी कार्य किया जा रहा है।भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की मजबूत नींव सशक्त और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत है, और भाजपा उसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला सहित कार्यालय पर कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कप्तान साहब खाकी को ढाल बना रहे स्पा माफिया, क्या आप तोड़ेंगे यह अपवित्र गठबंधन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में मसाज पार्लरों की आड़ में चल रहा जिस्मफरोशी का काला साम्राज्य अब किसी से छिपा नहीं है। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इस 'गंदे धंधे' के सौदागर अब पुलिस (खाकी) को अपनी ढाल बनाकर सरेआम चुनौती दे रहे हैं। सवाल यह है कि क्या बस्ती पुलिस इन माफियाओं के सामने नतमस्तक है या फिर यह मौन किसी 'बड़े खेल' का हिस्सा है?

**सिस्टम जेब में है' स्पा माफिया का दुस्साहस**

हाल ही में एक स्पा संचालक विक्की चौहान का जो कबूलनामा सामने आया है, उसने खाकी की साख पर गहरा बट्टा लगा दिया है। उसका यह दावा कि 'सिस्टम मेरी जेब में है और पुलिस से हमारी पक्की सेटिंग है ', यह बताने के लिए काफी है कि अपराधियों के मन से कानून का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है। सरेआम यह स्वीकार करना कि लड़कियां नेपाल से बुलाई जाती हैं और पुलिस का कोई डर नहीं है, सीधे तौर पर जिले की कानून व्यवस्था को अंगूठा दिखाने जैसा है।

DIG के आदेश की अवहेलना: क्या कप्तान के आदेश अब फाइलों में दबेंगे?हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर मामले में रेंज के सबसे बड़े अधिकारी, DIG बस्ती परिक्षेत्र ने खुद संज्ञान लिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर कार्रवाई 'शून्य' रही। न तो संदिग्ध स्पा सेंटरों पर ताले लटके और न ही विक्की चौहान जैसे गुर्गो पर शिकंजा कसा गया। क्या जिले के थाना स्तर के अधिकारी अपने उच्चाधिकारियों के आदेशों को रद्दी की टोकरी में डाल रहे हैं?

**पुलिस की 'संदिग्ध चुप्पी' के मायने क्या?**

जब 'जन एक्सप्रेस' की टीम ने इस मामले की तह तक जाने की कोशिश की और शहर कोतवाल से उनका पक्ष जानना चाहा, तो जवाब गैर-जिम्मेदाराना मिला। जनता पूछ रही है: आखिर छापेमारी में देरी क्यों की जा रही है?क्या अपराधियों को भागने और साक्ष्य मिटाने का मौका दिया जा रहा है?क्या पुलिस की चुप्पी इस 'अपवित्र गठबंधन' पर मुहर नहीं लगाती?

**मैदान में उतरिए कप्तान साहब!**

बस्ती की जनता अब आपकी ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। अगर अब भी पुलिस ने कड़ा रुख नहीं अपनाया, तो स्पा का यह 'काला सच' जांच की फाइलों में ही दफन होकर रह जाएगा। जिले की मर्यादा को तार-तार करने वाले इन सफेदपोश अपराधियों और उनके मददगारों को बेनकाब करना अब आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।मसाज की आड़ में जिस्म का बाजार सजाने वाले ये माफिया तभी तक शेर हैं, जब तक इन्हें खाकी की शह प्राप्त है। कप्तान साहब, क्या आप इस 'सेटिंग' के तिलस्म को तोड़कर बस्ती की गलियों से इस गंदगी का सफाया करेंगे?

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीएम ने दिलाई निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान की शपथ

**●जनपद के सभी कार्यालयों में आयोजित हुआ मतदाता शपथ कार्यक्रम।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।**16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विपिन कुमार जैन द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्पक्ष, निर्भीक एवं प्रलोभन-मुक्त मतदान की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान पर आधारित है, तथा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे आमजन को मतदाता जागरूकता के लिए प्रेरित करें तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना, उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना एवं मतदाता सहभागिता बढ़ाना है।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।इसके साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त शासकीय कार्यालयों, विभागों एवं संस्थानों में मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निष्पक्ष एवं प्रलोभन-मुक्त मतदान की शपथ ली गई।कार्यक्रम के माध्यम से जनमानस को यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है, और प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए।इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम न्यायिक व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# स्वास्थ्य विभाग एवं गिफ्टएबल्ड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** स्वास्थ्य विभाग एवं गिफ्टएबल्ड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों के लिए मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए 43 दिव्यांग बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। शिविर में मुख्य रूप से सेरेब्रल पैलसी(सीपी) एवं बहुविकलांगता से ग्रसित बच्चों को शामिल किया गया। यह शिविर गुलाबी भवन गिफ्टएबल्ड फाउंडेशन कलेक्ट्रेट मोड़ बड़ा धुसाह बलरामपुर में आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी बिपिन कुमार जैन द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के समुचित उपचार, पुनर्वास और सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐसे शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं गिफ्टएबल्ड फाउंडेशन के इस संयुक्त प्रयास की सराहना की। शिविर के दौरान बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. संजय खत्री, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज बहराइच एवं डॉ. शिवम् मधेशिया, न्यूरो सर्जन द्वारा किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों की शारीरिक एवं तंत्रिका संबंधी समस्याओं का गहन परीक्षण कर अभिभावकों को उपचार, फॉलोअप एवं आवश्यक थेरेपी से संबंधित परामर्श दिया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि नंदन त्रिपाठी, डॉ. महताब आलम बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ सिंह डॉ सुनील यादव, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय, रोटरी क्लब से डॉ. अजय प्रकाश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में बच्चों के अभिभावकों को उपचार की आगे की प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं एवं पुनर्वास सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। सीएमओ ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई गई, जिससे दिव्यांग बच्चों को समय पर विशेषज्ञ उपचार एवं सहयोग मिल सके।

# संक्षिप्त खबरें

## 9 इंच लंबी मूंछें बनी पहचान,पूरे क्षेत्र में हैं चर्चा का विषय



**लालगंज (रायबरेली):** दतौली गांव निवासी परमसुख पुत्र रामेश्वर कोरी (उम्र लगभग 65 वर्ष) अपनी अनोखी और करीब 9 इंच लंबी मूंछों को लेकर पूरे क्षेत्र में अलग पहचान रखते हैं। उनकी मूंछें न सिर्फ उनकी शान हैं, बल्कि वर्षों से उनकी पहचान भी बन चुकी हैं। परमसुख बताते हैं कि उन्होंने अपने पूरे जीवन में केवल एक बार ही मूंछों की कटाई कराई थी, उसके बाद आज तक कभी मूंछें नहीं कटवाई। उनका मानना है कि मूंछें मर्द की शान होती हैं और सम्मान का प्रतीक भी। परमसुख के दो बेटे अजय और विजय रोज़गार के सिलसिले में परदेश में नौकरी करते हैं, जबकि वे स्वयं गांव में पत्नी रामरानी के साथ रहते हैं। जीवनयापन के लिए उन्हें सरकारी वृद्धा पेंशन मिलती है और साथ ही बकरी पालन कर वे अपना गुजर-बसर करते हैं। मूंछों के शौक को लेकर परमसुख का कहना है, 'आज के ज़माने में युवाओं के शौक बदल गए हैं, लेकिन हमारी पीढ़ी में मूंछें सम्मान और पहचान का प्रतीक थीं। 'आज भी परमसुख की मूंछें गांव ही नहीं, बल्कि आसपास के इलाकों में भी चर्चा का विषय बनी हुई हैं और लोग उन्हें इसी अनोखी पहचान से जानते हैं।

## तहसील मलिहाबाद में सफल आयोजन पर अधिवक्ताओं में उत्साह, बार एसोसिएशन ने जताया आभार



**मलिहाबाद।** शनिवार तहसील मलिहाबाद में आयोजित कार्यक्रम की सफलता पर मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजकों की ओर से मलिहाबाद बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता साथियों का हृदय की अनंत गहराइयों से आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं के स्नेह, सहयोग और सहभागिता से ही यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं मंच संचालक राम सिंह यादव द्वारा किए गए कुशल संचालन, सूझबूझ और विद्वत्तापूर्ण प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मंच संचालन में उनका योगदान स्मरणीय रहेगा और संपूर्ण अधिवक्ता समाज उनका सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, सदस्य अभिषेक द्विवेदी, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य शुभम तिवारी, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रखर तिवारी एवं एडवोकेट महेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहयोग की भी विशेष सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता समाज की एकता और गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लेते हुए 'जय हिंद, जय अधिवक्ता समाज' के नारे के साथ आयोजन का समापन किया गया।

## सड़क पर अनुशासन बनाए रखना बेहद जरूरी: डॉ. पुष्पा

**सीतापुर।** रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान मे पुलिस विभाग के सहयोग से हिन्दू कन्या महाविद्यालय में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संगोष्ठी का संचालन डॉ. वंदना सिंह द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत डॉ. अंजना रामजी यादव द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नेहा कुमारी द्वारा किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस विभाग से अंजलि श्रीवास्तव एवं पिंकी सिंह ने छात्राओं के समक्ष अपने विचार रखे। समाजशास्त्र विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. पुष्पा देवी गुप्ता ने भी छात्राओं को यातायात के नियमों को बताया एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सड़क पर अनुशासन और जागरूकता की आवश्यकता है हमेशा सीट बेल्ट और हेलमेट पहनें, गति सीमा का पालन करें, मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। ड्राइविंग के दौरान फोन का उपयोग ध्यान भटकाता है और जानलेवा साबित हो सकता है। नशीले पदार्थ के सेवन के बाद ड्राइविंग करना खतरनाक हो सकता है। यातायात संकेतों का पालन करें, रेड लाइट जंप करना या सिग्नल तोड़ना दुर्घटनाओं को न्योता देना है। सड़क पर अनुशासन बनाए रखना बेहद जरूरी है। गलत दिशा में गाड़ी न चलाएं और धैर्यपूर्वक ट्रैफिक नियमों का पालन करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं, छात्राओं एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# बाइक की टंकी ब्लास्ट युवक जला जिंदा नाइट ड्यूटी करने जा रहा था, साथी गंभीर रूप से झुलसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक की टंकी फट गई। फिर पूरी बाइक आग का गोला बन गई एक युवक जिंदा जल गया। दूसरा युवक बुरी तरह झुलस गया। राहगीरों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक एक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। गौरव तिवारी (21) और सियाराम (23) मिल में मजदूरी करते थे नाइट शिफ्ट की ड्यूटी के लिए बाइक से जा रहे थे। हादसा जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर रामकोट थाना क्षेत्र में हुआ। गौरव तिवारी और सियाराम मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र की नई बस्ती के रहने वाले थे। दोनों की शुक्रवार को नाइट ड्यूटी थी। शुक्रवार शाम एक ही बाइक से दोनों मिल के लिए निकले। रात 9 बजे के करीब रामकोट थाना क्षेत्र के रायपुर गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। गिरते ही बाइक की टंकी फट गई और चिंगारी निकलते ही आग लग गई। कुछ ही पलों में बाइक में आग लग गई। बाइक चला रहा गौरव तिवारी आग में घिर गया और बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। गौरव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा सियाराम भी गंभीर रूप से झुलस गया राहगीरों और ग्रामीणों की सूचना पर रामकोट थाना पुलिस दमकल के साथ पहुंची और आग पर काबू पाया। झुलसे सियाराम को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल



भेजा गया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है रामकोट प्रभारी सुरेश पटेल के अनुसार, हादसे में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है घटना की सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पिता वीरेंद्र ने बताया- गौरव ने दिवाली के मौके पर नई बाइक खरीदी थी, जिससे वह रोजाना मिल में मजदूरी करने जाया करता था!!

## भतीजे ने जमीन विवा में चाचा की की हत्या

### ● तीन गिरफ्तार, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर**–उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में जमीन विवाद के चलते एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर दी गई। यह घटना कोतवाली नगर के चुनहा क्षेत्र में हुई है। मृतक की बहन ने इस मामले में तौकीर हुसैन उर्फ हबीब हुसैन, खादिम हुसैन उर्फ हसन अब्बास, बिल्किस बानो और शोएब सहित कई अन्य अज्ञात लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों के अनुसार, आरोपी लंबे समय से मृतक को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। जमीन का विवाद दीवानी और कलेक्ट्रेट में विचाराधीन है। परिवार का कहना है कि उनकी भाभी भी लखनऊ में भर्ती हैं।

मृतक के परिवार ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उन्होंने कई बार थाने में शिकायतें दीं और एफआईआर दर्ज करने की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर खादिम पुत्र हसन अब्बास, बिलकिश बानो पत्नी हसन अब्बास और शकीना बानो पत्नी खादिम (निवासीगण चुनहा करौदिया देहात, थाना कोतवाली नगर) के खिलाफ मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों को दिलाई गई मतदाता शपथ

**रायबरेली:** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष की 25 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को जनपद स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2026 को साप्ताहिक अवकाश है। साप्ताहिक अवकाश की स्थिति में संबंधित शासकीय कार्यालय बंद रहेंगे। उपरोक्त के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज शनिवार को जनपद के सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता शपथ दिलाई गई।

## गणतंत्र दिवस परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल एसपी ने खामियां दूर कर भव्य आयोजन के दिए निर्देश, परेड कमांडर ने ली सलामी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित रूप देने के उद्देश्य से शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन सीतापुर के परेड ग्राउंड में रैतिक परेड का फुल ड्रेस पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया यह पूर्वाभ्यास पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ। रिर्हसल के दौरान मिली कमियों को एसपी ने दुरुस्त करने के निर्देश दिए है पूर्वाभ्यास के दौरान क्षेत्राधिकारी परेड कमांडर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की टोलियों ने परेड में भाग लिया। इसके साथ ही रिक्रूट महिला पुलिसकर्मी, एनसीसी कैडेट्स की टोलियां, आपात सेवा 112 की दो पहिया एवं चार पहिया पीआरवी वाहन (पुरुष एवं महिला), फायर सर्विस, महिला सुरक्षा दल तथा स्कूली बच्चों ने भी अभ्यास में सहभागिता की। सभी टोलियों ने निर्धारित क्रम और अनुशासन के साथ परेड अभ्यास कर अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने परेड में शामिल प्रतिभागियों एवं अन्य कार्यक्रमों का गहन अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने परेड को और अधिक सुव्यवस्थित,आकर्षक एवं सुसज्जित बनाने पर जोर दिया इसके साथ ही समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने, नियमानुसार टर्नआउट बनाए रखने तथा अनुशासन का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह,



जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक तथा विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की फुल ड्रेस रिहर्सल के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि सीतापुर पुलिस एवं अन्य सहभागी दल गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय एवं यादगार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं!!

## उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

### ●मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की बदल रही तस्वीर- मयंकेश्वर शरण सिंह

### उ0प्र0 विकास व विरासत के पथ पर आगे बढ़ रहा- राज्यमंत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर उ0प्र0 दिवस-2026 का आयोजन प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित किया गया, राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्र प्रेरणा स्थल, बसंत कुंज लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मा0 गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह एवं मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जनपद में जीआईसी ग्राउंड में उ0प्र0 दिवस-2026 के जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ''विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश'' थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री एवं संसदीय कार्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उ0प्र0 सरकार मयंकेश्वर शरण सिंह, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई तथा लखनऊ मण्डल पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें रायबरेली के ऐतिहासिक, पौराणिक व सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया। सूचना एवं संस्कृति विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिसमें रायबरेली के अजय जादूगर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके पश्चात लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा अतिथिगणों के उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, धनराशि के डमी चेक एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत टूलकिट/उपकरण वितरण, कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत ट्रैक्टर चाबी/ड्रोन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के तहत लाभार्थियों को लैपटॉप, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, समूह की महिलाओं सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र/स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।

इस अवसर पर राज्य मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 24 जनवरी को प्रदेश के स्थापना दिवस (यू0पी0 दिवस) के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यू0पी0 दिवस 2026 के आयोजन की थीम-विकसित उत्तर प्रदेश है, जो राज्य की समृद्ध विरासत और आधुनिक प्रगति को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश का गठन हुआ था। वर्ष 2017 में सरकार बनने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने निर्णय लिया कि उत्तर




प्रदेश के स्थापना दिवस पर प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की लोक संस्कृति, संगीत और पारम्परिक कलाओं की झलक प्रस्तुत की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और समृद्ध बनाने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हैं, उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश विकास व विरासत के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें मंच प्रदान किया जा रहा है उ0प्र0 गौरव के सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश का गौरव बढ़ रहा है। मंच का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण, शिवेन्द्र सिंह, मुकेश श्रीवास्तव एवं विभिन्न विभागों के योजनाओं के लाभार्थीगण व जनसामान्य उपस्थित रहें।

## मोहम्मद हसीन अंसारी ने कक्षा एक की छात्रा द्वारा बनाई गई स्कैच पेंटिंग जिलाधिकारी को करी भेंट



**लहरपुर सीतापुर** उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने जिलाधिकारी सीतापुर को कक्षा एक की छात्रा आयशा के द्वारा बनाई गई। जिलाधिकारी राजा गणपति आर की स्क्रैच पेंटिंग को भेंट किया और उन्होंने बताया राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य हर बालिका को पालने पोसने और शिक्षित बनाने के लिए प्रेरित करता है और बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को दर्शाता है सरकार का प्रयास बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बालिका हित में निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में हमारी प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार अथक प्रयास कर रही है मिशन शक्ति का कार्यक्रम इस क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल कर रहा है।

## सुल्तानपुर में शंकराचार्य के अपमान पर पोस्टर वार

### ● कलेक्ट्रेट के बगल कांग्रेस नेता ने लगाई होर्डिंग, लिखा- शंकराचार्य का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर**- कलेक्ट्रेट के ठीक बगल एक होर्डिंग ने जिले की राजनीति में हलचल मचा दी है। युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी द्वारा लगाए गए इस होर्डिंग पर लिखा है, 'शंकराचार्य का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

सुब्रत सिंह ने मीडिया को दिए बयान में आरोप लगाया कि प्रयागराज मेले में जगतगुरु शंकराचार्य और उनके शिष्यों के साथ सरकार तथा प्रशासन ने अभद्रता की। उन्होंने बताया कि शिष्यों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की गई, यहां तक कि उनकी चोटी पकड़कर घसीटा गया। पुलिस प्रशासन पर लाठियां बरसाने का भी आरोप है, जिसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि




भाजपा खुद को हिंदुओं की सरकार बताती है। उन्होंने सवाल किया, 'इस देश में शंकराचार्य से बड़ा हिंदू कौन है? जब भगवान शिव का अवतार कहे जाने वाले शंकराचार्य के साथ ऐसा हो रहा है, तो भाजपा सरकार में हिंदू कहां सुरक्षित हैं?

उन्होंने आगे कहा कि शंकराचार्य के शिष्यों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है, उनके साथ अभद्रता हो रही है और उन्हें स्नान करने से रोका जा रहा है। कांग्रेस नेता ने भाजपा के 'सबके साथ' और 'सनातन की सरकार' के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब इस मामले पर भाजपा नेताओं से पूछा जाता है, तो वे कोई जवाब नहीं देते और कन्नी काट लेते हैं।

# योगी के समर्थन में उतरे ओपी राजभर

### ● प्रयागराज शंकराचार्य से जुड़ा मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर**- शनिवार को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर पहुंचे। उन्होंने मीडिया बात करते हुए कहा कानून का राज है, संविधान से देश चल रहा है। कानून को अपने हाथ में लेना चाहते हैं तो प्रशासन है अनुमति ले लीजिये। एक तरफ जनता कह रही वीआईपी कल्चर खत्म होना चाहिए अब उसी कल्चर को मांग रहे हो। मांग रहे हो तो सिस्टम से मांग लो न। अपने मन से बिना परमिशन कही घुस जाओ कोई बात हो जाए तो जिम्मेदारी किसकी होगी सरकार की होगी। तब तो उंगली उठ जाएगी सरकार सुरक्षा नहीं दे पाई तो अनुमति लेकर जाना चाहिए।

योगी के कालनेमी वाले बयान पर राजभर ने कहा मुख्यमंत्री की मंशा है कि हनुमान जी लक्ष्मण जी की जान बचाने के लिए जा रहे थे। संजीवनी बूटी लाने जा रहे थे तो कालनेमी आया था न। बीच में रोड़ा पड़ा तो यहां लोग आस्था के साथ स्नान करने आ रहे हैं तो आप बाधा बन रहे हैं। आपको भी स्नान करके अपने घर जाना चाहिए। मंदिर में बैठकर पूजा पाठ करना चाहिए यहां बैठकर सरकार से और आपस में टकराहट का क्या फायदा है। पंचायत चुनाव टलने के सवाल पर उन्होने कहा ये मीडिया की उपज है, अभी सब लोग जान रहे हैं एसआईआर का कार्य 6 फ़रवरी तक चल रहा है। मत पत्र की छपाई हो रही है जो आपत्तिया मांगी गई उसका निस्तारण हो रहा है। चुनाव समय पर होगा।

## तेज़ रफ़्तार का कहर डंपर ने मोटरसाइकिल को मारी जोरदार टक्कर हुई युवती की मौत, चालक वाहन सहित फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र के रेउसा-महमूदाबाद मार्ग पर ग्राम धुरिया के पास शुक्रवार शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। धुरिया पुलिया के निकट एक अज्ञात डंपर ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे 22 वर्षीय युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती के पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए जानकारी के अनुसार बहलोल नगर कटरा निवासी आलमगीर अपनी बेटी माबिया पत्नी इरशाद और पोता समीर के साथ मोटरसाइकिल संख्या क्र34 ष्ट्ठ 4735 (स्प्लेंडर प्लस) से ससुराल से मायके की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह धुरिया पुलिया के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि माबिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आलमगीर और समीर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गोडैचा चौकी प्रभारी अरविंद यादव, दीवान रामदुलारे और कांस्टेबल शुभम तिवारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा भिजवाया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे के



बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर अज्ञात डंपर और उसके चालक की तलाश की जा रही है माबिया की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी!!

## राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय महमूदाबाद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं बसंत पंचमी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** विश्व मानव अधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय, महमूदाबाद स्थित एम.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल परिसर, मोहल्ला रमुआपुर, जनपद सीतापुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती एवं बसंत पंचमी का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम माननीय एस.एस. दिनकर राष्ट्रीय संरक्षक भारत के मार्गदर्शन में तथा माननीया नीतू सिंह दिनकर राष्ट्रीय अध्यक्षा भारत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं माता सरस्वती जी की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर नेताजी को नमन किया तथा माता सरस्वती से ज्ञान, विवेक एवं सद्बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल, जिला एवं तहसील स्तर के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से रवि लाल रस्तोगी (राष्ट्रीय महासचिव), ओम प्रकाश पाण्डेय (राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी), अनुज कुमार जैन (राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख एवं न्यूज़ एडिटर), ज्योतिष श्रीवास्तव, जयप्रकाश रावत राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी, चक्र सुदर्शन पाण्डेय (प्रदेश न्याय एवं विधि सलाहकार मंत्री), महंत रामभूषण मंडल अध्यक्ष लखनऊ,सुधीर कुमार वर्मा (मंडल लेखा कार्यालय प्रभारी), रामानंद शुक्ला जिला संरक्षक, सुधीर मिश्रा (जिला मीडिया प्रभारी), शिवदास (तहसील संयोजक), अशोक कुमार वर्मा नगर अध्यक्ष महमूदाबाद, सपना श्रीवास्तव (युवा महिला सशक्तिकरण मानवाधिकार मोर्चा, राष्ट्रीय अध्यक्ष) सहित अनिल वर्मा, ओमप्रकाश शुक्ला, विवेक कुमार विश्वकर्मा, प्रियंका गुप्ता, मुजीब अहमद, सुधीर चौहान, पंकज



कुमार वर्मा, तेज भान यादव, पंकज गुप्ता, विवेक वर्मा, अरविंद वर्मा, बैजनाथ रावत, शोभाराम वर्मा, राजाराम कन्नौजिया, शिव कुमार, दीपक मौर्य, रुद्र नारायण रस्तोगी, रोहित मिश्रा आदि बड़ी संख्या में सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रनिर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया तथा बसंत पंचमी के अवसर पर शिक्षा, संस्कृति और मानवाधिकारों के संरक्षण हेतु निरंतर कार्य करने का संदेश दिया गया।

## सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन की ऐतिहासिक जीत, मैत्री क्रिकेट फाइनल में इनकम टैक्स बार को 38 रनों से हराया

### ● .....रोमांच, अनुशासन और खेल भावना से भरपूर रहा फाइनल मुकाबला, अनुराग बाजपेई बने मैन ऑफ द मैच।

**लखनऊ।** सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, लखनऊ एवं इनकम टैक्स बार एसोसिएशन, लखनऊ के मध्य आयोजित मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को सेज क्रिकेट अकादमी, गोमती नगर (1090 चौराहा के निकट) में खेला गया, जो रोमांच, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बना। टॉस जीतकर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के कप्तान ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, जिसके बाद बल्लेबाजी करते हुए सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन की टीम ने संतुलित एवं आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित ओवरों में 147 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की टीम सेल्स टैक्स बार के गेंदबाजों के दबाव



में शुरू से ही संघर्ष करती नजर आई और सटीक लाइन-लेंथ व धारदार गेंदबाजी के सामने उसके विकेट लगातार गिरते चले गए, परिणामस्वरूप टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी और सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन ने यह फाइनल मुकाबला 38 रनों से जीतकर ऐतिहासिक विजय दर्ज की।

शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए अनुराग बाजपेई को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जबकि बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार दीपक तिवारी एवं धीरेंद्र कुमार वर्मा को संयुक्त रूप से मिला, बेस्ट बॉलर का सम्मान विजय कश्यप तथा बेस्ट फील्डर का पुरस्कार सुमित बाजपेई को प्रदान किया गया। पूरे मुकाबले के दौरान दोनों बार



एसोसिएशनों के सदस्यों और अधिवक्ताओं से मैदान खचाखच भरा रहा। मैच के उपरांत विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई, इस अवसर पर सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्र एवं महामंत्री शिव कुमार पाण्डेय सहित दोनों संगठनों के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। महामंत्री शिव कुमार पाण्डेय ने इस जीत को पूरे संघ के लिए गर्व का विषय बताते हुए खेल समिति के चेयरमैन मुकेश गौड़ के निर्देशन में पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि ऐसे मैत्रीपूर्ण आयोजन दोनों बार एसोसिएशनों के बीच सौहार्द, भाईचारे और खेल भावना को और अधिक सशक्त करते हैं, जो भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय एकता के महायज्ञ को पूरा करने के लिए संकल्प ले, आगे आये

26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस केवल एक तारीख नहीं है, यह भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का उत्सव है। यह वह ऐतिहासिक दिन है जब भारत ने स्वयं को केवल आज़ाद राष्ट्र ही नहीं बल्कि एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। इस दिन हमने अपने संविधान को अपनाया, जिसने हमें अधिकार ही नहीं दिए बल्कि कर्तव्यों की याद भी दिलाई। गणतंत्र दिवस हमें यह समझाता है कि राष्ट्र केवल सरकार से नहीं बनता, बल्कि हर नागरिक के आचरण, सोच और कर्म से बनता है। यही दिन लोकतंत्र की भावना का सम्मान करने, संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करने का अवसर देता है। भारत की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति, उसकी एकता और उसकी विविधता से है। गणतंत्र दिवस पर हम केवल परेड, झांकियों और तिरंगे को देखकर भावुक नहीं होते, बल्कि उन असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को भी याद करते हैं जिन्होंने इस देश की मिट्टी को अपने रक्त से सींचा। भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आज़ाद, अशफाक उल्ला खाँ, रामप्रसाद बिस्मिल जैसे वीरों ने हँसते-हँसते फाँसी का फंदा चुना। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के बल पर साम्राज्यवाद की नींव हिला दी। जलियाँवाला बाग की अमानवीय घटना आज भी हमें याद दिलाती है कि आज़ादी कितनी भारी कीमत चुकाकर मिली है। अंग्रेजों की गोलियाँ हमारे शरीर को छलनी कर सकती थीं, लेकिन हमारे हौसलों को नहीं। उसी संघर्ष का परिणाम है कि आज हमारा तिरंगा स्वतंत्र आकाश में गर्व से लहरा रहा है। गणतंत्र दिवस हमें केवल अतीत पर गर्व करने के लिए नहीं, बल्कि वर्तमान की समीक्षा और भविष्य की दिशा तय करने के लिए प्रेरित करता है। स्वतंत्रता दिवस हो या गणतंत्र दिवस, यदि हम इन्हें केवल औपचारिक उत्सव बनाकर संतुष्ट हो जाएँ तो यह उन बलिदानों के साथ अन्याय होगा। ऐसे राष्ट्रीय पर्व मूल्यांकन दिवस होने चाहिए, जब हम खुले मस्तिष्क और शांत हृदय से यह सोचें कि हमने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और नैतिक स्तर पर क्या हासिल किया और क्या करना अभी बाकी है। हमें स्वयं से पूछना चाहिए कि क्या हम संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के आदर्शों को अपने जीवन में उतार पाए हैं।

राम के जीवन का एक प्रसंग हमें वचन की महत्ता समझाता है। दिए हुए वचन को निभाने के लिए राम ने राजपाट तक त्याग दिया। आज जब राजनीति में बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं और वे पूरे नहीं होते, तब राम का जीवन हमें आत्मचिंतन के लिए विवश करता है। लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च होती है और सत्ता सेवा का माध्यम होनी चाहिए, स्वार्थ का नहीं। नेता और सरकार यदि राम के चरित्र से प्रेरणा लें तो शासन का स्वरूप अपने आप बदल सकता है। प्रजा से राजा है, राजा से प्रजा नहीं, यह भावना यदि व्यवहार में उतर जाए तो शासन जनकल्याण का सच्चा माध्यम बन सकता है। गांधी जी ने स्वतंत्र भारत का जो सपना देखा था, उसका केंद्र रामराज्य था। रामराज्य का अर्थ किसी धार्मिक शासन से नहीं बल्कि सद्गुणों के साम्राज्य से है, जहाँ सत्य, न्याय, करुणा और नैतिकता सर्वोपरि हों। आज स्वतंत्रता के दशकों बाद भी हम गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, असमानता और सामाजिक विषमता जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। सत्ता का मोह और स्वार्थ इन समस्याओं को और गहरा कर देता है। गणतंत्र दिवस पर यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि शासन व्यवस्था जनकल्याण की भावना से संचालित हो और नागरिक भी अपने आचरण से राष्ट्र को मजबूत बनाएँ।

गरीबी उन्मूलन आज भी भारत के सामने एक बड़ी चुनौती है। केवल सरकारी योजनाओं से ही गरीबी समाप्त नहीं होगी, इसके लिए समाज और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार और समान अवसर ही गरीबी के स्थायी समाधान हैं। गणतंत्र दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि हम अपने स्तर पर क्या कर सकते हैं। क्या हम किसी ज़रूरतमंद बच्चे की पढ़ाई में सहयोग कर सकते हैं, क्या हम ईमानदारी से कर देकर राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकते हैं, क्या हम अपने काम में उत्कृष्टता लाकर देश की उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। जब हर नागरिक अपने कर्तव्य को समझेगा, तभी गरीबी जैसी समस्याओं पर विजय संभव होगी। गणतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं है, बल्कि यह नागरिकों को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का अधिकार देता है। वोट देना केवल अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। जागरूक और विवेकपूर्ण मतदान से ही स्वस्थ लोकतंत्र बनता है। गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमें जाति, धर्म या तात्कालिक लाभ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में निर्णय लेने चाहिए। लोकतंत्र तभी उपयोगी है जब उसमें जनता की आवाज़ सशक्त हो और शासन जवाबदेह हो। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है, लेकिन उसके साथ यह दायित्व भी दिया है कि हम उसका प्रयोग जिम्मेदारी से करें।

आज के वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है। विदेशी व्यापार और विदेश नीति में संतुलित और दूरदर्शी बदलाव भारत को आर्थिक और सामरिक रूप से शक्तिशाली बना सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प केवल नारा नहीं बल्कि व्यवहार में उतरने वाली सोच है। स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देकर, नवाचार को प्रोत्साहित करके और वैश्विक मंचों पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखकर भारत विश्वगुरु की दिशा में आगे बढ़ सकता है। गणतंत्र दिवस पर यह संकल्प दोहराना आवश्यक है कि भारत न केवल आर्थिक महाशक्ति बने बल्कि नैतिक नेतृत्व भी प्रदान करे। सरकार के दायित्व और नागरिकों के कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक हैं। सरकार का कर्तव्य है कि वह पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील शासन दे, वहीं नागरिकों का कर्तव्य है कि वे कानून का पालन करें, सामाजिक सद्भाव बनाए रखें और राष्ट्रहित में योगदान दें। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सम्मान, सामाजिक समरसता जैसे विषय केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं हैं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी हैं। गणतंत्र दिवस पर आम नागरिक यह संकल्प ले सकता है कि वह संविधान का सम्मान करेगा, दूसरों के अधिकारों का आदर करेगा और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। आज जब हम तिरंगे को सलामी देते हैं, तो हमें यह याद रखना चाहिए कि यह ध्वज केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारे त्याग, संघर्ष और उम्मीदों का प्रतीक है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के आदर्श केवल संविधान की प्रस्तावना तक सीमित न रहें, बल्कि हमारे व्यवहार का हिस्सा बनें। गणतंत्र दिवस हमें यह अवसर देता है कि हम आत्ममंथन करें, संकल्प लें और कर्मपथ पर आगे बढ़ें। अंत में यही कहा जा सकता है कि गणतंत्र हमारे लिए तभी उपयोगी है जब हम उसे जीएँ, समझें और निभाएँ। यह दिन हमें अतीत के बलिदानों को नमन करने, वर्तमान की जिम्मेदारियों को समझने और भविष्य के भारत का सपना देखने की प्रेरणा देता है। आइए, इस गणतंत्र दिवस पर हम सब मिलकर यह प्रण लें कि हम एक सजग, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनेंगे, अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करेंगे और भारत को सशक्त, समृद्ध और गौरवशाली बनाने में अपना योगदान देंगे। तिरंगे को सलाम, संविधान को प्रणाम और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए एकजुट कदम बढ़ाएँ। जय हिंद, जय भारत।

**कांतिलाल मांडोत**

# अच्यात्मिक गौरव से ओतप्रोत भारतवर्ष, महान ग्रंथों से उत्सर्जित भारतीय चिंतन

वेद तथा सनातनी ग्रंथों से पाठन-पठन से मानव जीवन परिष्कृत होता है और सदाचार तथा वैदिक धर्म का ज्ञान मानव धर्मार्थ की खोज में एक यज्ञ की तरह है भारतीय ऋग्वेद, अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के पूरे विश्व मैं परमाणु युद्ध की संभावना बनी हुई है। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब, टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता हैद्य पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट हो जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत हो इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान,दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।

यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता,तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन,मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है। पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफल ना हो,परंतु सफलता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफलता को जन्म देते हैं। श्रम तथा सार्थकता तभी प्राप्त होती है, जब सफलता का आधार प्राप्त हो जाए। पर मूलत सफल होना ही पर्याप्त नहीं है। और जीवन की असली खोज निरंतर श्रम तथा सार्थकता है। केवल सफलता आपको अस्थाई तथा तत्कालिक मानसिक शारीरिक सुख प्रदान कर सकती है। पर चिरस्थाई तथा आत्मिक संतोष के लिए उसमें श्रम तथा सार्थकता का समावेश होना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर वह समाज के लिए एक आदर्श तथा उपयोगी मार्गदर्शक बन सकता है। इसलिए जीवन में केवल सफलता के पीछे ना जाकर श्रम, मेहनत और सार्थकता अत्यंत आवश्यक पहलू हैं।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## भारत आगे बढ़ रहा है, क्या हम साथ चल रहे हैं?




[ आज का भारत: नेतृत्व की ओर बढ़ता गणतंत्र ]
[ गणतंत्र दिवस: स्मरण नहीं, आत्मस्वीकार का क्षण ]

26 जनवरी 2026 — भारत का 77वाँ गणतंत्र दिवस। यह केवल तिरंगा फहराने या परेड देखने का अवसर नहीं, बल्कि वह ऐतिहासिक दिन है जब भारत ने गुलामी की जंजीरें तोड़कर केवल आज़ादी ही नहीं, बल्कि स्वयं के शासन का संकल्प लिया। यही वह क्षण था जब राष्ट्र ने तय किया कि उसका भविष्य संविधान, न्याय और नागरिक चेतना से संचालित होगा। 26 जनवरी कोई साधारण उत्सव नहीं, बल्कि वह दिन है जब भारत अपने विवेक के सामने खड़ा होकर स्वयं से पूछता है कि क्या उसने अपने गणतंत्र को केवल स्मरण तक सीमित रखा है या उसे अपने जीवन का संस्कार बनाया है। यह दिन तिरंगे की गरिमा से पहले नागरिक के चरित्र और कर्तव्यबोध की परीक्षा लेता है। यह हमें याद दिलाता है कि आज़ादी अतीत की उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्तमान की सतत जिम्मेदारी है, क्योंकि राष्ट्र का भविष्य शब्दों से नहीं, बल्कि हमारे आचरण और कर्म से निर्मित होता है।

1950 में संविधान के लागू होने के साथ भारत ने यह दृढ़ संकल्प लिया था कि यह राष्ट्र शक्ति के दबाव या भय के आधार पर नहीं, बल्कि न्याय, समानता और विधि के सिद्धांतों पर चलेगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर की चेतावनी आज भी उतनी ही प्रखर है कि संविधान की सार्थकता उसके अनुच्छेदों में नहीं, बल्कि उसे लागू करने वालों की नैतिकता में निहित होती है। सात दशकों से अधिक समय बीत जाने के बाद मूल प्रश्न यह नहीं रह गया है कि हमारे पास अधिकार हैं या नहीं, बल्कि यह है कि क्या हम उन अधिकारों की गरिमा को निभाने वाले उत्तरदायी नागरिक बन पाए हैं।

भारत की प्रगति आज विश्व का ध्यान आकर्षित कर रही है और उसे नए दृष्टिकोण से देखने को विवश कर रही है। विज्ञान, अंतरिक्ष, डिजिटल संरचना और आर्थिक विस्तार ने यह प्रमाणित कर दिया है कि भारत असीम संभावनाओं का राष्ट्र है। वैश्विक मंचों पर भारत की उपस्थिति अब अधिक आत्मविश्वास और प्रभाव के साथ उभर रही है। नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता ने विकास के नए द्वार खोले हैं। स्वच्छ ऊर्जा, जैव आधारित अर्थव्यवस्था और निर्यात विस्तार ने प्रगति को नई दिशा और स्थायित्व प्रदान किया है। यह सब संकेत देता है कि भारत केवल आगे बढ़ने वाला देश नहीं, बल्कि नेतृत्व करने के लिए स्वयं को तैयार कर रहा है।

विकसित भारत की परिकल्पना अब केवल आकांक्षा नहीं, बल्कि स्पष्ट दिशा और ठोस लक्ष्य में बदल चुकी है। सम्मानजनक जीवन, सशक्त अर्थव्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा की चाह हर नागरिक के मन में गहराई से समाई हुई है। जब विकास की योजनाओं में किसान, श्रमिक, वैज्ञानिक और सामान्य नागरिक समान भागीदारी निभाते हैं, तब प्रगति केवल दिखाई नहीं देती, बल्कि स्थायी रूप से जड़ें जमाती है। यह संकेत देता है कि विकास अब सीमित दायरों से बाहर निकलकर समाज के प्रत्येक स्तर तक पहुँचने का संकल्प कर चुका है।

किन्तु इस प्रगति के उजाले के साथ कुछ गहरी छायाएँ भी स्पष्ट दिखाई देती हैं। युवा बेरोजगारी आज सबसे गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। शिक्षित युवा अवसरों की प्रतीक्षा में हताशा और असमंजस का सामना कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था में कौशल, व्यावहारिक समझ और नैतिक मूल्यों की कमी साफ झलकती है। जब युवाओं को सही दिशा नहीं मिलती, तो उनकी ऊर्जा भटकाव में बदल जाती है। यह स्थिति केवल युवाओं के लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए चेतावनी है। पर्यावरण संकट अब अनदेखा किया जाने वाला विषय नहीं रह गया है। वायु प्रदूषण, जल संकट और प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन विकास की नींव को ही चुनौती दे रहा है। नदियों की बिगड़ती दशा और शहरों की विषैली हवा यह स्पष्ट कर देती है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए बिना प्रगति टिकाऊ नहीं हो सकती। आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल आर्थिक मजबूती नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी है। स्वदेशी और हरित तकनीकों को अपनाए बिना भविष्य को सुरक्षित नहीं किया जा सकता। भ्रष्टाचार आज भी विकास पथ की सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। यह केवल प्रशासनिक कमजोरी नहीं, बल्कि सामाजिक स्वीकृति का रूप ले चुका है। जब नियमों को तोड़ना सामान्य व्यवहार बन जाता है, तब नैतिकता कमजोर पड़ने लगती है। इसके साथ ही जाति, धर्म और क्षेत्रीयता के नाम पर खींची गई रेखाएँ सामाजिक एकता को क्षति पहुँचाती हैं। विविधता भारत की पहचान है, लेकिन जब वही विभाजन का कारण बन जाए, तो गणतंत्र की नींव डगमगाने लगती है।

गणतंत्र दिवस हमें यह गहरी समझ देता है कि अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सहारे टिके हैं। कर्तव्य के बिना अधिकार अर्थहीन और कमजोर हो जाते हैं। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह ईमानदारी, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव को अपने आचरण का आधार बनाए। नफरत और अफवाहों के स्थान पर संवाद, सहिष्णुता और समझ को बढ़ावा देना ही सच्ची देशभक्ति का परिचय है। समस्याओं से मुँह मोड़ने के बजाय समाधान खोजने की सोच विकसित करना समय की माँग है।

महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समानता और ग्रामीण विकास राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं। जब तक समाज का हर वर्ग सुरक्षित, सशक्त और सम्मानित नहीं होगा, तब तक प्रगति अधूरी ही रहेगी। पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता आज के युग में राष्ट्रीय दायित्व बन चुके हैं। अनुशासन, परिश्रम और नैतिकता के बिना कोई भी राष्ट्र न तो स्थायी विकास कर सकता है और न ही विश्व को मार्ग दिखा सकता है।

आज इस गणतंत्र दिवस पर हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम केवल आलोचना करने वाले नहीं, बल्कि सक्रिय सहभागी बनेंगे। हम विभाजन की नहीं, एकता और भाईचारे की राह चुनेंगे। हम अधिकारों की माँग के साथ कर्तव्यों के निर्वहन का साहस भी दिखाएँगे। जब भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर होगा, तब विश्व उसे केवल समृद्ध ही नहीं, बल्कि नैतिक, संवेदनशील और जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में पहचाने — यही हमारी पीढ़ी की सबसे बड़ी परीक्षा है और यही उसका ऐतिहासिक उत्तरदायित्व।

**प्रो. आरके जैन**

# गणराज्य के स्वधर्म की तलाश : समकालीन भारत को परखने की एक ज़रूरी कसौटी

इक्कीसवीं शताब्दी में, जब बीसवीं सदी के विचार अपनी ऊर्जा खो चुके हैं, ठहरकर सोचने का साहस अपने-आप में एक असाधारण नैतिक और बौद्धिक पहल बन गया है। जहां बहसें हैं, शोर है, निष्कर्ष पहले से तय हैं, लेकिन विचार का धैर्य कहीं गुम हो गया है। इसी वैचारिक थकान और बौद्धिक जल्दबाज़ी के दौर में राजनीतिक विश्लेषक और भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेंद्र यादव की किताब 'गणराज्य का स्वधर्म' किसी तात्कालिक विवाद का हिस्सा बनने के बजाय हमसे ठहरकर सोचने का आग्रह करती है। उत्तर देने से पहले सवालों की जमीन तैयार करती है। यह किताब इस अर्थ में विशेष है कि वह भारत की समकालीन स्थिति को न तो पश्चिम से उधार ली गई कसौटियों पर कसती है और न ही किसी पारंपरिक विचार को आँख मूँदकर अंतिम सत्य मान लेती है। लेखक का आग्रह है कि भारत को समझने का पैमाना भारत गणराज्य का अपना स्वधर्म होना चाहिए - वह स्वधर्म जो हमारी सभ्यता की स्मृति, राष्ट्रीय आंदोलन के अनुभव और संविधान की आत्मा के ऐतिहासिक संवाद से निर्मित हुआ है। ऐसे समय में हमें एक बुनियादी सवाल के सामने खड़ा करती है - हम भारत को किस कसौटी पर परख रहे हैं? राष्ट्रीय आंदोलन इस प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव था। वह केवल राजनीतिक आज़ादी का संघर्ष नहीं था, बल्कि समाज-सुधार, आर्थिक पुनर्निर्माण और सांस्कृतिक आत्ममंथन का साझा प्रयत्न था। उसी मंथन से भारत गणराज्य का नैतिक-राजनीतिक स्वभाव आकार लेता है।

### गणराज्य और गणतंत्र: एक जरूरी भेद

किताब का एक केन्द्रीय पहलू यह है कि वह गणराज्य और गणतंत्र के बीच के फर्क को फिर से स्थापित करती है। आमतौर पर लोग इन दोनों शब्दों को समान अर्थ में समझने की भूल करते रहे हैं, लेकिन लेखक बताते हैं कि आज के संकट को समझने के लिए इस अंतर को समझना ज़रूरी है। योगेंद्र यादव लिखते हैं - 'गणराज्य वह व्यवस्था है जहां सम्प्रभुता गण में निवास करती है - गणराज्य के लिए जरूरी है सम्प्रभुता का धारक और उसका धर्म- यानी जन, गण और मन। जन, यानी जनता जनार्दन। गण, यानी केवल जनसमूह नहीं बल्कि एक राजनीतिक समुदाय। और मन या जनमानस, यानी उस राजनीतिक समुदाय का अपना मानस हो, कुछ साझे सरोकार हों, आदर्श हों, भाव हों, मूल्यबोध हों। समान और सार्वभौमिक नागरिकता, आपसी जुड़ाव से पैदा हुई सामुदायिकता और एक साझी समझ गणराज्य होने की अनिवार्य शर्त हैं।'

गण की सम्प्रभुता सुनिश्चित करने के लिए एक व्यवस्था चाहिए-संविधान, कानून, मर्यादा और उसे लागू करने वाले लोग। इसी व्यवस्था का नाम गणतन्त्र है, लेकिन गणराज्य का प्राण जन-गण-मन में बसता है। यदि जनमानस से साझा मूल्य, सामूहिक सरोकार और नागरिक बराबरी का भाव गायब हो जाए तो तंत्र बचा रहकर भी गणराज्य खो सकता है। अतः गणराज्य और गणतन्त्र में दुराव नहीं है। गणतन्त्र किसी भी गणराज्य का एक अनिवार्य अंग है। गणराज्य राज्यसत्ता का स्वरूप परिभाषित करता है तो गणतन्त्र उसके संवैधानिक और कानूनी तन्त्र को निरूपित करता है।

### भारतीय स्वधर्म के तीन आधार स्तंभ

लेखक योगेंद्र यादव जिस स्वधर्म की बात करते हैं, वह न तो धार्मिक संकीर्णता है और न ही किसी सांस्कृतिक श्रेष्ठता का दावा। वह स्वधर्म को तीन खतरों से अलग करके समझाते हैं - परधर्म (दूसरों की नकल), अधर्म (पाखंड और कदाचार) और विधर्म (धर्म का विकृत रूप पेश कर वर्चस्व की राजनीति करना)। समकालीन भारत के संकट को समझने के लिए यह वर्गीकरण बेहद उपयोगी है, क्योंकि यह हमें यह पहचानने में मदद करता है कि समस्या केवल शासन की नहीं, बल्कि दृष्टि और मूल्यबोध की भी है। स्वधर्म यहां एक नैतिक-राजनीतिक कसौटी है– जिसके आधार पर यह तय किया जा सकता है कि आज जो हो रहा है, वह भारत के लिए उचित है या नहीं। किसी देश की यात्रा को न तो किसी आयातित विचारधारा से परखा जा सकता है और न ही अपने-अपने आग्रहों के आधार पर। देश की दिशा और दशा को परखने का पैमाना उसका स्वधर्म ही हो सकता है। आज भारत गणराज्य के सामने सबसे बड़ा खतरा इसी विधर्म से है। लेखक स्पष्ट करते हैं कि 'भारतीय गणराज्य का स्वधर्म है - मर्यादा और लोक कल्याण पर आधारित लोकतंत्र। यह पश्चिमी मिजाज की लिबरल डेमोक्रेसी नहीं है। यहां जनता जनार्दन अपनी सम्प्रभुता मतदान के साथ सड़क और आन्दोलनों के मध्यम से भी अभिव्यक्त करती है। भारत गणराज्य ने संघवाद की धारणा और उसके ढांचे को कबूल किये बिना क्षेत्रीय स्वायत्तता और अकेन्द्रित सत्ता के विचार को मान्यता दी है।'

### मैत्री, करुणा और विनय के त्रिवेणी संगम से उपजा भारतीय स्वधर्म

योगेंद्र यादव भारतीय गणराज्य के स्वधर्म को तीन सभ्यतागत सूत्रों में तलाशते हैं–मैत्री (सर्वधर्म समभाव), करुणा (समता) और विनय (लोकमर्यादा)। यही तीन मूल्य, भारतीय स्वधर्म की मूल संरचना बनाते हैं। लेखक का मानना है कि इन शब्दावलियों ने भारतीय सभ्यता के स्वधर्म को पहली बार परिभाषित किया। इन तीनों आदर्शों में कम से कम तीन हज़ार वर्षों की भारतीय विचार-परंपरा का सार निहित है, लेकिन ये मूल्य अपने प्राचीन रूप में संविधान में यथावत् स्थानांतरित नहीं किए गए। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इनकी गहन छानबीन हुई, पुनर्व्याख्या हुई और आधुनिक यूरोप के विचारों से इनका सृजनात्मक संवाद स्थापित हुआ। फ्रांसीसी क्रांति के स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के उद्घोष को भारतीय मानस ने यांत्रिक रूप से नहीं अपनाया, बल्कि अपनी ऐतिहासिक परिस्थितियों, सामाजिक संघर्षों और नैतिक परंपराओं के आलोक में समझा। इसी मंथन से लोकतंत्र, कल्याणकारी राज्य और सर्वधर्म समभाव की एक देसी, लेकिन आधुनिक अवधारणा विकसित हुई। लेखक के अनुसार, मैत्री - जिसे आधुनिक भाषा में सर्वधर्म समभाव कहा गया - भारतीय सभ्यता की मूल संरचना का केंद्रीय तत्व रही है। भारतीय संदर्भ में धर्म का अर्थ कभी केवल 'रिलिजन' नहीं रहा; वह नैतिकता, जीवन-दृष्टि और सामाजिक व्यवहार का स्रोत रहा है इसलिए यहां धर्मनिरपेक्षता का आशय धर्म से दूरी बनाना नहीं, बल्कि किसी एक पंथ के वर्चस्व को रोकना रहा है। यही कारण है कि संविधान के हिंदी पथ में प्रयुक्त 'पंथ निरपेक्षता' शब्द यूरोपीय 'सेकुलरिज़्म' से अधिक सटीक प्रतीत होता है। भारतीय समाज की चुनौती चर्च और राज्य के टकराव की नहीं रही; हमारी चुनौती रही है–विविध आस्थाओं और समुदायों के बीच समभाव बनाए रखना। लेखक चेताते हैं कि 'हमारी समस्या चर्च-राज्य सम्बन्ध की नहीं है। 'सेकुलरवाद' बिना वजह हमारी बातचीत में उस यूरोपीय संदर्भ को घसीट लाता है जिसका हमारी समस्या उसका निदान से कोई लेना-देना नहीं रहा। हमें किसी पोप, खलीफा या धर्मगुरुओं के राज का खतरा नहीं है इसलिए यूरोपीय काट के अनीश्वरवादी या सभी धार्मिक मामलों के प्रति आंख मूंदने वाले सेकुलर निजाम की हमें कोई जरूरत नहीं है।'

स्वधर्म का दूसरा सूत्र है करुणा, अर्थात समता। यह किताब उस आम धारणा को चुनौती देती है कि समता का विचार भारत में पश्चिमी समाजवादी आंदोलनों के माध्यम से आया। लेखक स्पष्ट करते हैं कि भारतीय समाज में असमानता और अन्याय का इतिहास रहा है - विशेषकर जाति-व्यवस्था के रूप में, जिसने गैर-बराबरी को स्थायी और वैचारिक आधार दिया। इस सच्चाई से मुँह नहीं चुराया जा सकता, लेकिन किसी सामाजिक व्यवस्था का अस्तित्व यह सिद्ध नहीं करता कि वही समाज का नैतिक आदर्श भी हो। बौद्ध दर्शन, भक्ति और सूफ़ी परंपराएँ तथा स्वतंत्रता आंदोलन - इन सभी ने जाति-आधारित विषमता को एक स्वर में चुनौती दी। इस अर्थ में समता कोई आयातित विचार नहीं, बल्कि भारतीय स्वधर्म की नैतिक अनिवार्यता है - जिसके बिना स्वतंत्रता और लोकतंत्र दोनों अधूरे हैं।

तीसरा सूत्र है विनय– यानी लोकतांत्रिक मर्यादा। लेखक योगेंद्र यादव प्राचीन भारतीय गणराज्यों से लेकर आधुनिक भारत तक लोकतंत्र की एक विशिष्ट भारतीय परंपरा को रेखांकित करते हैं। भारत में लोकतंत्र किसी राजशाही या तानाशाही के विरुद्ध संघर्ष से नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन की सफलता से जन्मा। इसलिए यहाँ लोकतंत्र की आत्मा केवल संस्थाओं में नहीं, बल्कि जनता के व्यवहार, असहमति की संस्कृति और जन-आंदोलनों में निहित रही है। भारतीय लोकतंत्र ने बहुमत के शासन को बहुसंख्यक वर्चस्व में बदलने से लंबे समय तक रोके रखा और विविधता के साथ लोकतंत्र का एक वैश्विक उदाहरण प्रस्तुत किया। लेकिन जब लोकमत निर्माण की प्रक्रियाओं पर कब्ज़ा होने लगा, तब लोकतंत्र के भीतर से ही उसके क्षरण की प्रक्रिया शुरू हुई। इमरजेंसी और बीते एक दशक-दोनों ही इस 'लोकतांत्रिक दिखावे के भीतर लोकतंत्र की हत्या' के उदाहरण हैं।

इन तीन सूत्रों के बाद लेखक चौथे सूत्र-देशाचार या संघीय भाव - की चर्चा करते हैं। भारत को संविधान ने 'फेडरेशन' नहीं, बल्कि 'यूनियन ऑफ स्टेट्स' कहा। यह शब्द चयन आकस्मिक नहीं था। भारत न तो पूर्णतः केंद्रीकृत राज्य है और न ही अमेरिकी अर्थों में संघीय। यहाँ एकता समरूपता से नहीं, बल्कि बहुलता की स्वीकृति से बनती है इसलिए भारत की एकता ना तो समरूपता की चाह रखती है, ना ही बहुलता का महिमामण्डन करती है।

भारतीय स्वधर्म का यह संघीय भाव सत्ता के विकेंद्रीकरण, स्थानीय स्वायत्तता और सांस्कृतिक विविधता के सम्मान पर आधारित है। एक भाषा, एक धर्म, एक संस्कृति की राजनीति इस स्वधर्म के प्रतिकूल है। किसी भी रूप में वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास - चाहे वह भाषा का हो, धर्म का या सत्ता का - अधर्म की श्रेणी में आता है। लेखक स्पष्ट करते हैं कि 'राज्यसत्ता की इस बुनावट पर औपनिवेशिक राज ने आधुनिक राष्ट्र और राज्य की परत बिछायी। इसने हमारे समाज और राजनीतिक सत्ता के स्वरूप में बुनियादी बदलाव किये। बेशक भारत गणराज्य का औपचारिक स्वरूप एक राष्ट्र-राज्य की आधुनिक परिपाटी के मुताबिक चलता है, लेकिन व्यवहार में भारतीय सभ्यता की गहरी बुनावट ने आधुनिक राष्ट्र, प्रभुत्व सम्पन्न राज्य और लोकतान्त्रिक राजनीति का रूप-रंग बदल दिया है।

एकछत्र केन्द्रीयकृत प्रभुत्वशाली? सत्ता हमारी सभ्यता का मिजाज नहीं है इसलिए व्यवहार में आधुनिक राज्य की शक्ति हमेशा मर्यादित रही है। अकेन्द्रित सत्ता, साझा प्रभुत्व और गठबन्धन आधारित शक्ति ही हमारे समाज का स्वधर्म रहा है। सरकार और समाज में सत्ता का बँटवारा हमारा स्वधर्म है। यहाँ सत्ता के स्वायत्त दायरे की जरूरत सिर्फ केन्द्र और राज्य सरकार के बीच नहीं बल्कि उसके बहुत नीचे पंचायत और मुहल्ला सरकार तक है। यहाँ राष्ट्रीय एकता बाकी सब भाषाई और क्षेत्रीय पहचान को खत्म करके नहीं बनती। यहाँ की तमाम भाषाई संस्कृतियों की पहचान भारत से अलग नहीं है, भारत पर निर्भर भी नहीं है। दरअसल भारत की पहचान इन सब पहचानों को जोड़कर बनती है। देश के बँटवारे की पृष्ठभूमि में बनाये संविधान में संघ के राज्यों को कानूनी शक्तियाँ देने में कोताही की गयी, स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था बनाने में लापरवाही रही। लेकिन इसमें कोई शक नहीं हो सकता कि भारतीय संघ की बुनियाद में वर्चस्व को नकारने वाला एक अलिखित समझौता है- केन्द्र सरकार, भाषा या साम्प्रदायिक लिहाज से बहुसंख्यक समाज या कोई भी सांस्कृतिक समुदाय अपना वर्चस्व स्थापित नहीं करेगा। अगर यह हमारा स्वधर्म है तो जाहिर है वर्चस्व स्थापित करने की कोई भी कोशिश अधर्म कहलाएगी। अन्य भारतीय भाषाओं पर हिन्दी का वर्चस्व स्थापित करना, पंचायतों और नगरपालिकाओं को स्वायत्तता ना देना और अस्सी के दशक में राज्य सरकारों को केन्द्र का गुलाम बनाने के प्रयास अधर्म की मिसाल हैं। यहाँ परधर्म है अमेरिकी या सोवियत तर्ज पर एक संघ बनाने की कल्पना, जिसका जिक्र ऊपर किया जा चुका है। लेकिन यहाँ भी असली खतरा विधर्म से है। हमारी सभ्यता के मिजाज के खिलाफ जाकर एक देश, एक भाषा, एक धर्म, एक जाति की समझ के आधार पर राष्ट्रीय एकता को एकरूपता की तरह परिभाषित करना विधर्म की चुनौती है। 'हिन्दी-हिन्दू-हिन्दुस्तान' की समझ हमारे स्वधर्म का विलोम है।

**प्रत्यक्ष मिश्रा**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मतदान लोकतंत्र की आत्मा : जिलाधिकारी



**मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**देवरिया।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने राजकीय इंटर कॉलेज से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है और प्रत्येक पात्र नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की अपील की। रैली में विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्काउट-गाइड, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने तख्तियों और नारों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। रैली जीआईसी से कलेक्ट्रेट, पोस्टमार्टम चौराहा व जलकल रोड होते हुए पुनः जीआईसी पहुंची। इसके बाद उन्होंने मतदाता शपथ दिलाई, नव पंजीकृत मतदाताओं को एपिक कार्ड वितरित किए तथा उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान का प्रभावी संदेश दिया गया।

### दूर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन से 110 शीशी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद



**-वाहन चालक/स्वामी के विरुद्ध मुकदमा**

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली अंतर्गत रूद्रपुर -पिड़रा मार्ग पर पिड़रा स्थित एक स्कूल के पास रोड़ के किनारे खाई में एक चारपहिया वाहन DL 4C AP 8465 गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर थाना रुद्रपुर के उपनिरीक्षक कृष्णाकान्त पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे । क्षतिग्रस्त चारपहिया वाहन में रायल स्टैग व रायल ग्रीन की कुछ बोतले टूटी-फूटी हुई थीं जबकि ज्यादातर शराब की बोतलें सुरक्षित पड़ी हुई थीं। मौके पर पुलिस टीम द्वारा सुरक्षित बोतलों में 40 बोतल रायल स्टैग प्रीमियम विस्की 750 एमएल व 70 बोतल रायल ग्रीन क्लासिक ब्लैन्डेड विस्की हरियाणा निर्मित बरामद किया गया। कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहन कब्जे में लेकर अज्ञात वाहन चालक/ स्वामी के विरुद्ध 43/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### कम्पोजिट विद्यालय सरहरा में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ



**गोण्डा।** न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय सरहरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रवण शुक्ला के द्वारा किया गया।शिक्षा चौपाल का उद्देश्य अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों के बीच आपसी संवाद को सशक्त बनाना तथा शासन द्वारा संचालित शैक्षिक योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, नामांकन, उपस्थिति तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम का संचालन आज्ञाराम शिक्षामित्र, कम्पोजिट विद्यालय रूपईडीह एवं तिलकराम शिक्षामित्र, कम्पोजिट विद्यालय सरहरा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस अवसर पर देव प्रकाश पांडेय, कृष्ण कुमार मिश्र, उमाशंकर पांडेय, दिवाकर त्रिपाठी, अनिल कुमार चौरसिया, विनोद कुमार, योगेंद्र मिश्र, चंदन शर्मा, रामकुमारी त्रिपाठी, पूर्व प्रधान सुखदेव पांडेय सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।चौपाल में उपस्थित वक्ताओं ने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनाई जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** टाउन हॉल परिसर स्थित कांग्रेस कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने की। उन्होंने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे आजीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों और समाज के वंचित वर्गों की आवाज बने रहे। उनका संघर्ष सामाजिक न्याय और समानता के लिए प्रेरणास्रोत है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर केवल बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के जननायक थे। उनके विचारों और सिद्धांतों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वक्ताओं ने बताया कि पिछड़े वर्गों को वास्तविक न्याय दिलाने के लिए उन्होंने आरक्षण का कर्पूरी फार्मूला लागू किया, जिससे अति पिछड़ों को भी अधिकार मिला। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वरुण राय, सुभाष राय सैथवार, विनोद त्रिपाठी, भरत मणि त्रिपाठी, सत्य प्रताप मिश्र अंशू सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**सपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की मनाई जयंती**

**देवरिया।** सपा कार्यालय स्थित मुलायम सिंह यादव सभागार में पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता एवं महासचिव मंजूर हसन के संचालन में मनाई गई। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि ठाकुर ने महात्मा गांधी, डॉ. लोहिया और लोकनायक जयप्रकाश नारायण की समाजवादी संत परंपरा को आगे बढ़ाया। शिक्षा में कुशाग्र होने के बावजूद उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। मुख्यमंत्री जैसे उच्च पद पर रहते हुए भी कर्पूरी ठाकुर सादगी, ईमानदारी और नैतिकता के प्रतीक बने रहे। लोहिया के विशेष अवसर के सिद्धांत को लागू कर आरक्षण व्यवस्था को मजबूती दी और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा। श्री यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय की इस विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कर रहे हैं, जिससे कर्पूरी ठाकुर के सपने साकार होंगे। इसी क्रम में जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा नेता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर पिछड़ों के आरक्षण हेतु अपमान का जहर पीने वाले महान पुरुष थे। उन्होंने आजीवन वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी और सामाजिक न्याय की अवधारणा को साकार किया। आरक्षण लागू करने के कारण उन्हें तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा, फिर भी वे अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। राजनीति में ईमानदारी, त्याग और जनसरोकारों के प्रति समर्पण कर्पूरी ठाकुर की पहचान थी। सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

## बालिका दिवस पर हुआ 96 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत रतनपुर में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पर राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को डॉक्टर एसके त्रिपाठी के नेतृत्व में आरबीएसके चिकित्सक टीम ने 96 बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही स्वास्थ्य दिनचर्या पर चर्चा करते हुए किशोरावस्था में हो रहे शारीरिक परिवर्तन को लेकर जागरूक किया। वहीं राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं ने सुन्दर रंगोली का चित्रण किया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डेन चन्द्रप्रभा, डॉक्टर जेपी चौधरी, जितेन्द्र त्रिपाठी, विश्वजीत, विरेन्द्र शर्मा, रामसुभाष समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## बीर बहादुर सिंह पीजी कालेज में मतदाता स्थापना दिवस से पूर्व लोकतांत्रिक मूल्यों की शपथ, जाति-धर्म से ऊपर उठकर मतदान का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी :गोरखपुर।** मतदाता स्थापना दिवस से पूर्व लोकतांत्रिक परंपराओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बीर बहादुर सिंह पीजी कॉलेज परिसर में मतदाता जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने जाति, धर्म अथवा किसी भी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार ढंग से प्रयोग करने की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के.पी. चौरसिया ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक मजबूती जागरूक, सजग और जिम्मेदार मतदाताओं से ही संभव है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक और संवैधानिक दायित्व है कि वह किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव या प्रभाव में आए बिना राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए मतदान करे। साथ ही युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों का संवाहक बनकर समाज में सकारात्मक संदेश देने का आह्वान किया।




इस अवसर पर डॉ. निलंब सिंह, सुमंत कुमार मौर्य, रोली सिंह, डॉ. इंद्रजीत सिंह, श्रीनारायण त्रिपाठी, डॉ. अरुण कुमार नायक, अभिमन्यु राजन, एकता सिंह, अनुज सिंह, श्रीम सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को निष्पक्ष मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। शपथ कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। इस आयोजन ने महाविद्यालय परिसर में लोकतांत्रिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की तथा मतदान के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को और अधिक मजबूत किया।

# चैती मुसहरी में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**●- पीपीगंज ने गोपालगंज को हराया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** पडरौना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा चैती मुसहरी में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को अत्यंत उत्साह, खेल भावना और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि मनीष बुलबुल जायसवाल ने मैदान पर उतरने से पूर्व प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, संघर्ष, समर्पण और टीम भावना का पाठ पढ़ाते हैं। फुटबॉल जैसे खेल ग्रामीण अंचलों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने के साथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस



तरह की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करती हैं। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन, खेल प्रेमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने तालियों के साथ खिलाड़ियों का स्वागत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

आज का उद्घाटन मैच पीपीगंज और गोपालगंज (बिहार) की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए पीपीगंज की टीम ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई दी गई तथा भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को निरंतर कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम का समापन खेल भावना, भाईचारे और सौहार्द के संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ओमप्रकाश प्रसाद, बिकाऊ कुशवाहा, हरेंद्र भारती, महेंद्र चौहान, ओमप्रकाश भारती, अवधेश भारती, केश्वर यादव, बिरजू चौहान, मदन यादव, ब्रजेश शर्मा, सन्नी मिश्रा, अनिल पाण्डेय, विक्की सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# विधायक ने ओपेन जिम का किया भव्य उद्घाटन

**● विधायक ने कहा स्वास्थ्य को लेकर गांव में ओपेन जिम स्थापित करना सरकार की एक बड़ी पहल है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनुमानगढिया स्थित नवनिर्मित ओपेन जिम का शनिवार को नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी ने फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि नौतनवां ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों का क्षेत्रिय ग्राम प्रधान व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक ऋषि त्रिपाठी ने फीता काटकर ओपेन जिम का उद्घाटन किया। नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार बच्चों के खेलकूद के प्रति काफी ध्यान दे रही है। ओपेन जिम का उद्घाटन करते हुए विधायक ने कहा कि लोगों की स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गांव में ओपेन जिम स्थापित करना सरकार की एक बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि ओपेन जिम खुलने से युवाओं को फिटनेस का तोहफा प्राप्त हुआ है। सरकार युवाओं के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक व निशुल्क ओपन जिम खुल जाने से इसका लाभ गांव के हर बच्चों के साथ-साथ बुजुर्ग भी ले सकेंगे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप पाण्डेय, ग्राम प्रधान रामफल साहनी, गणेश मद्धेशिया, बैजनाथ यादव, अखिलेश सिंह, विजय मद्धेशिया, विनय मिश्र, वशिष्ठ कांदू, उमेश यादव तथा ग्राम विकास अधिकारी तेजेन्द्र सिंह, धीरू यादव, संजय पाण्डेय, पुष्पेन्द्र राय समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**विधायक ने जन चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं**

रतनपुर। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर स्थित कस्बे में नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी ने जन



चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और हर सम्भव निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके साथ ही क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में सबका साथ सबका विकास हो रहा है। विधायक ने मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को सीधा लाभ दे रही है। साथ ही विधायक ने भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुरः खोराबार पुलिस की बड़ी कार्रवाईः शातिर चोर अमीर हमजा उर्फ साहब गिरफ्तार, चोरी के आभूषण व नकदी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नैयर के निर्देश पर जनपद में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खोराबार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना खोराबार पुलिस टीम ने लंबे समय से वांछित चल रहे शातिर अपराधी अमीर हमजा उर्फ साहब को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के आभूषण व 1650 रुपये नगद बरामद किए हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह पर करारा प्रहार माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खोराबार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना खोराबार पर पंजीकृत कई मुकदमों में वांछित अभियुक्त अमीर हमजा उर्फ साहब



पुत्र सादिर अली निवासी समदार खुर्द, थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के पास से चोरी के चार अदद (दो जोड़ी) सफेद धातु के बिछुआ तथा 1650 रुपये नगद बरामद हुए हैं। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग तिथियों में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया था। 3 जुलाई 2025 को अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ वादी के घर का ताला तोड़कर कमरे में रखे सोने के आभूषण, 22 हजार रुपये नगद और मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। इसी क्रम में 28 अक्टूबर 2025 को एक अन्य घटना में वादिनी के घर का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चुरा लिए गए थे। इसके अतिरिक्त 16 नवंबर 2025 को पुलिस चेकिंग के दौरान अभियुक्त के साथी डकैती की योजना बनाते हुए गिरफ्तार हुए थे, जबकि अमीर हमजा मौके से फरार हो गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त अमीर हमजा उर्फ साहब का आपराधिक इतिहास बेहद लंबा और गंभीर है। उसके विरुद्ध गोरखपुर व कुशीनगर जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट, आबकारी अधिनियम सहित करीब 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अभिलेखों के अनुसार अभियुक्त लंबे समय से चोरी की घटनाओं में सक्रिय रहा है।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित महिला अभियुक्ता गिरफ्तार, पीपीगंज पुलिस को बड़ी सफलता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** संगठित अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गोरखपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। थाना पीपीगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के अनुसार थाना चिलुआताल में पंजीकृत मु0अ0सं0 66/2025, धारा 3(1), 2(ख) उपधारा (द्व) व 2(ख) उपधारा (×द्व) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत वांछित अभियुक्ता गीता देवी पत्नी इन्द्रासन सिंह, निवासी महादेवा बाजार, थाना रामपुर कारखाना, जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया है।



थानाध्यक्ष पीपीगंज अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अभियुक्ता की गिरफ्तारी कर संगठित अपराधों के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्ता के विरुद्ध विधिक कार्यवाही प्रचलित है और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है। इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक गौरव तिवारी, कांस्टेबल अमरनाथ यादव, प्रभाकर सिंह, चन्द्राकर यादव एवं महिला कांस्टेबल रितु कश्यप की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आमजन में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है।

## पुलिस ने चलाया व्यापक सुरक्षा व जनसंपर्क अभियान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में शुक्रवार को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई प्रभावी अभियान चलाए गए। प्रातः 5 से 8 बजे तक 'मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान' के तहत 15 स्थानों पर 300 व्यक्तियों व 164 वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस परेड की पूर्वाभ्यास का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को अनुशासन व समर्पण के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में भटनी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों पंकज व विकास को गिरफ्तार किया। वहीं जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें 78 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, 23 का मौके पर निस्तारण किया गया। साथ ही मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत विकासखंड बभनजोत में लगा कृषि मेला

**●ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन भी जरूरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा-** सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत विकासखंड वभनजोत के में शनिवार को विकासखंड स्तरीय कृषि गोष्ठी/कृषि मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने जिला कृषि अधिकारी सी पी सिंह के साथ फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद दोनों ने विभागवार लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण एवं अध्ययन किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि किसानों को समय से बुवाई समय से सिंचाई और समय से दवा और खाद देने से उनकी उपज बढ़ेगी द्य उन्होंने किसानों से सोलर लाइट प्लेट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 75% सब्सिडी पर विकासखंड में उपलब्ध सोलर प्लेट एक बीघा खेत में लगाकर कीटों से बचाया जा सकता है उन्होंने किसानों से काला नमक चावल की खेती के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसानों के लिए यह फसल आय बढ़ाने में बड़ा उपयोगी है द्य उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री पर जोर देते हुए कहा कि जब तक किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराएंगे सरकार द्वारा संचालित न तो कोई योजना का लाभ मिलेगा और न ही सब्सिडी प्राप्त होगी, किसानों से फॉर्मल रजिस्ट्री कराने की अपील की द्य ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन भी जरूरी है उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए से सब्जी और फल के उत्पादन को आवश्यक बताया कार्यक्रम के अंत में



ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने सभी किसानों से भारत देश की एकता, अखंडिता, और देश की संप्रभुता की शपथ दिलाई इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राम लगन वर्मा , कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एस के वर्मा, एडीओ ए जी अरविंद कुमार शुक्ला, केंद्र प्रभारी विजय कुमार वर्मा, राम विलास वर्मा, शैलेंद्र श्रीवास्तव, रजनीश मिश्रा, रामबाबू तिवारी, निलेश कुमार, अजीत कुमार, दशरथ वर्मा , शोहरत वर्मा ,सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# संकुल परना बगुलहा में शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन

**●शिक्षकों व अभिभावकों के बीच संवाद को मिला नया मंच**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोण्डा।** शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को न्याय पंचायत परना बगुलहा अंतर्गत संकुल परना बगुलहा में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच आपसी संवाद को सशक्त बनाना, साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुँचाना रहा।चौपाल में बालवाटिका, निपुण लक्ष्य, आईसीटी लैब स्थापना, डीबीटी योजना, मध्यान्ह भोजन, स्मार्ट क्लास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा में सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजीव कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकुल शिक्षक देवेंद्र यादव, लल्लन तिवारी, अनुपम श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार सहित न्याय पंचायत के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, एसएमसी सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।मुख्य संकुल शिक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा न्याय पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह में उत्साह का माहौल देखने को मिला। चौपाल में टीएलएम का स्टॉल भी लगाया गया, जिसकी उपस्थित लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।नोडल संकुल शिक्षक



द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में संकुल शिक्षक ने उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालयों में नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने हेतु सहयोग की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने अपहरण दुराचार के वंचित आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा



**बरेली**/क्यों लड़िया पुलिस ने किशोरी के अपहरण एवं दुराचार के आरोपी को पकड़ लिया पकड़ा गया उक्त आरोपी अभिषेक पुत्र विश्व देव निवासी ग्राम ठिरिया बन्नो जान को आज अभयपुर मुल्लापुर मोड़ से मुखबिर की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह कांस्टेबल नीरज कुमार सिंह अमित कुमार सिंह यादव लोकेंद्र सिंह आज पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर वांछित चल रहे। अपराधी को पुलिस ने सूझबूझ के साथ गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए अभिषेक पर 1 जनवरी 26 को किशोरी को पहले फैसला कर ले जाने का मामला पंजीकृत तथा तभी से आरोपी फरार चल रहा था पुलिस ने आज मिली सूचना के अनुसार सक्रियता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया साथ ही अपहरण दुराचार के साथ मुकदमे में पास्को एक्ट की बढ़ोतरी करते हुए पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### एसआईआर फॉर्म भरने के लिए उमड़ा जन सैलाब, फैली अव्यवस्थाएं

**सिंगाही खीरी।** नगर पंचायत कार्यालय में एसआईआर (विशेष गहन पुनः निरीक्षण) चुनाव आयोग के निर्धारित कार्यक्रम में नगर पंचायत कार्यालय सिंगाही भेडौरा में केई बीएलओ के काउंटर बनाए गये। लेकिन फार्म भरने वालों की अधिक भीड़ जमा हो जाने से यहां फार्म भरवाने के लिए बनायी गयी व्यवस्था पंगु बना गयी और तमाम फ़ार्म भरने वाले नगरीक मतदाताओं को बैरंग वापस जाना पड़ा। शनिवार को चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने के लिए एसआईआर (विषेश गहन पुनः निरीक्षण) कार्यक्रम के अंतर्गत गत 23 हजार आठ सों नागरिक मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम छूट गयें है उन नामों को वोटर लिस्ट में शामिल करने के लिए चुनाव आयोग ने एसआईआर फ़ार्म भरने के लिए सभी को नोटिस भेज कर आज की तारीख देकर नगर पंचायत कर्यालय बुलाया गया था। नगर पंचायत कार्यालय में एसआईआर फ़ार्म भरने के लिए करीब आधा दर्जन बीएलओ के काउंटर बनाए गयें ! नगर पंचायत कार्यालय में अधिक नागरिकों की भीड़ जमा हो गई जिससे नगर पंचायत प्रशासन की सारी व्यवस्थाएं कम पड गई। बताते चलें की सिंगाही इलाके के अलावा भारत-नेपाल सीमा पर बसे गांव बेलापुर तक के मतदाता एसआईआर फ़ार्म भरने के लिए सिंगाही पहुंचे थे।

### 26 जनवरी व राम जन्मभूमि सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट



**मिल्कीपुर, अयोध्या।** गणतंत्र दिवस और राम जन्मभूमि की सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में, थाना कोतवाली इनायतनगर प्रभारी रतन कुमार शर्मा द्वारा अयोध्या- रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर संदिग्ध वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही। क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से थाना, खंडासा, कुमारगंज और थाना इनायतनगर क्षेत्र में संचालित किया जा रहा, जहां बाहर से आने वाले चार पहिया व दो पहिया वाहनों की गहन तलाशी ली जा रही। पुलिस द्वारा वाहनों के कागजातों की जांच के साथ-साथ डिग्गी, बैग और अन्य सामान की भी चेकिंग की जा रही, जिससे किसी भी संदिग्ध वस्तु की समय रहते पहचान की जा सके। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी और राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। बाहर से आने वाले वाहनों की नियमित जांच की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अवांछनीय घटना को रोका जा सके। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। चेकिंग अभियान में उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह, अमर बहादुर सिंह, दिवाकर पांडे, उपेंद्र सिंह सहित थाना इनायतनगर की बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती दिख रही है। वहीं वाहन चालकों से भी अपील की गई कि वे जांच के दौरान सहयोग करें और आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। गणतंत्र दिवस के मद्देनज़र चल रहे इस सघन चेकिंग अभियान से स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन किसी भी प्रकार की लापरवाही के मूड में नहीं है।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत प्रेषित कर मनरेगा घोटाले की जांच कराए जाने की मांग

● पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से काग़ज़ों पर काम दिखा लाखों का गोलमाल कराए जाने का आरोप




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** विकासखंड विजुआ की ग्राम पंचायत बेलहा सीकटिहा में मनरेगा योजना के तहत जमीन पर काम कराये बगैर केवल काग़ज़ों पर काम दिखाकर लगभग दस लाख रुपये निकाल कर बंदर बाट कर लिये जाने का मामला सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि मनरेगा में किए गए फर्जीवाड़ा और भ्रस्टाचार पर गौर करें तो 1. कुटी के बाग से अर्जुन के खेत तक चकबंद कार्य 2. राधे के खेत से खुशीराम के खेत का चकबंद कार्य 3. गजोधर के खेत से सुकई खेत तक चकबंद कार्य, 4.घने के खेत से नाली तक चकबंद कार्य 5.अशोक कुमार के बाग की मेडबंदी कार्य, कराए बगैर ही काग़ज़ों पर काम दिखा दिया गया। इस खेल में पंचायत सचिव गोल्डी वर्मा और रोजगार सेवक के शामिल होने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। उपरोक्त ग्राम पंचायत में भ्रस्टाचार इस कदर अपने पैर जमाए है कि ग्राम निधि से कराये गये एक कार्य के नाम पर दो दो बार भुगतान निकाला गया है। वित्त वर्ष2024-25 में कराए गए उपरोक्त कार्यो के लिये लगभग दस लाख रुपये का गोलमाल किया गया है। दिनांक 8/01/24 को एक ही शौचालय के नाम पर क्रमशः 73500,और उसी शौचालय पर पुन 48702 रुपये का भुगतान ग्राम निधि खाते से निकाला गया है।

ऐसे ही कई और कार्य है जो पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से किए गए हैं। नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर लाखों का गोलमाल तो हुआ ही साथ ही नल रिबोर से निकले कबाड़ को भी डकार लिया गया है। न तो इसकी नीलामी कारवाई गई और न ही कबाड़ की बिक्री से अर्जित आय को ग्राम पंचायत के खाते में जमा ही नहीं किया गया है। यहीं हाल स्ट्रीट लाइट खरीद का है यहां पर भी मानक विपरीत घाटियां किस्म की लाइट मार्केट से दुनी रेट पर खरीद कर घोटाला किया गया है। जो जांच का विषय बना है। शिकायत कर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में शिकायत कर्ता का आरोप और ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिव ने दो प्राइवेट लोगों को लगा रखा है वहीं सारा काम देखते हैं और उन्हीं के पास पंचायत सचिव के डोंगल भी रहते हैं। शायद यही कारण एक काम के दो दो बार भुगतान निकाल लिए गए होंगे। बटाया तो यहां तक जाता है कि कई ऐसे भी भुगतान हुए हैं जिनकी फाइलो में पंचायत सचिव के हस्ताक्षर भी नहीं बने थे लेकिन भुगतान हो गया। पूर्व में भी ग्रामीणों ने मामले की शिकायतें की थी लेकिन खंड विकास अधिकारी बीजूआ की मिलीभगत से मामले को रफा-दफा कर दिया गया।

### अखिल भारतीय कुश्ती दंगल के छठे दिन शौकत पहलवान ने विक्रम पहलवान को दी मात

**बिसवां सीतापुर:** हजरत गुलजार शाह मेला मैदान में आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल के छठे दिन देश के नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दंगल के छठे दिन की पहली कुश्ती में दंगल संयोजक लहरपुर के शौकत पहलवान और मध्यप्रदेश के विक्रम पहलवान के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें शौकत पहलवान ने विक्रम पहलवान को मात दे दी। दूसरी कुश्ती बागपत के जाबिर पहलवान और लखनऊ मण्डल केसरी विवेक यादव पहलवान के बीच हुई, यह रोमांचक कुश्ती बराबरी पर छूट गयी। तीसरी कुश्ती कलियर के स्टील बॉडी पहलवान और बागपत के विकास पहलवान के बीच हुई, जिसमें स्टील बॉडी पहलवान ने अपने प्रतिद्वंदी को पराजित किया। चौथी कुश्ती अयोध्या के बाबा रामदास पहलवान और राजस्थान के सैफल पहलवान के बीच हुई, जिसमें बाबा रामदास पहलवान ने विजयी हासिल की। पांचवी कुश्ती गाजियाबाद के मोनिस पहलवान व उत्तराखंड के शुभम पहलवान के बीच हुई जिसमे मोनिस पहलवान ने शुभम पहलवान को चित कर दिया 7 छठी कुश्ती गोरखपुर के लक्ष्मी पहलवान व कानपुर सैफ पहलवान के मध्य हुई इस कुश्ती में लक्ष्मी पहलवान ने सफलता प्राप्त की 7 दंगल में रेफरी की भूमिका शौकत पहलवान और सुल्तान पहलवान ने निभाई। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष मसर्रत अली, सेक्रेटरी सैयद हुसैन कादरी, कार्यवाहक अध्यक्ष महबूब अली, अन्नू, पप्पू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# काग़ज़ों पर बही विकास की गंगा, सी. एम. पोर्टल पर शिकायत

● पंचायत सचिव, रोजगार सेवक की मिलीभगत और खंड विकास अधिकारी बीजूआ के संरक्षण खेल होने आरोप




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला विकास खंड बीजूआ की ग्राम पंचायत, बेलहा शिकतिहा का है। जहां भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में काग़ज़ों पर काम दिखाकर लाखों की धनराशि का दुरूपयोग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से लगभग आधा दर्जन कार्य धरातल पर कराए ही नहीं गए।महज काग़ज़ों पर काम दिखाकर दस लाख रुपये का भुगतान निकाल कर आपस में बंदर बाट कर लिए जाने की शिकायत कर शिकायत कर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। शिकायत कर्ता का आरोप है कि मनरेगा में फर्जी हाजिरी और पुराने फोटो अपलोड कर जमकर फर्जीवाड़ा किया गया है। वहीं सूत्र बताते हैं कि काग़ज़ों पर काम दिखाकर सरकारी खजाने को जमकर चुना लगाया गया है। काग़ज़ों पर दिखाए गए कामों पर एक नजर डालें तो 1.कुटी के बाग से अर्जुन के खेत तक चकबंद कार्य।

2.राधे के खेत से खुशी राम के खेत तक चकबंद कार्य।3.गजाधर के खेत से शुकई के खेत तक चकबंद कार्य 4.धने के खेत से नाली तक चाक बंद कार्य 5.अशोक कुमार की बाग में मेंबंदी कार्य आदि अन्य कार्य कराए वगैर ही काग़ज़ों पर काम दिखाकर लगभग दस लाख रुपया का गोलमाल कर लिया गया। उपरोक्त आरोप लगाते हुए शिकायत कर्ता ने मुख्यमंत्री और प्रधान मंत्री भारत सरकार से मामले की जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई और सरकारी धनराशि की रिकवरी कराए जाने की मांग की है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक भारी कमिशन के फ़ेर में कुछ फाइलों पर वगैर पंचायत सचिव के हस्ताक्षर के ही भुगतान निकाले जाने के आरोप लगाए गए हैं। यदि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर करा ली जाए जांच तो बड़ा घोटाला सामने आयेगा।

## पलिया में रोडवेज बस अड्डा न होना बना जनता की बड़ी मुसीबत

● स्टेशन चौराहा बना प्रतिदिन का जाम पॉइंट




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलियाकलां-खीरी।** पलिया की जनता अब रोज़-रोज़ के जाम से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। नगर में आज तक रोडवेज बस अड्डे का न बन पाना सरकार और जिम्मेदार विभागों की गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। हालात यह हैं कि रोडवेज की सारी बसें स्टेशन चौराहा क्षेत्र में पुलिस चौकी व पीडब्ल्यूडी कार्यालय के आसपास सड़क किनारे खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे दिन भर यातायात बाधित रहता है।

बसों के सड़क पर खड़े होने से स्टेशन चौराहा पर भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। राहगीर, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मरीज घंटों जाम में फंसे रहने को मजबूर होते हैं। इस वीडियो में आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि किस तरह एक के पीछे एक खड़ी रोडवेज बसें पूरे मार्ग को संकरा कर रही हैं, जिससे वाहन रेंगते नजर आते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पलिया में एक व्यवस्थित रोडवेज बस अड्डा बना दिया जाए, तो न केवल बसों के ठहराव की समुचित व्यवस्था हो जाएगी, बल्कि आम जनमानस को प्रतिदिन लगने वाले जाम से भी बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही यात्रियों को धूल-मिट्टी, तेज धूप और बरसात में खुले आसमान के नीचे बैठने की मजबूरी से भी छुटकारा मिलेगा।

चौंकाने वाली बात यह है कि पलिया जैसे महत्वपूर्ण कस्बे में यह स्थिति तब है, जब यहां दुधवा नेशनल पार्क जैसी अंतरराष्ट्रीय पहचान है और एयरपोर्ट जैसी बड़ी सुविधा भी है। जिस तरह एयरपोर्ट के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास किए गए, यदि उसी तत्परता से रोडवेज बस अड्डे के लिए पहल होती, तो आज पलिया को यह दुर्दशा नहीं झेलनी पड़ती।

अब सवाल यह है कि आखिर कब तक जनता जाम, अव्यवस्था और असुविधाओं का दंश झेलती रहेगी? पलिया की आम जनता शासन-प्रशासन से मांग कर रही है कि शीघ्र रोडवेज बस अड्डे के निर्माण की ठोस योजना बनाई जाए, ताकि नगर को जाम से मुक्ति मिले और यात्री सुविधाओं का वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंच सके।

### मण्डलायुक्त अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2026 आयुक्त सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**बस्ती।** बस्ती मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2026 आयुक्त सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल लखनऊ से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया, जिसमें भारत की स्वतंत्रता में उत्तर प्रदेश के महान विभूतियों के योगदान, विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के निमार्ण, एक जिला एक ब्यंजन के संजीव प्रसारण देखा गया। आयुक्त द्वारा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि उत्तर प्रदेश न केवल जनसंख्या की दृष्टि से बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक दृष्टि से भी देश का एक प्रमुख राज्य है। प्रदेश ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वर्तमान समय तक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सरकार की विकासपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने तथा उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त (न्यायिक) सुरेन्द्र प्रसाद यादव, अपर आयुक्त (प्रशासन) मनोज कुमार तिवारी. शमीम अहमद, महेन्द्र कुमार, आदि मण्डल स्तरीय अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सिंगहा में पेंशनरों के पेंशन बदहाली को लेकर लगा कैम्प

● जिले से आये अधिकारियों ने पेंशनरों की समस्याओं का किया समाधान। पेंशनर हुए खुश।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** ब्लाक निघासन की ग्राम पंचायत सिंगहा कला में पेंशनरों की समस्याओं (वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग) के समाधान के लिए समाज कल्याण अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाकर केवाईसी (चझ्ङ्घष्ट), आधार लिंकिंग, जीवन प्रमाण पत्र और बैंक खातों से संबंधित समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा रहा है। यह पहल रुकी हुई पेंशन को फिर से शुरू करने और लाभार्थियों को राहत दिलाने के लिए है।

माँ दुर्गा सेवा समिति सिंगहा खुर्द के अथक प्रयासों के कारण शनिवार को पेंशन की परेशानियों से जूझ रहे महिलाओं और पुरुषों को एक बड़ा अवसर मिलने वाला है। अब पेंशन से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए ग्राम वासियों को जिले पर जाने की जरूरत नही है, जो पेंशनर्स काफी समय से इधर उधर भटक रहे थे, जिनकी समस्याओं के निदान के लिए प्रधान प्रत्याशी वीरेंद्र निषाद ने निज निवास पर विशेष कैंप का आयोजन किया है। जहां पेंशनर्स जिनमें सैकडों की संख्या में महिलाएं व पुरूष उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निदान कराया। समस्याओं का निदान पाकर पेंशनर्शो में खुशी की लहर दौड़ गयी।

**पेंशन की समस्याओं का होगा निपटारा**

जिला समाज कल्याण विभाग सहायक विकास अधिकारी अंकित राणा ने बताया कि यह कैंप विशेष रूप से उन लोगों के लिए बेहतर होगा जो वृद्धा, निराश्रित और दिव्यांगजन पेंशन योजना के पात्र है, लेकिन उन्हें किन्हीं कारणों से पेंशन नहीं मिल पा रही है। इस कैंप के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर इसका लाभ दिया जाएगा. इसके अलावा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत भी



कैंप आयोजित किए जाएंगे, ताकि सभी लाभार्थी अपनी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकें, जो पेंशन के पात्र हैं और उन्हें उनको पेंशन नहीं मिल रहा, किसी कारणों से रुक गया है, तो आधार कार्ड, बैंक पासबुक लेकर आप कैंप में आकर समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इस मौके पर जिला से आए जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर एकता सिंह , समाज सेवी डॉक्टर सन्तोष वर्मा, बीडीसी सदस्य जंगू लाल यादव, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्राम के पेंशनर्स जन मौजूद रहे।

## खीरी में यूपी दिवस का भव्य आगाज पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने विधायक संघ किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलिया कलां (खीरी)** लखीमपुर खीरी 24 जनवरी। जिला प्रशासन के तत्वावधान में शनिवार को राजकीय आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में यूपी दिवस का भव्य आगाज हुआ, जहां एक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोहा, वही सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में सीडीओ अभिषेक कुमार व उनकी पूरी टीम पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह आदि अफसरों ने किया। शुक्रवार को मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा ने विधायक योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ फीता काटकर, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप जलाकर यूपी दिवस का विधिवत शुभारंभ किया।

जीजीआईसी की बालिका ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रंखला हुई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राजधानी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ और गृह मंत्री भारत सरकार अमित शाह के उद्बोधन को सुनकर पूरा ऑडिटोरियम तालियो की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि यूपी देश की प्रगति में अहम योगदान देने के साथ निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा। उन्होंने सभी जनपदवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। उप्र आज भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बिंदु बन रहा है। प्रदेश दुनिया में विशेष स्थान बना रहा है। उप्र अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरा है, जहां सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखमय और सुरक्षित वातावरण सृजित किया है। गौरव की बात है कि हम यूपी के नागरिक हैं।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने न केवल सभी की जरूरतें पूरी की बल्कि जीवन जीने की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई। आज समृद्धता के क्षेत्र में यूपी का अलग स्थान है। बीते वर्षो में प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। आज यूपी में लोग पूंजी निवेश के लिए बड़े पैमाने पर आ रहे हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है। आज यहां बहुत से स्टाल लगाए गए, जो जिले की प्रगति को दर्शाते है। डीएम के कुशल नेतृत्व में अफसरो ने अच्छा आयोजन किया है। जो लोग आएंगे वह निश्चित रूप से अच्छी प्रेरणा लेकर यूपी के विकास में योगदान करेंगे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मौजूद लोगों को यूपी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आवाहन किया कि यूपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों का आनंद लें, सरकारी योजनाओं से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी प्राप्त करें, जो नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी।कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए मौजूद लोगों को यूपी दिवस की शुभकामनाएं दी।

**आयोग अध्यक्ष ने विधायक संग देखी सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी, स्टालों का अवलोकन, सराहा**

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा ने विधायक योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम, सीडीओ के साथ यूपी दिवस पर लगी प्रदर्शनी एवं स्टालों का अवलोकन किया। स्टालों पर मौजूद अफसरों, कर्मचारियों से योजना से जुड़ी जरूरी जानकारी ली। ओडीओपी प्रदर्शनी, महिला एवं बाल कल्याण विभाग की मिशन शक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, कृषि, गन्ना, कृषि रक्षा, उद्यान, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, पर्यटन, खाद एवं रसद, श्रम, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, सहकारिता, ग्राम उद्योग, उद्योग, स्वयं सहायता समूह, मनरेगा सहित करीब 50 स्टाल लगाए गए।

**आयोग अध्यक्ष ने विधायक संग दिव्यांगों को दी ट्राई साइकिल की सौगात, खिले चेहरे**

**शिशुओं का अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई**

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम, सीडीओ के साथ बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की। इस दौरान




उन्होंने दिव्यांगों का कुशलक्षेम भी जाना। इसके बाद 05 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की गोदभराई संस्कार एवं पांच शिशुओ को गोद में लेकर खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। इस दौरान उन्होंने नन्हे शिशुओं को दुलार भी किया।

आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा ने 266 स्वयं सहायता समूहों को 4 करोड़ रुपये के सीसीएल का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 समूहों की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित ओ-लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 10 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। वहीं सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 05 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड प्रदान किए गए।

**रंगोली में उकेरे उप्र के विविध स्वरूप, रही आकर्षण का केंद्र**

कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा की शिक्षिकाओं के दल ने रंगोली में उप्र के विविध विशेषताओं को रेखांकित किया। इसमें महाकुंभ,अयोध्या राम मंदिर, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, निपुण भारत, राष्ट्रीय पुष्प और प्रदेश का लोगो दर्शाया गया है। इस रंगोली को टीचर ज्योति श्रीवास्तव, शैलप्रिया श्रीवास्तव, रुखसार, स्वेता अवस्थी, शिखा सिंह, फराह ने संयुक्त रूप से तैयार किया, जो आकर्षण का केंद्र बनी रही।

**इनकी रही मौजूदगी:** सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीसी (एनआरएलएम/मनरेगा), डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी।

## नेहरू हाल में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 102 वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़।** भारतीय नई सविता सलमानी महासभा के तत्वावधान में भारत रत्न, सामाजिक न्याय के प्रणेता स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती नेहरू हाल में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन महासभा के जिला अध्यक्ष श्री रमेश शर्मा द्वारा किया गया, जबकि संचालन निरंजन शर्मा ने कुशलतापूर्वक किया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद धर्मेंद्र यादव रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष हवलदार यादव, मुबारकपुर विधायक अखिलेश यादव, पूर्व सांसद कमलाकांत यादव तथा मेहनगर विधायक पूजा सरोज की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने जीवन भर सामाजिक विषमता के विरुद्ध संघर्ष किया और शिक्षा व समानता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य किया। उन्होंने पिछड़े, वंचित और शोषित वर्गो के अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा दी, जो आज भी प्रासंगिक है। वक्ताओं ने युवाओं से कर्पूरी ठाकुर के विचारों को आत्मसात कर समाज में समरसता, समानता और न्याय स्थापित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बगेई शर्मा, मास्टर जी ओम



प्रकाश शर्मा, सोनू शर्मा, राकेश शर्मा, नौशाद सलमानी, चंद्रभान शर्मा, हनुमान शर्मा, संतोष शर्मा, विमलेश शर्मा, मुन्ना शर्मा, दीनदयाल, दिनेश, गुड्डू शर्मा, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# न. प. लंभुआ विवेक नगर पीएम आवास योजना में अनियमितता

● सभासद पर बाहरी मृतक व परिवार में आवास देने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ/सुल्तानपुर** नगर पंचायत लंभुआ के विवेक नगर वार्ड में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में अनियमितता का आरोप लगा है। शिकायत के अनुसार, अपात्रों को योजना का लाभ पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने इस मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विजय शंकर उपाध्याय ने उपजिलाधिकारी लंभुआ को दिए प्रार्थना पत्र में वार्ड सभासद राम छबीले पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उपाध्याय का कहना है कि सभासद ने अपनी पत्नी और बेटे को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया है, जबकि वे इसके पात्र नहीं थे।

शिकायत में यह भी बताया गया है कि नगर पंचायत के बाहर हथोड़ा निवासी एक व्यक्ति को भी आवास योजना का लाभदिया गया है। इसके अतिरिक्त, लाभार्थियों की सूची में एक मृतक का नाम भी शामिल है। विजय शंकर उपाध्याय ने इन सभी मामलों में सभासद राम छबीले की मिलीभगत का आरोप लगाया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी लंभुआ गामिनी सिंगला से संपर्क नहीं हो सका। वहीं, अधिशासी अधिकारी अमित सिंह ने पुष्टि की कि यह मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उपजिलाधिकारी लंभुआ गामिनी सिंगला से संपर्क नहीं हो सका। वहीं, अधिशासी अधिकारी अमित सिंह ने पुष्टि की कि यह मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। सभासद राम छबीले ने आरोपों का खंडन किया है। बाहरी व्यक्ति को लाभ दिए जाने के आरोप पर उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया जा रहा है, उसकी नगर पंचायत के विवेक नगर वार्ड में जमीन-जायदाद है। उन्होंने यह भी बताया कि वह व्यक्ति 2003 की मतदाता सूची में यहां से दर्ज है और उसने नगर पंचायत चुनाव में मतदान भी किया था। अपने परिवार में पत्नी और बेटे को आवास दिए जाने के मामले पर सभासद ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनके घर की स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि पूरे नगर पंचायत लंभुआ के सभी वार्डो में ऐसी ही स्थिति है, इसलिए घर को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने अपनी पत्नी और बेटे का नाम भी आवास सूची में जोड़ा है। सभासद की पत्नी को वर्ष 2003 में तत्कालीन ग्राम प्रधान द्वारा आवास प्रदान किया गया था।

### हैदराबाद पुलिस ने शान्तिभंग करने बाले दो लोगो को किया गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में दिनांक 24.01.2026 को शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले 02 नफर अभि0गण 1. देवेश यादव पुत्र मोतीलाल उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम सहुआपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी 2. नितिन मिश्रा पुत्र रावेन्द्र कुमार उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया बुजुर्ग थाना हैदराबाद जिला खीरी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय गोला के समक्ष भेजा गया। जिसमे अभियुक्त को गिरफ्तार वाली पुलिस टीम मे उप निरिक्षक खेमेन्द्र कुमार, आरक्षी आकाश यादव व महिला कांस्टेबल ऋतु शर्मा, परिधि शर्मा थाना हैदराबाद जनपद खीरी मुख्य रूप से शामिल रही।



## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न



**चुनार, मीरजापुर।** क्षेत्र पंचायत नरायनपुर की बैठक ब्लाक प्रमुख चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनरेगा कार्य हेतु 14 करोड़ के बजट का अनुमोदन किया गया। फार्मर रजिस्ट्री, बीजों में अनुदान की जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाया गया। इस दौरान एमएलसी प्रतिनिधि सौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राकेश पटेल, बीडीओ सिद्धार्थ मिश्रा, एडिओ एजी गौरव सिंह पटेल, जेई दिनेश गिरी व संजय पाण्डेय एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

### नारायणी कटरा में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**गोपीगंज।** सर्व समाज जनहित पार्टी के कैंप कार्यालय नारायणी कटरा, गोपीगंज में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह सहित उपस्थित लोगों ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आज़ादी की लड़ाई में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने युवाओं से नेताजी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रेम शंकर शुक्ला, सतीश पांडेय, भास्कर दुबे, मोहम्मद उमर, मिट्ठू, राम बाबू, प्रमोद कुमार, मोहम्मद अनीश, नीरज शर्मा, मून्नू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन ज्ञानपुर में दिखेगा अनुशासन और शौर्य का अद्भुत संगम



**भदोही।** आगामी 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन ज्ञानपुर के परेड ग्राउंड में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा। परेड की भव्यता और एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए जनपदीय पुलिस द्वारा पिछले एक माह से लगातार अभ्यास किया जा रहा है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल सहित जनपदीय पुलिस ने फुल ड्रेस रिहर्सल कर परेड की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। रिहर्सल के दौरान अनुशासन, तालमेल और सटीकता देखते ही बन रही थी। पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों एवं कार्यक्रमों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यक्रम को और अधिक सुव्यवस्थित व आकर्षक बनाने पर बल दिया। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा भव्य झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जो जिले की सांस्कृतिक एवं विकास यात्रा को दर्शाएगा।

### 62 शिकायतों की सुनवाई, 7 का मौके पर निस्तारण



**भदोही।** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं। थाना ज्ञानपुर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जनपद के सभी थानों पर कुल 62 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 56 राजस्व एवं 06 पुलिस विभाग से संबंधित थे। पुलिस विभाग से जुड़े सभी 06 प्रकरणों एवं राजस्व विभाग के 01 प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक भटकना न पड़े। प्रशासन ने आमजन को भरोसा

# विकास भवन में सजी संस्कृति, प्रगति और विरासत की भव्य झलक

**● जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन भदोही में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम 'उत्तर प्रदेश दिवस-2026' का शुभारंभ शनिवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी के साथ हुआ। शासन द्वारा नामित मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली, सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायकगण औराई दीनानाथ भाष्कर, भदोही जाहिद बेग, ज्ञानपुर विपुल दूबे, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को समाहित करती जनपदीय विकास उपलब्धि पुस्तिका का विमोचन किया गया, साथ ही लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत गौरवशाली रही है और इसकी पहचान देश-विदेश में है। वहीं सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास के नए क्षितिज छू रहा है और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायकगण औराई, भदोही व ज्ञानपुर तथा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने उत्तर प्रदेश की समृद्ध परंपरा, संस्कृति और ट्रेड, टेक्नोलॉजी, टूरिज्म व ट्रेडिशन के नवाचारों पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी विविधता पूर्ण साहित्य, संगीत, कला और संस्कृति के कारण विशिष्ट पहचान रखता है और देश की प्रगति में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल ने उत्तर प्रदेश दिवस की प्रासंगिकता पर बल दिया। वहीं जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने अपनी विशेष रचना 'हां, मैं उत्तम प्रदेश, उत्तर प्रदेश हूं' का पाठ कर प्रदेश की उपलब्धियों, सांस्कृतिक विविधताओं और ऐतिहासिक गौरव को रेखांकित किया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश की स्थापना से अब तक की विकास यात्रा पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया गया, जिसे जनपदवासियों ने ज्ञानवर्धक बताया। साथ ही उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक विकासक्रम से संबंधित पुस्तकों का भी वितरण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत लोक कलाकारों रमेश भंवरा, अजय दूबे, विष्णु यादव, रागिनी, प्राथमिक विद्यालय डोमनपुर औराई, कंपोजिट विद्यालय ज्ञानपुर सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत 100 से अधिक लाभार्थियों को टूलकिट, प्रमाण पत्र, आवास की चाबी, घरौनी प्रमाण पत्र, सिलाई मशीन, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया। 'विरासत व प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' थीम पर आधारित प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रमोद पांडेय ने किया।

## क्विज,पोस्टर एवं लोकगीत प्रतियोगिता संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अंतर्गत पोस्टर/स्लोगन, रंगोली, क्विज एवं लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रांत से लेकर उत्तर प्रदेश बनने तक इसका सांस्कृतिक,ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विरासत रही है। आज उत्तर प्रदेश प्रत्येक कार्य में राष्ट्र स्तर पर अपना योगदान दे रहा है।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की विशेषताओं पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ चन्दन साहू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक विशेषताओं का केंद्र रहा है। रंगोली प्रतियोगिता में सानिया अफरोज एवं संजना कुमारी को प्रथम, अंजली दुबे एवं आकांक्षा प्रजापति को द्वितीय,रिया गुप्ता एवं पारुल को तृतीय, प्रियांशी पाण्डेय को सांत्वना पुरस्कार, पोस्टर प्रतियोगिता में पायल गुप्ता एवं प्रियांशी पाण्डेय को प्रथम, मीनू को द्वितीय, कृति यादव को तृतीय स्थान। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की क्विज प्रतियोगिता में सतीश, ब्रजेश को प्रथम, पवन को द्वितीय एवं सुनील कुमार, प्राची सिंह एवं अभय यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।निर्णायक मंडल में डॉ संकठा प्रसाद सोनकर, डॉ शेफालिका राय,डॉ नलिनी सिंह, डॉ अरविन्द कुमार, डॉ अदिती सिंह,डॉ अमित यादव, डॉ विद्या सिंह,डॉ शिखा तिवारी, डॉ रमेश चंद्र शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ दीप नारायण एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ मंजुला शुक्ला, धर्मचंद सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज साइकिल रैली से गूंजेगा लोकतंत्र का संदेश

भदोही। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज 25 जनवरी को जनपद भदोही में मतदाता जागरूकता को लेकर एक प्रेरणादायी साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। प्रातः साढ़े सात बजे आयोजित होने वाली यह रैली जिलाधिकारी कार्यालय भदोही से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन भदोही तक जाएगी। रैली का नेतृत्व जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार करेंगे। इस साइकिल रैली का उद्देश्य लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका को मजबूत करना, युवाओं एवं आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना तथा निष्पक्ष और निर्भीक मतदान का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है। रैली के दौरान 'मेरा वोट, मेरी पहचान ', 'पहले मतदान, फिर जलपान' जैसे नारों के माध्यम से मतदान के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। रैली में प्रशासनिक व निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, युवा मतदाता और बड़ी संख्या में नागरिक सहभागिता करेंगे। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे इस जागरूकता अभियान में शामिल होकर अपने मताधिकार के प्रति सजग बनें और मजबूत लोकतंत्र की नींव रखें।

# टीएलएम से बदली प्राथमिक शिक्षा की तस्वीर, यूपी दिवस पर शिव सागर पाल का नवाचार सराहा गया

**● उत्तर प्रदेश दिवस-2026 में ञ्जरुरूप्रदर्शनी रही चर्चा का केंद्र, डोमनपुर के शिक्षक को मिला सम्मान**

**● रिपीटेशन आधारित ञ्जरुरू शिक्षण ने जीता सबका दिल, विकास भवन में सराहा गया प्रयोग**

**● खेल-खेल में सीखने का मॉडलः यूपी दिवस पर TLM प्रस्तुति को मिला प्रशासनिक प्रशंसा**

**● प्राथमिक शिक्षा में नवाचार की मिसाल बना TLM, शिव सागर पाल के प्रयासों की सराहना**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोहीः** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम 'उत्तर प्रदेश दिवस-2026' का शासन द्वारा नामित मुख्य अतिथि सोहन लाल श्रीमाली उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, सांसद डॉ0 विनोद बिन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी,ि वधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख अभोली प्रियंका बिंद, व उपस्थित जनपदीय अधिकारियों द्वारा विकास भवन परिसर में लगे TLM की प्रदर्शनिय का अवलोकन कर शिव सागर पाल की अच्छे ढंग से tlm के बारे में जानकारी देने पर भूरी भूरी प्रशंसा किया।

प्राथमिक विद्यालय डोमनपुर, विकास खण्ड औराई में शिक्षण अधिगम सामग्री (Teaching Learning Material - TLM) के माध्यम से बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को रोचक, प्रभावी एवं स्थायी बनाया जा रहा है। सहायक अध्यापक शिव सागर पाल द्वारा कक्षा शिक्षण में TLM का नवाचारपूर्ण उपयोग कर रिपीटेशन (पुनरावृत्ति) आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों की समझ और स्मरण शक्ति में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

शिव सागर पाल ने बताया कि TLM के माध्यम से दृश्य, श्रव्य एवं स्पर्शनीय (tactile) सामग्री का प्रयोग कर जटिल अवधारणाओं को सरल और व्यावहारिक बनाया जाता है। फ्लैशकार्ड, नंबर चार्ट, पहेलियाँ, कंकड़, मोती आदि का उपयोग कर बच्चे एक ही गतिविधि को बार-बार दोहराते हैं, जिससे सीखना स्वाभाविक और आनंददायक बन जाता है।

उन्होंने बताया कि अमूर्त विषयों को मूर्त रूप में प्रस्तुत करने से बच्चों को विषयवस्तु समझने में आसानी होती है। जब छात्र स्वयं मॉडल बनाते हैं, पहेलियाँ सुलझाते हैं या गिनती की गतिविधियों में भाग लेते हैं, तो उनकी सक्रिय सहभागिता बढ़ती है और वे खेल-खेल में सीखते हैं। ञ्जरुरूआधारित शिक्षण से न केवल बच्चों का शैक्षणिक स्तर बेहतर हो रहा है, बल्कि उनकी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और जिज्ञासा में भी वृद्धि हो रही है। रिपीटेशन के साथ किया गया यह शिक्षण बच्चों के लिए ज्ञान को दीर्घकाल तक याद रखने में सहायक सिद्ध हो रहा है। प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर भौतिक एवं डिजिटल दोनों प्रकार की शिक्षण सामग्री का समन्वय बच्चों के सीखने के अनुभव को और अधिक सुलभ व मनोरंजक बना रहा है। शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा भी इस नवाचारी प्रयास की सराहना की जा रही है।

## सपा जिला कार्यालय पर मनाई गई जननायक कर्पुरी ठाकुर की जयंती

**भदोही।** समाजवादी पार्टी जनपद भदोही द्वारा जिला कार्यालय (लोहिया ट्रस्ट), कंसापुर ज्ञानपुर में शुक्रवार को जननायक कर्पुरी ठाकुर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि जननायक कर्पुरी ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने सरल जीवन, ईमानदार राजनीति और सामाजिक न्याय के मूल्यों को अपनाते हुए सदैव पिछड़े व वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। विधायक जाहिद बेग ने कहा कि नाई समाज में जन्मे कर्पुरी ठाकुर ने जनसेवा को ही राजनीति का आधार बनाया और जीवनभर गरीबों व शोषितों की आवाज बने रहे। कार्यक्रम में राजेन्द्र दुबे, संतोष यादव, लालचन्द बिंद, केशनारायण यादव, महेन्द्र यादव, राजन यादव, करिया पाल, मिल्लु यादव, समर यादव सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षा चौपाल चक कु सही में आयोजित, नोडल संकुल वेद प्रकाश और ए आर पी के नेतृत्व में जन समुदाय की रही भागीदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

आज दिनांक 24 जनवरी 2026 को प्राथमिक विद्यालय चककुसही के प्रांगण में निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों की समय बद्ध प्राप्ति तथा जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का शुभारंभ आदरणीय ARP एवम राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक मंत्री श्री देवेन्द्र कुमार मिश्र जी, ब्लॉक अध्यक्ष बंशराज मौर्य जी, प्रधानाध्यापक मीरा सिंह जी एवं वेद प्रकाश रघुवंशी जी द्वारा सामूहिक रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। जन चौपाल के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए ए आरपी देवेंद्र कुमार मिश्र द्वारा निपुण भारत मिशन के लक्ष्य तथा जीवन में शिक्षा के दीर्घ कालिक महत्व पर जन समुदाय के समक्ष बात रखी गई बाल वाटिका के संचालन के संबंध में नोडल शिक्षक संकुल वेद प्रकाश जी द्वारा जागरूक किया गया, नामांकन एवं उपस्थिति में सुधार के लिए शिक्षक संकुल मनोज कुमार द्वारा विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षण सामग्री तथा डिजिटल संसाधनों, पुस्तकालय पर बृज बहादुर मौर्य सर द्वारा चर्चा किया गया एवम राम सहाय द्वारा प्रेरणा गीत द्वारा गया जय प्रकाश मौर्य जी शिक्षा चौपाल की महत्ता को बताया गया।

तत्पश्चात राष्ट्रीय अविष्कार में प्रतिभाग करने वाले छात्र व पूरे सत्र में बेहतर उपस्थिति को लेकर बच्चों को प्रमाण पत्र बाटा गया, सकड़ बाद शिक्षक संकुल बैठक में लगातार उपस्थिति ,नवाचार,उत्कृष्ट कार्य हेतु मीरा सिंह, पूनम यादव,गुल्लू चंद्र,संतोष कुमार यादव,नितेश कुमार उपाध्याय को उनके उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इस मौके पर , तथा न्याय पंचायत हरिहरपुर के राजेश दूबे, सुधाकर यादव अखिलेश सिंह देवेंद्र कुमार ,प्रशान्त कुमार,बच्चन यादवसमस्त शिक्षक गण एवं अधिक संख्या में ग्राम सभा के सम्मानित नागरिक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## महा विद्यालय में उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**सीखड़, मीरजापुर।** नरोत्तम सिंह पदम् सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहाँ में सामरोह सांस्कृतिक समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर्स-रेंजर्स इकाई के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश दिवस समारोह, मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश का 77वाँ स्थापना दिवस उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सीखड़ ब्लॉक के मगरहाँ ग्राम सभा में जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश की संस्कृति, विकास एवं समृद्ध विरासत के प्रति जनमानस को बताना, मतदान तथा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना था। रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर मगरहाँ गांव के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई वापस महाविद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। लोगों ने रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया एवं कार्यक्रम की सराहना की। तत्पश्चात मतदाता जागरूकता तथा सड़क सुरक्षा की शपथ प्राचार्य द्वारा दिलाई गई। महाविद्यालय में भोजन संरक्षण विषय पर चल रही कार्यशाला में विशेषतः उत्तर प्रदेश के मुख्य व्यंजन जैसे बनारस की कचौरियां एवं आलू-टमाटर की सब्ज़ी, अचार बनाना एवं उनके संरक्षण की जानकारी दी गयी। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेम यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओ ने रैली, मतदान, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका प्रो0 दिनेश यादव, डॉ0 राघवेंद्र सिंह, डॉ0 सबीहा नाज़, डॉ0 नीलम यादव, डॉ0 चारु चंद्र, डॉ0 राम नरेश यादव, डॉ0 दीपक वर्मा, डॉ0 सुशील यादव, डॉ धनंजय कुमार सिंह की रही। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 मृणालिनी सिंह के संरक्षण में महाविद्यालय स्टाफ के सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया।

## उन्नति फाउंडेशन द्वारा कपड़े, खाने पीने का सामान एवं किताबों का वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के उन्नति फाउंडेशन के युवा फाउंडर रोहित सिंह द्वारा आओ मिलकर खुशियां बांटे जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाये अभियान के अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीब बच्चों और जरूरतमंदों को पढ़ाई लिखाई का सामान, गर्म कपड़े एवं भोजन का वितरण 24 जनवरी 2026 को दोपहर 2:00 बजे इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के झुग्गी झोपड़ी में किया गया ! जिसमें उन्नति फाउंडेशन संस्था के संस्थापक रोहित सिंह एवं उन्नति की युवा टीम कवच से हर्ष गोस्वामी, शैलजा, हर्ष अवस्थी, अनिकेत ,लकी, सैफ लोग मौजूद रहे? उन्नति की युवा टीम ने झुग्गी झोपड़ी में कपड़े एवं खाने पीने का सामान के साथ-साथ उनको पढ़ाई लिखाई के लिए जागरूक किया गया जिसमें हर्ष ने बच्चों को कॉपी, पेंसिल? आदि स्टेशनरी का सामान तथा अनिकेत ने खाद्य सामग्री का वितरण किया साथी में लकी ने बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया बच्चों से कुछ प्रश्न उत्तर भी पूछे गए सही जवाब देने वाले को प्रोत्साहन के लिए इनाम भी दिया गया अनिकेत एवं हर्ष ने भी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना की उचित सुझाव दिया एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी उसके बाद अनिकेत, सैफ ने लोगों को शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक रोहित सिंह द्वारा स्वच्छता स्वास्थ शिक्षा सुरक्षा स्वदेशी एवं समृद्ध भारत कैसे बनाएं उसकी जानकारी लोगों को बताई गई एवं सबको शपथ दिलाई कि हम अपने आसपास स्वच्छता जरूर रखेंगे और नशा से दूर रहेंगे? तथा नशा मुक्त भारत बने उसके लिए सभी युवा जनों के साथ झुग्गी झोपड़ी के लोगों को ना नशा करेंगे ना किसी को करने देंगे ऐसी शपथ भी दिलाई।

## केएनपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाषण प्रतियोगिता




**भदोही।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर प्रो. बालकेश्वर के संयोजकत्व में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में रंजीत कुमार यादव ने प्रथम, ऋषिका पांडेय ने द्वितीय तथा संतुष्टि जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. उष्मा यादव, डॉ. श्रीप्रकाश तिवारी एवं डॉ. श्रीमती सिंह शामिल रहीं। इस अवसर पर डॉ. आनंद सिंह ने मतदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से प्रत्येक चुनाव में मताधिकार के प्रयोग की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ने किया। साथ ही उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर रोवर्स-रेंजर द्वारा निबंध व क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## राज्य कर विभाग ईंट भट्ठा एसोसिएशन की बैठक में कर अनुपालन व समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** राज्य कर विभाग भदोही और ईट भट्ठा व्यापारियों के बीच शनिवार को मधुबन वाटिका, ज्ञानपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जॉइंट कमिश्नर कार्यपालक दिनेश दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य कर जागरूकता बढ़ाना तथा ईट भट्ठा व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद स्थापित करना रहा। बैठक में ईट भट्ठा एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष मिठाई लाल दुबे, उपाध्यक्ष मेवा लाल, हूब लाल तथा महामंत्री तहसीलदार सिंह सहित बड़ी संख्या में भट्ठा व्यापारी उपस्थित रहे। इस दौरान राज्य कर विभाग एवं भट्ठा एसोसिएशन के बीच टैक्स भुगतान, विभागीय प्रक्रियाओं तथा व्यापारियों की व्यावहारिक समस्याओं को लेकर सार्थक चर्चा की गई।

जॉइंट कमिश्नर दिनेश दुबे ने उपस्थित व्यापारियों को शासन के नियमों के अनुरूप अधिक से अधिक कर भुगतान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कर अनुपालन से न केवल प्रदेश के विकास को गति मिलती है, बल्कि व्यापार भी सुरक्षित और सुचारु रूप से संचालित होता है। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

राज्य कर विभाग की ओर से अनिल दीक्षित डिप्टी कमिश्नर, धनंजय सिंह डिप्टी कमिश्नर, राजेंद्र पटेल असिस्टेंट कमिश्नर, ज्योति सिंह असिस्टेंट कमिश्नर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी बैठक में मौजूद रहे।

## गलरा गौ आश्रय स्थल पर जिम्मेदारों की लापरवाही से बीमार गोवंश मौत के मुंह में समा रहे, जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** गलरा गौ आश्रय स्थल पर बीमार गोवंश की आंख नोच रहे कौए ड्रमंडगंज। विकास खंड के गलरा गौ आश्रय स्थल पर बीमारी से जूझ रहे गोवंश दवा इलाज के अभाव में मौत के मुंह में समा रहे हैं। शनिवार को गलरा गौ आश्रय स्थल पर मरणासन्न अवस्था में पड़े दो गोवंशों की दयनीय हालत देखने को मिली।मौत की सांसें गिन रहे एक गोवंश की आंख को कौवा बेरहमी से नोच रहा था।शासन द्वारा गोवंशों की सुरक्षा को लेकर तमाम प्रयास किए जा रहे हैं वहीं गोवंशों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे हैं।गलरा गौ आश्रय स्थल पर एक तड़प रहे एक गोवंश की आंख में कौवा चोंच मारता दिखाई दिया। जो आश्रय स्थल पर गोवंशों की सुरक्षा की पोल खोल रहा है। गोवंशों की सुरक्षा के प्रति सरकार जहां गंभीर हैं वहीं गोवंशों की देखभाल में लगे जिम्मेदार उनके दवा इलाज तक का इंतजाम नही कर पा रहे हैं। गौशाला में चारों ओर कीचड़ और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गलरा गौ आश्रय स्थल पर वर्तमान में 347 गोवंश मौजूद हैं।गौ आश्रय स्थल पर बदइंतजामी और ठंड की चपेट में आकर गोवंश बीमार होकर तड़प रहे हैं। बीमार गोवंशों की देखभाल व इलाज करने के लिए पशुपालन विभाग की टीम भी समय से नही आती है। गौशाला कर्मचारियों ने बताया पशु चिकित्सक पांच दिन पहले गौशाला पर आए थे।सीवीओ भूपेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि पशुचिकित्साधिकारी हलिया व पशु चिकित्साधिकारी बरौंधा को गलरा गौ आश्रय पर मौजूद गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण और दवा उपचार के लिए निर्देशित किया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## भवति ध्यान से मस्तिक तरंगो की सुसंबद्धता में वृद्धि- ब्रह्मचारी गिरीश जी




नैनी, प्रयागराज। महर्षि महेश योगी आश्रम में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत पुराण के दौरान महर्षि महेश योगी के परम शिष्य वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश जी निर्देशन में श्रीमद् देवी भागवत पुराण का आयोजन संपन्न हो रहा है विश्व कल्याण के लिए, प्रतिदिन 121 विद्वान पंडितों के द्वारा विश्व कल्याण के लिए रुद्राभिषेक का पाठ का कार्यक्रम निरंतर आश्रम के पूजा पंडाल में आयोजित किया जा रहा है। इस कथावाचक रामविलास चतुर्वेदी वृंदावन ने कहा मनुष्य इस संसार रूपी बैतरणी को,पार कर लेता है।आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, आश्रम प्रभारी बसंत दास, ऋषि त्रिवेदी ,विमल मिश्रा ,सोनू पांडे ,मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव,आदि रहे।

## दिल्ली में कैब चालक से लूटपाट, टक्कर मारकर मोबाइल-पर्स छीना; दो आरोपी गिरफ्तार




बाहरी दिल्ली। सुभाष प्लेस थाना क्षेत्र में कैब में नई बुकिंग का इंतजार कर रहे चालक के सिर पर हमला कर लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों से चालक का मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बरामद कर लिए हैं। चोरी की स्कूटी भी जब्त कर ली है। आरोपितों की पहचान फैजान के रूप में हुई है, जो पूर्व में दो झपटमारी के मामलों में संलिप्त रहा है। वहीं, सह आरोपित फैजल को भी गिरफ्तार कर लिया। बुकिंग का वेट कर रहा था विशाल उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि पीड़ित विशाल अहमद करावल नगर का रहने वाला है। जो पेशे से टैक्सी चालक है। अहमद ने बताया कि 17 जनवरी को करीब 03:30 बजे अपनी टैक्सी में बैठकर शकूरपुर मेट्रो स्टेशन के पास नई बुकिंग की प्रतीक्षा कर रहा था। इसी दौरान, जब वह चालक सीट पर सो रहा था, कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी कार को पीछे से टक्कर मारी, बाईं ओर का शीशा तोड़ दिया तथा उसका मोबाइल फोन एवं पर्स, जिसमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य दस्तावेज थे, लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने चालक के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। फिर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की गई। संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की गई। दोनों आरोपितों को पकड़ लिया।

## गुरुग्राम में बारिश से बढ़ी ठिठुरन, प्रदूषण से मिली राहत; इन फसलों को भी हुआ लाभ



गुरुग्राम। पश्चिमी विक्षोभ के असर से गुरुग्राम में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। बृहस्पतिवार रात से चली तेज हवाओं के बाद शुक्रवार सुबह से ही झमाझम वर्षा शुरू हो गई, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई और प्रदूषण से भी आंशिक राहत मिली। आज सुबह घने बादलों की मौजूदगी के कारण अंधेरे जैसा माहौल बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे सर्दी की वापसी के संकेत मिल रहे हैं। वर्षा और तेज हवाओं का सीधा असर वायु गुणवत्ता पर भी देखने को मिला। सुबह 11 बजे गुरुग्राम में एयर क्वालिटी इंडेक्स 225 दर्ज किया गया, जबकि मानेसर में यह 214 रहा। बीते कुछ दिनों में तेज धूप और हवा की रफ्तार थमने के कारण प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा था, लेकिन वर्षा ने हवा में मौजूद धूल और प्रदूषक कणों को काफी हद तक बैठा दिया है।

# विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत' थीम पर उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन

● विभिन्न विभागों के द्वारा योजनाओं, उपलब्धियों, कार्यों के बारे में लगायी गयी प्रदर्शनी।

खुशहाली, तरक्की और समृद्धि डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। कैबिनेट मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी शनिवार को उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर ''विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत'' थीम पर आधारित एवं माघ मेला सेक्टर-3 स्थित गंगा पण्डाल में आयोजित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की उपस्थिति में शुभारम्भ किया। इस अवसर पर त्रिवेणी मार्ग स्थित गंगा पण्डाल परिसर में विभिन्न विभागों के द्वारा उनके विभाग से सम्बंधित योजनाओं, उपलब्धियों, कार्यों के बारे में लगायी गयी प्रदर्शनी का मंत्री जी ने स्टॉल पर जाकर अवलोकन किया।

विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के भव्य शुभारम्भ के अवसर पर गंगा पण्डाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रयागराज मण्डल के विकास पथ की वीडियो क्लिप का भी प्रदर्शन किया गया। जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सेंट एंथोनी गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गयी। गुरु तेग बहादुर खालसा बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं ने विकसित भारतम् थीम पर प्रस्तुती दी। इस अवसर पर कलाकारों के द्वारा लोकगीत एवं ढेढ़िया नृत्य की शानदार अभिराम प्रस्तुती दी। इस अवसर पर मंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं/विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को सम्मानित भी किया।

सम्मानित होने वालो में कृषि विभाग से सम्बंधित 10 कृषकों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 महिलाओं को, मुख्यमंत्री युवा रोजगार के तहत 3 लाभार्थियों को 25-25 लाख का डमी चेक, एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत प्रमोद साहू को 50 लाख तथा अंशु दुबे को 10 लाख का डमी चेक, विश्वकर्मा श्रमसम्मान योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को टूलकिट, उत्तर प्रदेश माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 लाभार्थियों को, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 10 लाभार्थियों को डमी चेक, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार के तहत तीन लाभार्थियों को डमी चेक, दिव्यांगजन विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों को 20 कान की मशीन, 02 व्हील चेयर, 10 एम0आर0किट का वितरण, कला, साहित्य व संस्कृति के क्षेत्र उदय चंद्र परदेशी, अतुल यदुवंशी, प्रवीण शेखर, डॉ0 इम्तियाज गाजी, मनमोहन सिंह तंहा एवं नीना श्रीवास्तव सहित अन्य विभागों के सम्बंधित उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभार्थियों/कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा हमारा उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी के साथ अग्रसर है और हमारी सरकार उत्तर प्रदेश को भारत की अर्थव्यवस्था का सिरमौर बनाने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। हमारा उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था का रोलमॉडल बनकर उभरा है चित्रकूट में व्यापारी के 13 वर्षीय पुत्र के अपहरण एवं हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि इस दुस्साहसिक घटना को अंजाम देने वाले अपराधी 24 घण्टे के अंदर एन्काउंटर में ढेर कर दिए गए, जो कि अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस का प्रमाण है। अच्छी कानून व्यवस्था से देश दुनिया के शीर्ष औद्योगिक समूह उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित हो रहे है तथा प्रदेश को देश के ग्रोथ इंजन के रूप में पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि 24 करोड़ उत्तर प्रदेशवासियों की खुशहाली, तरक्की और समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए प्रदेश के अंतिम गांव तक विकास की रोशनी पहुंचे तथा अंतिम व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आयें, इस संकल्प के साथ हमारी डबल इंजन की सरकार सतत् तत्पर है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

# गुरुग्राम में रॉन्ग साइड फॉर्च्यूनर का कहर, डिवाइडर तोड़कर कैब को मारी टक्कर; छह घायल

गुरुग्राम। एक बार फिर गुरुग्राम में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। रॉन्ग साइड आई तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने डिवाइडर तोड़कर सामने सड़क पर जा रही एक कैब को टक्कर मार दी। हादसे में कैब सवार एक कंपनी के छह कर्मचारी घायल हो गए। घटना बुधवार रात एक बजे सेक्टर 53 थाना क्षेत्र के सेक्टर 54 ला लगून सोसाइटी के पास गोल्फ कोर्स रोड पर हुई। हादसे में सभी घायलों का पारस अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना पुलिस ने कैब ड्राइवर की शिकायत पर फॉर्च्यूनर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। दिल्ली के स्वरूप नगर के रहने वाले विनोद कुमार ने सेक्टर 53 थाने में दर्ज कराई शिकायत में कहा कि वह एक लॉजिस्टिक कंपनी पालम विहार गुरुग्राम में बतौर ड्राइवर का काम करते हैं उनकी कंपनी की गाड़ी अलग-अलग कंपनी के स्टॉफ को लाने ले जाने का काम करती है।

# युवा महोत्सव के दूसरे दिन हास्य कवियों ने बिखेरा जलवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




कोरांव प्रयागराज। रत्योरा में युवा महोत्सव के दूसरे दिन सुबह 10 सुकृत अस्पताल कोरांव की तरफ से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया कार्यक्रम गायन नृत्य प्रतियोगिता तथा कवि सम्मेलन आयोजित हुआ कार्यक्रम मे हास्य कलाकारो ने बिखेरा जलवा मशहूर हास्य कवि बिहारी लाल अंबर ने हास्य कविताओ से लोगो को लोट पोट कर दिया मशहूर कवि अशोक बेशरम, नयाब बलियावी, शिवकिशोर तिवारी खज्जन (बाराबंकी) अतुल उपाध्याय सीधी (म0 प्र0) प्रतिभा यादव (बलिया) आमिर शहजान,विपिन बिहारी त्रिपाठी आदि कविओ ने अपना जलवा बिखेरा और कार्यक्रम के समापन पर कवियों और बैडमिंटल के छात्र अमन कुशवाहा प्रथम स्थान प्राप्त किया ध्रुव सिंह दूसरा स्थान और अर्थ सिंह तीसरे स्थान प्राप्त किया कार्यकर्ताओं ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिकृष्ण शुक्ल भाजपा कार्यकर्ता एवम मिथिलेश कुमार शुक्ल भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संरक्षक पूर्व ब्लाक प्रमुख रामअवध कुशवाहा कोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 केवी सिंह, कृषक शांति निकेतन के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार कुशवाहा एवम मुख्य रूप से आयोजक कुमार कपिल, अध्यक्ष आशाराम मिश्र, उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार वर्मा, कार्यकर्ता पवन कुमार चौधरी, उमाकांत कुशवाहा, शुशील कुमार ग्राम प्रधान, अंकित कुशवाहा, रामप्रवेश चौहान, शशि प्रधान, पप्पू कुशवाहा आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोज़गार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

● सभी चयनित अभ्यर्थी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

ब्यूरो प्रयागराज। केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, फाफामऊ में आयोजित भव्य रोज़गार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। मंत्री जी के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मंत्री अनुप्रिया पटेल ने चयनित नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रीमती पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रयागराज में '18वाँ रोज़गार मेले के अवसर पर उपस्थित होकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। नव-नियुक्त अभ्यर्थी गृह, स्वास्थ्य, वित्तीय सेवा और उच्च शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभागों के साथ सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी एवं आईटीबीपी और सीआईएसएफ जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भी अपनी सेवाएं देंगे। देशभर के 45 स्थानों पर आयोजित 18 वें रोज़गार मेले के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने वर्चुअल माध्यम से 61,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने सभी नवनियुक्त युवाओं को अनंत शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी युवा पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और अपनी सेवा भावना से देश को विकसित भारत @ 2047 की दिशा में और मजबूती से आगे ले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोज़गार उपलब्ध कराना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार द्वारा आयोजित ऐसे रोजगार मेले युवाओं को सही मंच प्रदान करते हैं, जिससे प्रतिभाओं को अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि का युवा देश की सबसे बड़ी ताकत है, सभी युवाओं को अपनी ऊर्जा को देश के योगदान में लगाना चाहिए, हम सबकी भी यही जिम्मेदारी है। उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों से अपील की कि वे ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें तथा अपने आचरण और कार्य से देश, समाज और अपने परिवार का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित संस्था में सेवा करने का अवसर गौरव का विषय है। रोज़गार मेले के सफल आयोजन से युवाओं में नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगणों सहित प्रशासनिक अधिकारी, सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में अभ्यर्थी व उनके परिजन उपस्थित रहे।

# गौ, जल, जंगल और जमीन का संरक्षण है मानव का अधिकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
राहुल जायसवाल की रिपोर्ट



नैनी, प्रयागराज। शुक्रवार को बसंत पंचमी के दिन सैकड़ो श्रद्धालुओं के साथ यात्रा पहुंची संगम नोज त्रिवेणी पर जंगल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए आस्था की डुबकी लगाई, श्रद्धालुओं ने यात्रा में सम्मिलित होकर जंगल के संरक्षण के लिए संकल्प लिया जंगल हमें प्राण वायु देते है जंगल है तो पर्यावरण शुद्ध है जंगल बहुत सारे कीट पतंग पशु पक्षियों का आश्रय स्थल है। अश्विनी कुमार ने बताया की ये वातावरण को ठंडा रखते हैं और वर्षा लाने में मदद करते हैं, जिससे स्थानीय और वैश्विक मौसम पैटर्न प्रभावित होते हैं।

वन जल चक्र को बनाए रखते हैं और जल को शुद्ध करते हैं। वन पृथ्वी के आधे से अधिक स्थलीय जीवों (पशु, पौधे, कीट) का घर हैं, जो जैव विविधता को बनाए रखते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को बांधे रखती हैं, जिससे मिट्टी का कटाव और भूस्खलन रुकता है। जंगल से हमें लकड़ी, ईंधन, फल, खाद्य पदार्थ और औषधीय पौधे मिलते हैं।

आर्थिक लाभ ये रोजगार और आय के स्रोत प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से जंगलों में समय बिताने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, और ये बीमारियों के खतरे को कम करते हैं।

प्राकृतिक आपदाओं से बचाव में बहुत उपयोगी है बाढ़, सूखा और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं को रोकने में मदद करते हैं। संक्षेप में, जंगल पृथ्वी के फेफड़े और जीवन का आधार हैं, और इनके बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है, इसलिए इनका संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

गौ हमारी माता है गौ माता हमारे घर में रहती है तो 33 करोड़ देवी देवताओं का वास हमारे घर पर होता है जिससे अनेकों विघ्न बाधाएं दूर हो जाती हैं गौ माता का दूध, घी, गोबर, गोमूत्र सभी हमारे लिए बहुत ही उपयोगी हैं तथा गौ माता हमारे लिए रोजगार का भी एक बहुत बड़ा माध्यम है। जल है तो जीवन है जल के बिना जीवन संभव नहीं है आज दुनिया में पीने योग्य पानी बहुत कम है इसलिए जल का संरक्षण बहुत जरूरी है आज हम सभी मिनरल वाटर का उपयोग कर रहे हैं जिससे तमाम प्रकार की बीमारियां पैदा हो रही हैं।

गंगा हमारी माता है यह श्रद्धा का बहुत बड़ा केंद्र है जहां पर हजारों- लाखों लोग एक माह कल्पवास करके त्याग, तपस्या कर गंगा संगम त्रिवेणी में श्रद्धा की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना करते हैं आज गंगा प्रदूषित हो रही है कल कारखानों का मालवा गंगा में बह रहा है लोग स्नान करके अपने कपड़े गंगा मैया में धोते हैं गंगा मैया की स्वच्छता, निर्मलता को बनाए रखने के लिए यह जन जागरण कर रहे हैं जिससे गंगा मैया अविरलता, निरंतर और स्वच्छता के साथ बहती रहे और श्रद्धा का केंद्र और मजबूत हो द्य हमारे पांच माताएं हैं गौ माता, गंगा मैया, धरती माता,अपनी माता और भारत माता जिसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य और धर्म है द्य गौ, गंगा, जल, जंगल और जमीन जन जागरण यात्रा जीवन के पहले, जीवन के साथ और जीवन के बाद यह सदैव चलता रहेगा क्योंकि यदि इसका संरक्षण नहीं करेंगे तो सृष्टि नहीं होगी और मानव जीवन नहीं होगा इसलिए इसका संरक्षण बहुत जरूरी है और हमारा कर्तव्य और धर्म है क्योंकि पूर्व जन्मों के अच्छे कर्मों के कारण ही मनुष्य रूप में हम सभी जन्म लिए हैं यात्रा में श्रद्धालु के साथ-साथ प्रमुख रूप से , जय सिं, राजेश सिंह, केपी सिंह, अजय सिंह, परमानंद, संजय सिंह व अन्य कार्यकर्ता व श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

# पचोखरा मण्डल के ग्राम धिरौली में VB G RAM G विषयांतर्गत ग्राम चौपाल मण्डल अध्यक्ष, मण्डल महामंत्री के नेतृत्व में संपन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



टूण्डला- 24 जनवरी दिन शनिवार टूण्डला विधानसभा के पचोखरा मण्डल के ग्राम धिरौली में VB G RAM G विषयांतर्गत ग्राम चौपाल मण्डल अध्यक्ष महावीर सिंह, मण्डल महामंत्री ब्रजवीर सिंह चौहान व अजीत सिंह जुरैल के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा लोकसभा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह तोमर व जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि का स्वागत कर की गई। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने उपस्थित ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि VB G-RAM-G एक जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गाँवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और ग्रामीण लोगों के जीवन स्तर को सुधारने पर जोर दिया जाएगा। VB G-RAM-G के अंतर्गत स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और डिजिटल सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार लाने की कोशिश की जाएगी।

विश्वदीप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पहल ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने में भी सहायक होगी। कुल मिलाकर, VB G-RAM-G ग्रामीण विकास को गति देने, आत्मनिर्भर गाँवों के निर्माण और संतुलित राष्ट्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

चौपाल में जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष हनुमत सिंह बघेल, विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, मण्डल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन, ग्राम प्रधान अरविंद सिंह, बूथ अध्यक्ष घनश्याम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राजीव गंगवार, शीलेंद्र धाकरे, सतेंद्र बघेल, जितेंद्र, कान्हा, राकेश अर्जुन सिंह, आदित्य प्रताप, ब्रजराज सिंह, नारायण सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत' की थीम पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 'विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत' थीम के अंतर्गत आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश के संरक्षण व कुशल दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ प्रारम्भ किया। प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उत्तर प्रदेश सरकार की इस कार्यक्रम को मनाये जाने के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि किस तरह से छात्र जीवन में राष्ट्र एवं प्रदेश को समृद्ध करने के आदर्श को लेकर जीवन में अग्रसर होना है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में आकांक्षा भट्ट, सौरभ गोस्वामी, शिवांगी द्विवेदी, शिखा पांडेय, दीक्षा पुष्कर, रितु दीक्षित तथा वंदना पटेल ने देशभक्ति गीत, एकल गीत, लोक गीत, एकल नृत्य, काव्यपाठ के अंतर्गत 'मेरी झोपड़ी के भाग्य, घर मोरे परदेसिया, और है राम हमारे यूपी में' जैसे देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किये।

महाविद्यालय के त्रिवेणी कल्चरल क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ. अवधेश कुमार आर्य ने किया तथा त्रिवेणी कल्चरल क्लब की प्रभारी और संयोजक डॉ अर्चना राय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रो. मंजु लता, प्रो. सविता कुमारी श्रीवास्तव, प्रो. महेंद्र प्रसाद, प्रो. भास्कर शुक्ल, प्रो. दीपक, डॉ. हेमलता, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. अजय कुमार मिश्र ,डॉ. मंजरी मिश्रा, डॉ. अमित कुमार मिश्र, डॉ. धीरेन्द्र सिंह, डॉ. निरूपमा यादव, डॉ. ऋषि प्रताप सिंह, डॉ. अंजना, डॉ. नीति सिंह, डॉ. राजेश यादव, डॉ. सुचित्रा कृष्णमूर्ति सहित क्लब के सभी सदस्य गण तथा समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# महाराष्ट्रः मीरा भायंदर में BJP के खिलाफ बना गठबंधन बना, कांग्रेस-शिंदे गुट ने मिलाया हाथ

● मीरा भाईंदर महानगरपालिका की सत्ता पर भले ही बीजेपी का दबदबा कायम हो, लेकिन विपक्ष ने ऐसी सियासी चाल चली है जिससे हलचल मचा दी है.कांग्रेस और शिवसेना (शिंदे) ने बीजेपी की ताकत को कम करने के लिए गठबंधन कर 'मीरा भायंदर विकास अघाड़ी' नाम का गठन किया है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मीरा भाईदर महानगरपालिका की सत्ता पर भले ही बीजेपी का दबदबा कायम हो, लेकिन विपक्ष ने ऐसी सियासी चाल चली है जिससे हलचल मचा दी है.कांग्रेस और शिवसेना (शिंदे) ने बीजेपी की ताकत को कम करने के लिए गठबंधन कर 'मीरा भायंदर विकास अघाड़ी' नाम का गठन किया है।

जानकारी के मुताबिक विपक्ष के रूप में कांग्रेस और शिवसेना (शिंदे गुट) के नगरसेवकों ने एकजुट होकर मीरा-भायंदर शहर विकास आघाड़ी का गठन किया है. इस आघाड़ी के नेता के रूप में कांग्रेस के नगरसेवक जय ठाकूर का चयन किया गया है. कल कोकण भवन में इस संबंध में गुट पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की गई।

**मीरा-भायंदर विकास अघाड़ी का गठन**

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि कांग्रेस और शिवसेना (शिंदे समूह) के पार्षदों ने गठबंधन कर मीरा भायंदर विकास अघाड़ी का गठन किया है। इस घटनाक्रम के चलते नगर निगम में विपक्ष के नेता के पद के लिए, रास्ता आधिकारिक तौर पर साफ हो गया है।

**बीजेपी के 78 नगरसेवक**

महानगरपालिका में कुल 95 निर्वाचित नगरसेवक हैं, जिनमें से 78 नगरसेवक बीजेपी के होने के कारण सत्ता पूरी तरह बीजेपी के पास है. वहीं विपक्ष में कांग्रेस के 13, शिवसेना के 3 और 1 अपक्ष (निर्दलीय) नगरसेवक हैं. इस प्रकार कांग्रेस और शिवसेना को मिलाकर कुल विपक्षी संख्या 16 हो गई है।

**सबसे बड़ी विपक्षी आघाड़ी**

महानगरपालिका के नियमों के अनुसार, सत्ताधारी दल के अलावा सबसे अधिक संख्या वाले दल या आघाड़ी को विपक्ष के नेता का पद मिलता है. इसी अनुसार, मीरा-भायंदर शहर विकास आघाड़ी महानगरपालिका की सबसे बड़ी विपक्षी आघाड़ी बन गई है, जिससे विपक्ष के नेता पद का रास्ता साफ हो गया है. इसके साथ ही स्थायी समिति में सदस्य पद और स्वीकृत (नामांकित) नगरसेवक के लिए भी अब मार्ग प्रशस्त हो गया है।



**बीजेपी ने की आलोचना**

इस बीच बीजेपी ने इन घटनाक्रमों की कड़ी आलोचना की है. मनपा चुनाव से पहले बीजेपी के विधायक नरेंद्र मेहता ने कई बार प्रेस कॉन्फ्रेंस और सभा में शिवसेना और कांग्रेस के बीच गुप्त गठबंधन का आरोप लगाया था. बीजेपी नेताओं का कहना है कि यह आरोप सच साबित हो रहा है. बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस और शिवसेना द्वारा बनाई गई मीरा भायंदर विकास अघाड़ी मेहता के आरोप को सही साबित कर रही है. नेताओं का कहना है कि विपक्ष का दोहरा चेहरा जनता के सामने बेनकाब हो गया है।

शिवसेना एक तरफ कांग्रेस के साथ गठबंधन कर बीजेपी की ताकत कम करना चाहती, तो वही दूसरी तरफ मराठी एकीकरण समिति द्वारा मराठी महापौर बनाए जाने के मुद्दे पर बीजेपी का साथ देते हुए मराठी एकीकरण समिति और मनसे के आंदोलन का विरोध कर रही है।

**राजनीतिक संघर्ष होगा तेज!**

कुल मिलाकर, भले ही मीरा-भयंदर नगर निगम में बीजेपी सत्ता में है, लेकिन माना जा रहा है कि 'मीरा-भायंदर विकास अघाड़ी' के कारण राजनीतिक संघर्ष और भी तीव्र होगा.राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह गठबंधन आने वाले दिनों में सदन में बीजेपी के फैसलों के खिलाफ संगठित और आक्रामक विरोध का रूप ले सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता सेनानी अब्दुर रज्जाक अंसारी की जयंती पर उन्हें कांग्रेसियों ने किया याद



**हजारीबाग, झारखंडः-** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में स्वतंत्रता सेनानी सह सयुंक्त बिहार के पूर्व मंत्री अब्दुर रज्जाक अंसारी की 109 वीं जयंती उन्कें चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने कहा कि अब्दुर रज्जाक अंसारी में शुरू से ही नेतृत्व करने की क्षमता थी। उन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। कांग्रेस ने उनके नेतृत्व की क्षमता को देखते हुए उन्हें सयुंक्त बिहार में मंत्री बनाया। पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी ने कहा कि मंत्री बनने के बाद उन्होंने बुनकर सहयोग समिति की स्थापना की और बिहार भर के बुनकरों को इससे जोड़ा। 1978 में दि छोटानागपुर रिजनल हैंडलूम विवर्स को-ऑपरेटिव लिमिटेड की स्थापना कर हस्तकरघा उद्योग से बुनकरों को जोड़ा । कार्यक्रम में प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कुमार यादव वरिष्ठ कांग्रेसी विरेन्द्र कुमार सिंह, अकील अहमद, लाल बिहारी सिंह, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद, अजय गुप्ता, मकसूद आलम, सलीम रजा, बाबर अंसारी, सुनिल कुमार ओझा, सदरूल होदा, निसार अहमद भोला, जहांगीर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, तसलीम अंसारी, अनिल कुमार भुईया, जावेद इकबाल, रियाजउद्दिन अंसारी, बबलू अंसारी, पंचम पासवान, दरगाही खान, भैया असीम कुमार, सऊद इकबाल, मोहम्मद वारिस आदि उपस्थित थे।

### वाराणसी खंड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन की अंतिम मतदाता सूची जारी, बलिया में 31,804 मतदाता दर्ज



बलिया में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। जिलाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि यह सूची निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 06 जनवरी 2026 को जारी की गई।अंतिम सूची के अनुसार वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 27,436 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 4,368 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। इस प्रकार दोनों निर्वाचन क्षेत्रों को मिलाकर कुल 31,804 मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। निर्वाचक नामावली को अर्हता तिथि 01 नवंबर 2025 के आधार पर डी-नोवो प्रक्रिया के तहत नए सिरे से तैयार किया गया है। अंतिम रूप से प्रकाशित यह सूची जनपद के सभी पदाभिहित स्थलों, संबंधित तहसील कार्यालयों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान आम जनमानस के अवलोकन के लिए उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय में मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने नाम और विवरण की पुष्टि अवश्य कर लें।

### थाना समाधान दिवस में एक भी शिकायत का नहीं हो सका निस्तारण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में शनिवार को अफसरों ने समस्याओं पर सुनवाई की। लालगंज में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार व एसएसआई अरूण कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल सात शिकायतें आयी लेकिन निस्तारण शून्य रहा। वहीं सांगीपुर में कुल दस शिकायतें तथा उदयपुर में छः व लीलापुर में चार शिकायतें आयीं लेकिन मौके पर अफसर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं करा सके। सांगीपुर में थाना समाधान दिवस का संयोजन एसओ राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी व उदयपुर में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार तथा लीलापुर में प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

# लोहबंधा में मरहुम शेख़ मो0 युसूफ अंसारी कादरी के सातवां सालाना उर्स का हुआ भव्य आयोजन

**●बाहर से आए ओलमाओं ने एक से बढ़कर एक पेश की नाते मनकबत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हुसैनाबाद/पलामू/झारखंडः-** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के महुडंड पंचायत अंतर्गत लोहबंधा गांव निवासी मरहूम शेख़ मो0 युसूफ अंसारी कादरी का सातवां सालाना उर्स मनाया गया। उर्स के मौके पर उनके कब्र पर चादर पोसी कर फातेहा पढ़ी गई और उनके इशाले शवाब के मौके पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी की महफ़िल सजाई गई। जश्ने ईद मिलादुन्नबी की शुरुआत हाफिज व करी अनिस रज़ा ने कूरॉन पाक की तिलावत व नात पाक से की। बाहर से आए ओलमा ने एक से बढ़कर एक नाते मनकबत व अपने तकरीर में कूरॉन हदीस के जिक्र कर महफ़िल को सराबोर किया। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हाफीज़ व कारी अनिस रज़ा ने एक से बढ़कर एक नाते मनकबत व तकरीर पेश कर महफ़िल को साराबोर किया। शायर - ए- इस्लाम समशाद हैदर पलामू वीं साहब ने नाते मनकबत पेश करते हुए जश्ने ईद मिलादुन्नबी की महफ़िल को गुलज़ार बनाये रखा वहीं दूसरी ओर ईद मिलादुन्नबी की महफिल में लोग सुभानल्लाह व नारे तकवीर की सदआए लगाने को मजबूर कर दिया।

इस नेक मौके पर मौलाना महबूब आलम साहब ने अपनी तकरीर बयान करते हुए कुरॉन पाक पढ़ने व नेक और एक बनने की सलाह देते हुए कहा कि कुरॉन शरीफ़ में इंसानियत और भाईचारे का पैगाम दिया है कुरॉन व हदीस के इस्लामी तालिमात और नबी के फरामीन के मुताबिक अपनी जिंदगी गुजारें। व मुसलमानों को अपने तकरीर के जरिए कहा कि अपने कौम व मोहल्ला की बुलंदियों पर ले जाने के लिए आप सभी क़ौमी एकता के साथ मिलजुल कर मोहब्बत में जिंदगी गुजारें। जलसे में विभिन्न शहरों से आएं ओलमा में शायर समशाद हैदर पलामू वी साहब, मौलाना महबूब आलम,हाफीज़ कारी अनिस रजा ने सालाना उर्स के मौके पर ईद मिलादुन्नबी में शिरकत की।

ईद मिलादुन्नबी के अंतिम में नबी के बारगाह में सलाम पढ़ कर मरहुमीन के नाम व पुरे मुल्क में एकता एवं भाईचारगी अमन व शांति कायम रहने के लिए दुआ की गई। ईद मिलादुन्नबी की अध्यक्षता इसहाक अनवर व नेकाबत हाफीज़ व कारी अनिस रजा ने की। मौके पर मौलवी इसहाक अनवर, मौलवी युसूफ अंसारी, जहांगीर अंसारी, मकसुद आलम, शिक्षक अकबर अंसारी, पत्रकार मसउद आलम, तैयब आलम, मनउवर आलम, हफीज अंसारी, वसीर आलम, तौसीफ रजा, मोजाहिद अंसारी, आरिफ अंसारी, समशाद आलम,समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### चौपाल के जरिए शिक्षा की मजबूती पर दिया जोर



**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार को न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय पूरे कला की न्याय पंचायत भदारी कला में आयोजित शिक्षा चौपाल में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंह भी शामिल हुए। अपने संबोधन में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों मे बुनियादी शिक्षा व गणनात्मक शिक्षा की दक्षता पर जोर दिया। उन्होने अभिवावकों से बच्चों को घर में भी शिक्षा ग्रहण करने के प्रति प्रेरित करने की बात कही। कार्यक्रम में लोगों को मतदाता जागरूकता के प्रति संकल्प भी दिलाया गया। इस मौके पर आशीष द्विवेदी, अरविंद पाण्डेय, आशीष मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, अम्बरीश मिश्र, श्याम मिश्र, योगेश शुक्ल, प्रीती गुप्ता, शैलेष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# निम्न स्तरीय गार्डवाल निर्माण से गुणवत्ता हो रही है बुरी तरह प्रभावित

**●योजना बोर्ड निर्माण स्थल पर नहीं लगाना विभागीय निर्देशों की अवहेलना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया से 10 किलोमीटर दूर पाकुड़िया-राधानगर पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ के निकट श्रीधरपाड़ा एवं सोल्ला ग्राम के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा गार्डवाल के निर्माण में बड़े पैमाने पर की जा रही अनियमितता से लोगों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। उक्त निर्माणाधीन गार्डवाल की नींव खुदाई के बाद सूखा मेटल से तीन इंच ढलाई करते हुए बिना मसाला दिए ही घटिया बोल्डर से 12 भाग मसाले में जोड़ाई की जा रही है, जिससे योजना की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित होती दिख रही है। इससे गार्डवाल की टिकाऊपन पर भी संदेह उत्पन्न हो गया है।

एक ओर विभागीय पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं में किसी प्रकार का समझौता नहीं करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद गार्डवाल निर्माण में प्राक्कलन एवं जनप्रतिनिधियों की चेतावनी को ताक पर रखकर बेखौफ योजना का कार्य पूर्ण करने की तत्परता देखी जा रही है। मुख्य पथ से आवागमन कर रहे कई ग्रामीणों ने गार्डवाल निर्माण को घटिया बताया। इस क्रम में लोगों ने कहा कि निम्न स्तरीय मिट्टी मिक्स बालू, खराब बोल्डर तथा मसाले में कम सीमेंट का प्रयोग गार्डवाल को कमजोर करेगा, जो समय से पहले ही टूटकर बिखर सकता है। लोगों का मानना है कि किसी भी मद की सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, क्योंकि सरकार ठीकेदार को लाभ देती है। मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन गार्डवाल से संबंधित योजना बोर्ड नहीं लगाए जाने पर ग्रामीणों ने गहरी नाराजगी भी जताई।

# झारखण्ड सरकार और नवीन जिंदल समूह के बीच इस्पात, स्वच्छ ऊर्जा और कौशल विकास पर सहयोग को लेकर बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची / झारखंडः-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लंदन में नवीन जिंदल समूह के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। यह भेंट रांची में दो जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री से नवीन जिंदल से हुई बातचीत को आगे बढ़ाते हुए नवीन जिंदल समूह और झारखंड सरकार के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। इस्पात उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा और बिजली ढांचे के क्षेत्र में संभावित निवेश को लेकर रुचि बैठक के दौरान इस्पात (स्टील), स्वच्छ ऊर्जा, कौशल प्रशिक्षण और सतत विकास जैसे विषयों पर विशेष रूप से बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने झारखंड में सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। नवीन जिंदल समूह ने झारखंड में इस्पात उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा और बिजली ढांचे के क्षेत्र में संभावित निवेश को लेकर रुचि दिखाई। यह पहल भारत के कम कार्बन अर्थव्यवस्था की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अनुरूप है।

**उच्च शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण को लेकर चर्चा**

बैठक में मरांग गोमके छात्रवृत्ति योजना की सराहना करते हुए नवीन जिंदल समूह ने कौशल शिक्षा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा की। इसके अंतर्गत झारखंड के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति सहायता, प्रशिक्षण कार्यक्रम और क्षमता निर्माण की योजनाओं पर विचार किया गया। इसके साथ ही युवाओं को बेहतर अवसर देने के लिए कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थानों की क्षमता बढ़ाने पर भी सहमति बनी। यह सहयोग झारखंड में रोजगार के नए अवसर, हरित ऊर्जा, और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# लायंस क्लब ऑफ मधुपुर ने जरूरतमंद बच्चों के बीच बांटी शैक्षणिक सामग्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-**लायंस क्लब ऑफ मधुपुर की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की गई। क्लब की सक्रिय सदस्या लायन मनीषा डालमिया के सौजन्य से तथा लायंस क्लब ऑफ मधुपुर की महिला सदस्यों के सहयोग से मारगोमुण्डा स्थित शिशु मंदिर के प्रांगण में लगभग 100 जरूरतमंद बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, कलर पेंसिल सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। शैक्षणिक सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना रहा। कार्यक्रम की संयोजिका लायन मनीषा डालमिया ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की सबसे सशक्त नींव है। जरूरतमंद बच्चों तक शैक्षणिक सामग्री पहुंचाकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना ही इस सेवा कार्य का मुख्य लक्ष्य है। वहीं, लायन माया पटेल ने कहा कि जब समाज के सभी वर्ग मिलकर बच्चों की शिक्षा के लिए आगे आते हैं, तभी एक सशक्त और आत्मनिर्भर भविष्य का निर्माण संभव हो पाता है। ऐसे सेवा कार्य बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं।

इस अवसर पर लायन रजनी कुमारी, लायन नीलम डालमिया, लायन राधिका टिबड़ेवाल, लायन आँचल मोदी एवं निशा डालमिया ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। क्लब पदाधिकारियों ने समाज के प्रबुद्धजनों से इस प्रकार के सेवा कार्यों में सहभागिता कर सामाजिक उत्थान में सहयोग देने की अपील की। जरूरतमंद बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में लायंस क्लब ऑफ मधुपुर का यह प्रयास एक प्रेरणादायी कदम माना जा रहा है।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु लाभार्थियों का किया गया चयन

**देवरिया।** कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के अंतर्गत शनिवार को जनपद देवरिया में ई-लॉटरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन तथा इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजनाओं के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु लाभार्थियों का चयन किया गया। जनपद स्तरीय समिति की उपस्थिति में गांधी सभागार, विकास भवन में ई-लॉटरी आयोजित की गई। 18 कृषकों ने बुकिंग कराई थी, जिनमें से 8 कृषकों का चयन किया गया। चयनित किसानों को रोटावेटर, लेजर लैंड लेवलर, सुपर सीडर, कस्टम हायरिंग सेंटर तथा ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस जैसे कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ मिलेगा। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया कि चयनित कृषकों को निर्धारित समय सीमा में कृषि यंत्र क्रय कर आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# ग्रामीण परिपेक्ष से निकलकर सचिन कुमार शर्मा ने बीएसएफ में पाई सफलता, गाँव में हर्ष

**●केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के हाथों मिला नियुक्ति पत्र**

**बचपन से था देश सेवा में जाने का सपना : सचिन कुमार शर्मा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव कोलंगा निवासी अजय कुमार शर्मा व वार्ड सदस्य देवंती देवी के पुत्र सचिन कुमार शर्मा ने अंतिम रूप से बीएसएफ में सफलता पाई हैं जहाँ आज इन्हे मेरु स्थित बीएसएफ कैंप में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के हाथों नियुक्ति पत्र मिला। सचिन कुमार शर्मा ने अपनी इस सफलता श्रेय अपनी कड़ी मेहनत और माता-पिता सहित गुरुजनो के आशीर्वाद को दिया। गौरतलब हैं की सचिन कुमार शर्मा ने अपनी 10वीं की परीक्षा आइलेक्स स्कूल पंचमाधव से उत्तीर्ण किया जहां वे टॉपर रहे। वही सचिन ने 12वीं की परीक्षा इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग से पूर्ण किया जहां पूरे राज्य में वे टॉप 10 में रहे। इसके साथ हीं ग्रेजुएशन व कॉम्पिटेटिव एक्जाम की तैयारी घर से कर इस सफलता को हासिल किया। सचिन की इस सफलता पर पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। मौके पर बसरिया पंचायत की मुखिया नीलम देवी, करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार,पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, आईलेक्स स्कूल के निदेशक डॉ शैलेश कुमार, समाजसेवी पुरन राम, यशवंत कुमार, विनय गोप, कामेश्वर रविदास, वीरेंद्र यादव, वीरेंद्र सिंह, सोहन प्रसाद यादव, रघुनंदन गोप, मनोहर यादव, नागेश्वर रजक, अरविंद कुमार शर्मा, चंदन राणा, कपिल राणा, जितेंद्र कुमार, कृष्ण यादव, प्रकाश ठाकुर, लक्ष्मीकांत विद्यार्थी लक्ष्मण ठाकुर, मनोज दुबे आदि ने बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# 23 दिसंबर से लापता युवक दीपक कुमार की तलाश तेज, सूचना देने पर 26 हजार रुपये इनाम घोषित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के बरदाग कोरियाडीह निवासी दीपक कुमार (पिता राजू सिंह) के 23 दिसंबर 2025 से लापता होने के मामले में तलाश तेज कर दी गई है। युवक के रहस्यमय ढंग से गायब होने के बाद से परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। कई दिन बीत जाने के बावजूद दीपक कुमार का कोई सुराग नहीं मिलने से यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लापता युवक की खोज को लेकर बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में परिजनों ने बरही थाना पहुंचकर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार से मुलाकात की। इस दौरान मुखिया ने पूरे मामले की गंभीरता से जानकारी देते हुए युवक की शीघ्र बरामदगी की मांग की।

मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने आम जनता से अपील करते हुए घोषणा की कि दीपक कुमार के संबंध में सही और पुख्ता सूचना देने वाले व्यक्ति को 21 हजार रुपये नगद इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर भी हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि युवक का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके और परिजनों को राहत मिल सके। वहीं, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि पुलिस लगातार युवक की तलाश में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से भी सूचना देने वाले को 5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस प्रकार कुल 26 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। थाना प्रभारी ने आम लोगों से अपील की कि यदि किसी को दीपक कुमार के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो तुरंत बरही थाना को सूचित करें। इधर, लापता युवक के परिजनों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की उम्मीद जताई है। वहीं क्षेत्रवासियों ने भी दीपक कुमार की सकुशल बरामदगी की कामना करते हुए प्रशासन से त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

## भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 102 वीं जयंती समारोह पूर्वक बनाई गई- प्रमोद कुमार पटेल जिला संगठन प्रभारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपालगंज सिवान-** जनता दल यूनाइटेड द्वारा महाराजगंज कर्पूरी ठाकुर चौक पर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा मूर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी 102 वीं जयंती समारोह पूर्वक कार्यक्रम के संयोजक सत्येंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में तथा जनता दल यूथ प्रदेश महासचिव सह सिवान जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल जी की उपस्थिति में मनाई गई ! जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने मूर्ति पर पुष्प माला अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी एक साधारण गरीब परिवार से थे, वे बिहार के मुख्यमंत्री भी रहे और विपक्ष के नेता भी थे वे सादगी, ईमानदारी, और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे उन्हें जननायक का उपाधि लोगों ने दिया और उनकी 100 वीं जयंती पर बिहार के विकास पुरुष और उनके सच्चे अनुयाई मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के मांग पर भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न के सम्मान से सम्मानित किया ! श्री पटेल ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन वंचितों, शोषितों और पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं विकास के लिए समर्पित कर दिया ! वे कभी भी परिवारवाद और वंशवाद को अपने राजनीतिक जीवन में हावी नहीं होने दिए ! उनके विचार और संघर्ष आज भी हमें समाज में समानता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है, जयंती समारोह में जनता दल यूथ के प्रदेश महासचिव सह जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल, कार्यक्रम के संयोजक सत्येंद्र ठाकुर, स्थानीय समाजसेवी डॉश सबीना जावेद, इकराम खान, मुर्तुर्जा अली कैसर, राजेश्वर चौहान, पूर्व जिला पार्षद लालबाबू प्रसाद, आमोद प्रियदर्शी, संदेश महतो, नंदलाल राम, चंदन पटेल, संजीव कुमार दिनकर, रविंद्र सिंह कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अयूब अंसारी, टूना जी, नगर अध्यक्ष हरिशंकर आशीष, पवन कुमार, सुमन कुमार सेनानी, मदन प्रसाद, धर्मराज कसेरा, सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी, कर्पूरी ठाकुर जी को नमन कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया !

### प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान समारोह



**भारत विकास परिषद बलरामपुर और ग्रेडोरा संस्था द्वारा आयोजि कार्यक्रम**

**बलरामपुर-** शनिवार को एम एल के पी जी कालेज सभागार में ग्रेडोरा संस्था और भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला और विशिष्ठ अतिथि में प्राचार्य डॉ जे पी पांडेय,पत्रकार अखिलेश्वर तिवारी,वरिष्ठ समाज सेवी कुंवर सुमेरू सिंह,इरफान खान शामिल हुए,मुख्य अतिथि विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने छात्र और छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया और कहा कि ऐसे प्रतिभावान छात्रों का सम्मान होना चाहिए और छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित भी किया। जनपद के तुलसीपुर,गैसड़ी और पचपेड़वा विकास खंड के विद्यालयों में 18 जनवरी को पी ई टी परीक्षा कराया गया जिसमे 11 और 12 वी के सात सौ छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया,जिसमे पास टॉप तीन छात्र और तीस और रैंक के छात्र छात्राओं को चयनित किया गया। आयोजक भारत विकास परिषद के जिला अध्यक्ष राजीव मिश्रा ने मुख्य अतिथि का सम्मान करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि शिक्षा सिर्फ रोजगार का साधन नही है बल्कि राष्ट्र निर्माण,चरित्र निर्माण और आत्म बोध का साधन है।ग्रेडरा के संस्थापक फैसल खान ने कहा कि इस तरह के प्रतिभावान छात्रों का सम्मान संस्था द्वारा भविष्य में किया जाएगा।इस अवसर पर पत्रकार बंधुओ का भी सम्मान किया गया।

# यूजीसी संशोधन-2026 में झूठी जातीय शिकायतों पर दंड प्रावधान हटाने का विरोध, राष्ट्रपति व शिक्षा मंत्री को भेजा गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलिया।** यूजीसी संशोधन-2026 में झूठी जातीय शिकायतों पर दंडात्मक प्रावधान समाप्त किए जाने के निर्णय को लेकर जनपद के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में माननीय राष्ट्रपति तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ई-मेल के माध्यम से एक संयुक्त ज्ञापन भेजकर उक्त संशोधन पर पुनर्विचार की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व व्यवस्था के अंतर्गत यदि किसी छात्र या शिक्षक के विरुद्ध जातीय भेदभाव की शिकायत झूठी अथवा मिथ्या सिद्ध होती थी, तो शिकायतकर्ता के विरुद्ध दंड का स्पष्ट प्रावधान था। लेकिन यूजीसी संशोधन-2026 में इस दंड प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है, जिससे शिक्षा संस्थानों में झूठी शिकायतों को बढ़ावा मिलने की आशंका जताई गई है। ज्ञापनकर्ताओं का कहना है कि दंड प्रावधान हटने से निर्दोष छात्रों और शिक्षकों को मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ सकता है तथा इससे शैक्षणिक वातावरण में भय, असंतोष और अराजकता उत्पन्न होने की संभावना है। उन्होंने इसे न्याय, समानता और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत बताया है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से चिंता जताई कि यह संशोधन सामान्य वर्ग के छात्रों और शिक्षकों के अधिकारों को कमजोर करता है तथा शिकायत प्रणाली के संभावित दुरुपयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने मांग की कि निष्पक्षता बनाए रखने और व्यवस्था में संतुलन सुनिश्चित करने के लिए झूठी शिकायतों पर दंड का प्रावधान पुनः बहाल किया जाए। ज्ञापन भेजने वालों ने आशा व्यक्त की कि माननीय राष्ट्रपति एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस गंभीर विषय पर संवेदनशीलता दिखाते हुए यूजीसी संशोधन-2026 के विवादित प्रावधान पर पुनर्विचार करेंगे, ताकि शिक्षा व्यवस्था में न्याय, विश्वास और संतुलन बना रहे। इस ज्ञापन पर सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश पांडे, रजनीश उपाध्याय, जितेंद्र चतुर्वेदी, राकेश विक्रम सिंह, दीपक तिवारी, अजीत पांडे, विक्रांत पांडे, अखिलेश तिवारी, आशीष मिश्रा, अमित मिश्रा सहित अनेक लोगों ने अपनी सहमति व्यक्त की है।

# हत्या के प्रयास मामले में चार दोषियों को 10-10 साल की सजा, ऑपरेशन कनविक्शन के तहत आया फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** जनपद की एक अदालत ने हत्या के प्रयास के मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए चार अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने सभी दोषियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ प्रत्येक पर 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला उत्तर प्रदेश पुलिस के 'ऑपरेशन कनविक्शन' अभियान के तहत प्रभावी पैरवी और सख्त मॉनिटरिंग का परिणाम माना जा रहा है।

थाना रेवती में दर्ज इस मामले में अभियुक्त जगधारी राजभर, मनोज राजभर, मन्नु राजभर और जीयुत यादव को विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) एवं अपर सत्र न्यायाधीश, बलिया की अदालत ने दोषी पाया। अदालत ने धारा 307/34 के तहत प्रत्येक अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास और 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

इसके अलावा धारा 504 के अंतर्गत एक वर्ष का कारावास एवं 2 हजार रुपये का अर्थदंड तथा धारा 506 के तहत चार वर्ष का कारावास और 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामले के अनुसार, 19 जुलाई 2019 को थाना रेवती में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि अभियुक्तों ने वादी के नाती और भतीजे पर जान से मारने की नीयत से हमला किया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। इस प्रकरण में अभियोजन की ओर से एडीजीसी अजय कुमार राय ने प्रभावी पैरवी की, जिसके चलते अदालत ने दोष सिद्ध मानते हुए कड़ा दंड सुनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### डिजिटल साथी फाउंडेशन के कोन लर्निंग सेंटर में बच्चों को किया गया स्वेटर जूता-मोजा वितरित



**कोन /सोनभद्र-** IIFL फाउंडेशन की डायरेक्टर मधु जैन के सहयोग से शनिवार को डिजिटल साथी फाउंडेशन, सोनभद्र द्वारा संचालित कोन लर्निंग सेंटर के 119 बच्चों को स्वेटर, जूता एवं मोजा वितरित किया गया। इस वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य शीतकाल में बच्चों को ठंड से सुरक्षा प्रदान करना एवं उन्हें नियमित रूप से शिक्षा से जोड़े रखना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की मदद से गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरणा मिलती है। डिजिटल साथी फाउंडेशन के वेद ओझा ने IIFL फाउंडेशन एवं मधु जैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है और आगे भी जरूरतमंद बच्चों के लिए ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।

### खूनी संघर्ष में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कोंच(जालौन)-** ग्राम कैलिया में बीते रोज पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम कैलिया निवासी चंद्रपाल सिंह पुत्र स्व. विजय बहादुर ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 21 जनवरी की रात करीब 8 बजे गांव में स्थित माता मंदिर में आयोजित भंडारे में शामिल होने उसका बड़ा भाई इंद्रपाल सिंह गए हुए थे। यहां पर पहले से मौजूद गांव के ही कुछ लोगों ने भाई के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। किसी तरह से भाई भागकर घर आया और घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद वह (शिकायतकर्ता) अपने बेटे मोहित और भाई इंद्रपाल के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और विरोध जताया जिसको लेकर उक्त लोगों ने एकराय होकर कुल्हाड़ी, लाठी डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर उसे बेटे और भाई सहित गंभीर रूप से घायल कर दिया। उक्त पूरे मामले में पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए उदयवीर, करणवीर, सत्यवीर, तेजवीर, अमर, अजीत, शुभ प्रताप, विश्व प्रताप निवासी सभी कैलिया के खिलाफ दफा 110, 115(2), 117(2), 191(2)(3), 352 बीएनएस में मुकदमा दर्ज के जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में संलग्न है।

### बजट सत्र में सर्वदलीय बैठक में प्रमोद तिवारी करेंगे विपक्ष का नेतृत्व, खुशी का माहौल



**लालगंज, प्रतापगढ़।** संसद के सर्वाधिक महत्वपूर्ण बजट सत्र में इस बार सर्वदलीय बैठक में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को कांग्रेस संसदीय दल की ओर से नेतृत्व के लिए अधिकृत किया गया है। बजट सत्र में विपक्ष के नेतृत्व की अहम जिम्मेदारी मिलने की जानकारी पर शनिवार को यहां समर्थकों व कार्यकर्ताओं में खुशी देखी गयी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने संयुक्त रूप से पार्टी के वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी को बजट सत्र को लेकर आगामी सत्ताईस जनवरी को होने वाली परम्परागत सर्वदलीय बैठक में नेतृत्व का दायित्व सौंपा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी के बेहतर संसदीय ज्ञान व राज्यसभा में अहम मुद्दों पर तार्किक क्षमता को देखते हुए यह बड़ी जिम्मेदारी सौपने का फैसला लिया है। संसद सत्र के दौरान बजट सत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण आंका जाता है। ऐसे में उच्च सदन राज्यसभा में प्रतिपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को विपक्ष की ओर से सदन में चर्चा के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर अपने पक्ष रखने की प्रभाविकता को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है। पार्टी नेतृत्व की ओर से प्रमोद को यह जिम्मेदारी मिलने की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जरिए विज्ञप्ति दी है। वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों में सांसद प्रमोद तिवारी के अनुभव को देखते हुए पार्टी के इस बड़े फैसले को लेकर खुशी भी देखी गयी।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन

**●उज्ज्वल भविष्य के लिए बालिकाओं को सशक्त बनाना हम सबकी भागीदारी - राजेश चौबे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** शनिवार को सोनभद्र विकास समिति एवं चाइल्ड राइट्स एंड यू के सहयोग से जनपद के कार्य क्षेत्र अतंर्गत ग्राम पंचायत रैपुरा मे राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर लेखन और संगोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन। जिसके क्रम में सोनभद्र विकास समिति के सचिव राजेश चौबे द्वारा बताया गया कि बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का दिन है, जिसकी शुरुआत 2008 में हुई; जिसके माध्यम से बालिकाओं की तस्वीर बदल रही है।जहाँ अब वे शिक्षा, खेल और नेतृत्व में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या और कुपोषण जैसी चुनौतियां अभी भी हैं, जिन्हें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं और कानूनों से दूर करने का प्रयास जारी है। जिससे वे समाज का गौरव और प्रगति का चेहरा बन सकें। इस दिवस का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना, लैंगिक भेदभाव को कम करना, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जोर देना है। बालिकाएं अब विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रक्षा और नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। समाज में बेटियों के प्रति सोच में बदलाव आया है। कानूनी उपाय जैसे बाल विवाह निषेध अधिनियम, पोस्को अधिनियम और सरकारी योजनाएं जैसे मिशन वात्सल्य, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन आदि बालिकाओं के कल्याण के लिए काम कर रही हैं। इन सबके बावजूद आज भी कुछ बालिकाएं शोषण एवं भेदभाव का शिकार है। बालिका लिंगानुपात में भले ही सुधार हुआ है, लेकिन बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाएँ अभी भी मौजूद हैं जिसे जड़ से समाप्त करना हम सबकी भागीदारी है। संस्था काउंसलर साधना सिंह द्वारा बताया कि बालिकाओं में एनीमिया और कम वजन जैसी पोषण संबंधी समस्याएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। जिसे समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। रीना शर्मा एवं सुनीता द्वारा अपने संबोधन मे बताया गया कि पितृ सत्तात्मक मानसिकता को खत्म करने और बालिकाओं को समान अवसर देने की आवश्यकता है। रीमा व रेखा द्वारा बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए उनके द्वारा लिखे गए निबन्ध पर भी प्रकाश डाला गया। अमरजीत द्वारा कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम में सोनभद्र विकास समिति के कोआर्डिनेटर, सामाजिक कार्यकर्त्ता सहित समुदाय की बालिकाएं एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चेरवाडीह में गरीबों को बांटे गये कंबल, पाकर होकर हुए लोग प्रफुल्लित

**कोन / सोनभद्र** –नव सृजित विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत चेरवाडीह में शासन के निर्देश व गरीबों के लिए ठंड से बचाव व शीतलहर से सुरक्षा के क्रम में राजस्व विभाग के लेखपाल के प्रतिनिधित्व गरीबों को नि :शुल्क कंबल वितरण किया गया।राजस्व विभाग व ग्राम प्रधान शारदा पासवान के सौजन्य से ग्राम पंचायत सचिवालय चेरवाडीह प्रागंण में गरीबों को बांटे गये कंबल। जहाँ कंबल पाकर लोग हुए प्रफ़ुल्लित। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान शारदा पासवान ने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बतातें चलें कि राजस्व विभाग के स्थानीय लेखपाल महेश प्रसाद द्वारा 50 कंबल और ग्राम प्रधान के द्वारा 150 कंबल गरीबों को निःशुल्क बांटा गया । इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप से कांग्रेस कमेटी कोन ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता व ग्राम प्रधान ने एक दूसरे को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंशु चौबे, राजकुमार जायसवाल, विनय कुमार भारती, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पं. सदस्य अयोध्या चेरो, ग्राम सभा सदस्य सहित सैकडों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एसपी कार्यालय के जनसुनवाई भवन का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उरई(जालौन)-** उत्तर प्रदेश के 77 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में पुलिस विभाग को बड़ी सौगात मिली है। पुलिस कार्यालय परिसर में जनसुनवाई के लिए एसपी कार्यालय के नए एवं उच्चीकृत भवन का निर्माण पूर्ण होने के बाद उसका विधिवत शुभारंभ किया गया। कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह, आईजी आकाश कुलहरी और डीएम राजेश कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया। एसपी डॉ दुर्गेश कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जन सुविधाओं और कानून व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाने के लिए संकल्पित है। इसी दिशा में पुलिस विभाग को मजबूत करते हुए जनसुनवाई प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस नए पुलिस कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि अब फरियादियों को अपनी शिकायत लेकर इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि एक ही छत के नीचे उन्हें बेहतर सुविधा और सम्मानजनक वातावरण मिलेगा। वही नए एसपी कार्यालय भवन में जनसुनवाई के लिए अलग से सुव्यवस्थित कक्ष बनाए गए हैं, जहां फरियादियों की शिकायतों को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सुना जाएगा। भवन में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सीधे जनसुनवाई किए जाने की व्यवस्था भी की गई है जिससे आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके। वही उद्घाटन कार्यक्रम के बाद अधिकारियों ने नए भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

## जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति तथा जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर शनिवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। न्याय पंचायत तेतरी खुर्द अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द में आयोजित शिक्षा चौपाल में खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों , छात्र -छात्राओं ,अभिभावकों व जनसमुदाय के बीच संवाद बढ़ाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। बीईओ ने निपुण प्रदेश बनाने की दिशा में चल रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों का आह्वान किया कि उनके खाता में प्राप्त 1200 रुपये का उपयोग अपने पाल्य के लिए यूनिफार्म ,जूता ,स्वेटर व बैग खरीदने में करें, बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। चौपाल में सेवानिवृत्त शिक्षक सैमसन इब्राहिम सहित बालजीत कुमार, रमेश कुमार , धीरेन्द्र यादव आदि ने भी अपना विचार रखा। न्याय पंचायत सोहांस अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सोहांस में आयोजित शिक्षा चौपाल में सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश सिंह व रामनरेश सहित मनोज कुमार, पवन उपाध्याय, रामचंद्र यादव, इरशाद आलम,बसंती ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कक्षावार निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप बच्चों को तैयार करने, कक्षाओं को आकर्षक और सीखने के अनुकूल बनाने पर प्रकाश डाला।

**एसआईआर की नोटिस की हुई सुनवाई**

सिद्धार्थनगर,उसका बाजार कस्बा में स्थित नगर पंचायत कार्यालय उसका बाजार पर शनिवार को एसआईआर फार्म में त्रुटि पर जारी नोटिस की सुनवाई हुई है। ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने बताया कि इस मौके पर कुल 53 लोग आए थे जिनका आवश्यक कागजात जमा किया गया जबकि कुल 2200 लोगों को एसआईआर के संबंध में नोटिस जारी की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है की नगर पंचायत कार्यालय पर अबिलम्ब आकर नोटिस का निस्तारण कर लें।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 132 जोड़े बने जीवनसाथी माया होटल में भव्य आयोजन

**● जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर –** जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा तहसील सदर क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 132 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम माया होटल में भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वर-वधू, उनके परिजन एवं आमजन उपस्थित रहे। सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं विशिष्ट अतिथि विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, ब्लॉक प्रमुख बलरामपुर एवं हरैया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा भोजन, पंडाल, सुरक्षा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराया गया, जिससे किसी भी वर-वधू अथवा उनके परिजनों को असुविधा न हो।

**योजना बनी गरीब परिवारों का सहारा**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु शासन द्वारा प्रति जोड़ा कुल एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से, 25 हजार रुपये उपहार एवं विवाह सामग्री हेतु तथा 15 हजार रुपये विवाह आयोजन व व्यवस्थाओं पर व्यय किए जाते हैं। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संबल बनते हुए बेटियों के सम्मानजनक विवाह को सुनिश्चित कर रही है और सामाजिक समानता की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में सामने आई है।

## बार एसोशीऐसान ने अधिवक्ताओं के लिए किया लाइब्रेरी का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर :-**शनिवार के दिन मौदहा तहसील परिसर में अधिवकाओं के लिए लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। लाइब्रेरी का उद्घाटन के मुख्य अतिथि एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने फीता काटकर किया।एमएलसी जीतेन्द्र सेंगर ने अधिवक्ताओ के उज्जवल भविष्य के लिए एक महत्व पूर्ण कदम बताया। लाइब्रेरी का मुख्य उद्देश्य नये अधिवक्ताओ के लिए कानूनी पहुंच को आसान बनाने के लिए व उनके भविष्य के लिए एक सुनहरा कदम भी है जहाँ पर नए अधिवक्ताओं को कानून की जानकारी करने मे और आगे बढ़ने में मदद करेगा।एमएलसी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा कुछ समय पहले आईपीसी(इंडियन पीनल कोड) को बदल कर बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) कर दिया गया ,जिसमें कई नए बदलाव भी किये गए हैं।कहा इस लाइब्रेरी में मौजूद नई कानून की पुस्तकों से नए कानून और नए बदलावों को समझने में मदद मिलेगी। तहसील परिसर में लाइब्रेरी खुलने से अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए इस कदम का स्वागत किया है।बताया यह कदम अधिवक्ताओं में नई ऊर्जा भरने का काम करेंगी।इस मौके पर अध्यक्ष अतुल सिंह परिहार भूमि विकास बैंक,अरविन्द शर्मा,शिखर मिश्रा तहसील दार मौदहा अजय तिवारी जिला प्रतिनिधि भाजपा रजा मोहम्मद चेयरमैन मौदहा आशुतोष सिंह कोतवाल मौदहा अध्यक्ष बार एसोशिएशन ब्रज किशोर त्रिवेदी महामंत्री जीतेन्द्र प्रजापति,कोषाध्यक्ष रमाकांत प्रजापति सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सोनभद्र में एंटी भू माफिया के तहत हो कार्रवाई: डॉक्टर धर्मवीर तिवारी

**●- बगैर परमिशन के अवैध प्लाटिंग के धंधा पर भूमाफियाओं का होता जा रहा कब्जा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज समेत जिले के अन्य तहसील क्षेत्रों में बगैर परमिशन के अवैध प्लाटिंग के धंधे पर भू माफियाओं का कब्जा होता जा रहा है। यह आरोप लगाते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर धर्मवीर तिवारी ने सोनभद्र में एंटी भू माफिया के तहत कार्रवाई की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि घटना होने के बाद जानकारी देने पर तहसीलदार, एसडीएम द्वारा कहा जाता है कि कोई मामला हो तो बताइए, जबकि ओबरा, घोरावल और रॉबर्ट्सगंज तहसील में दर्जनों जगहों पर प्लाटिंग का काम जारी है बिना परमिशन के अंधाधुंध प्लाटिंग की जा रही है। अधिकारियों के जानकारी के बावजूद राजस्व की बड़ी-भारी क्षति की जा रही है। ओबरा एसडीएम लगभग 2 सालों से एक ही जगह पर जमे हुए हैं ज्यादा समय तक एक ही तहसील में रहने के कारण भी यह स्थिति उत्पन्न हो रही है।

डॉक्टर धर्मवीर तिवारी ने कहा कि रावर्ट्सगंज तहसील में भूमाफिया हावी हैं और उन्हें तहसील अधिकारीयों का खुला संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने बताया कि यहां तहसीलदार, कानूनगो व लेखपाल भूमाफिया से मिलकर किसानों की जमीनों को औने-पौने दामों में खरीदवा कर बिना नियम को ध्यान में रखते हुए प्लाटिंग करवा रहे हैं। डा0 धर्मवीर तिवारी ने कहा की तहसीलदार और एसडीएम के भूमिका की गहनता से जांच कराकर कड़ी कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है। साथ ही इन लोगों के संपत्ति की भी जांच कराई जाए, ताकि जो लोग सरकार की छवि बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं ऐसे लोगों को जवाब मिल सके ।

### दिव्यांग बच्चों के समावेशी विकास व शिक्षण सहयोग पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन



**सोनभद्र।** विकास खण्ड घोरावल के ब्लॉक संसाधन केंद्र घोरावल में समेकित शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी विकास हेतु आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को हुआ। यह प्रशिक्षण 20 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक चला, जिसमें कुल 50 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों के साथ शिक्षण कार्य, उनके व्यवहारिक सहयोग तथा सहायक उपकरणों के उपयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं, ताकि शिक्षक विद्यालय स्तर पर बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सहयोग प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नियुक्त विशेष शिक्षक श्री संजय कुमार यादव एवं संतोष कुमार सिंह द्वारा दिया गया। प्रशिक्षणकर्ता टीम में संतोष शुक्ला, साधना सिंह, संतोष सिंह, बंदना, सुशील कुमार मिश्रा, रोहित कुमार तथा कमल कुमार मौर्य शामिल रहे। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष संजय मिश्रा समेत कई शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## अगवा की गई युवती को बरामद किया पुलिस ने, टाइगर फिर से गिरफ्त में

**●हिंदू संगठनों ने सड़क पर उतर कर दी थी आंदोलन की धमकी**

**मामला बर्खास्त सपा यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष द्वारा हिंदू युवती को अगवा करने का**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** हिंदू युवती को अगवा करने वाला सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का बर्खास्त जिलाध्यक्ष रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर को अल्टीमेटम के पहले ही एक बार फिर हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस उससे गहराई से पूछताछ कर रही है। इसी के साथ अगवा की गई युवती को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। उसका चिकित्सीय परीक्षण करा कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। शुक्रवार को हिंदू संगठनों द्वारा सड़कों पर उतर कर किए गए उग्र प्रदर्शन कर स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। पुलिस ने आंदोलनकारियों द्वारा दी गई मियाद के भीतर ही युवती की बरामदगी के साथ ही आरोपी को भी हिरासत में ले लिया है।

बता दें कि कस्बे से एक हिंदू युवती को रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर निवासी जवाहर नगर कोंच और उसका एक साथी उस्मान कुरैशी निवासी आराजी लेन कोंच 19 जनवरी को बहला-फुसला कर भगा कर ले गया था। युवती अपने साथ घर में रखे तीन लाख रुपए भी उठाकर ले गई थी। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने छोटू टाइगर और उस्मान के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर छोटू टाइगर को हिरासत में भी ले लिया था लेकिन बाद में उसको छोड़ दिया था जिससे हिंदू संगठनों के लोग आक्रोश में भर गए और सड़कों पर आकर उग्र प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम दिया था कि अगर चौबीस घंटे में आरोपी की गिरफ्तारी और युवती की बरामदगी न हुई तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। आंदोलन की चेतवनी के बाद पूरा पुलिस महकमा हरकत में आ गया और दी गई मियाद के भीतर ही न केवल युवती को बरामद कर लिया बल्कि आरोपी को भी एक बार फिर हिरासत में ले लिया। पुलिस के इस कार्य की लोगों ने सराहना की है। सीओ परमेश्वर प्रसाद का कहना है कि सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा पहले ही सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था। आरोपी रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अपहता को बरामद कर लिया गया है, उसका चिकित्सीय परीक्षण कराकर बयान के लिए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अग्रिम विवेचनात्मक कार्रवाई प्रचलित है।

## 13 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उरई(जालौन)-** रामपुरा थाना क्षेत्र में एक 13 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की हैवानियत से भरी वारदात सामने आई है। पीड़िता को गंभीर हालत में उरई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोप पास में ही रहने वाले एक 35 वर्षीय दुकानदार पर लगा है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता की माँ मूकबधिर है और पिता मानसिक रूप से विक्षिप्त है। परिजनों द्वारा पुलिस में तहरीर दिए जाने के बाद मामला सामने आया। हालांकि, शुरुआत में छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद आरोपी पर दुष्कर्म करने की धाराएं बढ़ा दी गई हैं। पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने धारा 164 के तहत दिए गए बयान में आरोपी द्वारा कई बार दुष्कर्म किए जाने की बात कही गई है। इसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर में भी कई बार दुष्कर्म करने की धारा बढ़ा दी है। जालौन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अधिकारियों और डॉक्टरों की निगरानी में पीड़िता का इलाज कराया जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता खून की कमी से जूझ रही है जिसके चलते उसे लगातार खून चढ़ाया जा रहा है। माधौगढ़ सीओ अम्बुज सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है और आरोपी को हिरासत में लिया गया है। जांच पड़ताल पूरी होने के बाद आरोपी पर दुष्कर्म की धाराएं बढ़ाई गई है। आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### नाबालिग किशोरी को फुसलाकर ले गया, रिपोर्ट दर्ज

**कोंच(जालौन)-** बहला फुसलाकर नाबालिग किशोरी को भगा कर ले जाने के आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। नगर की कांशीराम कॉलोनी निवासी एक पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 23 जनवरी को कॉलोनी का ही रहने वाला रोहित पुत्र अरविंद उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर घर से अपने साथ भगा ले गया। उसने बेटी की काफी तलाश की लेकिन बेटी का अब तक कहीं कोई पता नहीं चल सका है। अनहोनी की आशंका से परेशान पिता ने मामले में पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दफा 137(2) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अब किशोरी और आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है।

## धूमधाम से मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवसभारत रत्न पं0 अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में धूमधाम से मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर भारत रत्न पं0 अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता मा. प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले/जनपद के प्रभारी मंत्री आशीष कुमार पटेल द्वारा की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की गौरवशाली परंपरा, समृद्ध संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत को प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकनृत्य, लोकगीत तथा देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। यूपी दिवस के अवसर पर मा. प्रभारी मंत्री द्वारा विभिन्न लाभपरक परियोजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट, डेमोचेक, प्रशस्ति पत्र तथा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल देश का सबसे बड़ा राज्य है, बल्कि यह सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से भी देश को दिशा देने वाला प्रदेश रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आवास, रोजगार एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँच रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रदेश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपनी प्रतिभा के बल पर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें।

जनपद के मा. प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना व मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल एवं जिला स्तरीय अधिकारी ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जनपद की विभिन्न विभागों द्वारा भारत रत्न पं0 अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, एक जिला एक व्यंजन, जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, पंचायतीराज विभाग, बेसिक शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष विभाग, पर्यटन विभाग, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, पुलिस विभाग, कृषि उत्पादक समूह (एफपीओ), कृषि, रेशम, मत्स्य, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन(स्वयं सहायता समूह), बाल विकास एंव पुष्टाहार, ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, वन विभाग, गन्ना विकास विभाग, दुग्धशाला विकास विभाग, उद्यान एवं परसंस्करण विभाग व अन्य विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टाल का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होने तिरंगे गुब्बारे को आकाश मे छोड़कर प्रदेश की एकता और गौरव का संदेश दिया। उन्होने कहा कि हमारा उ.प्र. मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन ऊचाईयों के शिखर पर एवं विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के गरीब, असहाय व अन्तिम छोर पर रहने वाले व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में मा. विधायक हर्रैया अजय सिंह, मा. जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, विधायक हर्रैया प्रतिनिधि सरोज मिश्र, महादेवा के फूलचन्द्र श्रीवास्तव, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, सीडीओ सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, डीडीओ अजय कुमार सिंह, पीडी राजेश कुमार, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, डीपीओ राजेश कुमार, डीआईओएस संजय सिंह, बीएसए अनूप तिवारी, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, पर्यटन अधिकारी विकास नारायण सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया। कार्यक्रम के पश्चात् जनपद के मा. प्रभारी मंत्री ने भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पुरी ठाकुर जी के जन्म जयंती कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# संक्षिप्त खबरें

## जालौन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का लोकार्पण



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद जालौन में नवनिर्मित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी; जिलाधिकारी, जालौन; पुलिस अधीक्षक, जालौन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण की



**कानपुर।** 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस आयुक्त कार्यालय, कमिश्नरेट कानपुर नगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है तथा प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है कि वह अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे स्वयं भी मतदान करें तथा समाज के अन्य लोगों को भी निष्पक्ष एवं निर्भीक रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्भीक मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## राज्य परिवहन मंत्री का हादी हाल में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के जनपद प्रतापगढ़ आगमन पर तुलसी सदन हादीहाल, प्रतापगढ़ में उनका औपचारिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।मंत्री जी के आगमन पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा व अन्य राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे एवं पुलिस लाइन से आए दल द्वारा पारंपरिक सम्मान-गार्ड ऑफ ऑनर सलामी भी प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम के दौरान जनपद में संचालित दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मंत्री द्वारा मौके पर लगाई गई प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया गया।

## तीन निरीक्षकों का हुआ तबादला

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा तीन निरीक्षकों में निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना लीलापुर से प्रभारी निरीक्षक थाना कुण्डा, निरीक्षक आदित्य कुमार सिंह क्राइम ब्रांच से प्रभारी निरीक्षक थाना लीलापुर, निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित प्रभारी निरीक्षक थाना कुण्डा से पुलिस लाइन के लिए तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया है।

# बेटियों को सशक्त व शिक्षित बनाना समय की जरुरत - डा0 शिव प्रताप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** बेटियों को सशक्त व शिक्षित बनाना आज के समय की जरुरत है, क्योंकि सशक्त बेटियां समृद्ध भारत का निर्माण करती हैं।उक्त विचार तरुण चेतना द्वारा शनिवार को आयोजित महामाया बालिका इंटर कालेज दीवानगंज में प्रधासनाचार्य डॉ0 शिव प्रताप सिंह ने व्यक्त किया।सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के सामने निरंतर मौजूद रहने वाली-लैंगिक भेदभाव, कन्या भ्रूण हत्या, बाल लिंगानुपात से जुड़ी चुनौतियों, बाल विवाह, तथा शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंच में बाधाओं जैसी असमानताओं को दूर करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। समारोह की शुरुआत में आयोजक संस्था तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस बेटियों के अधिकारों को प्रोत्साहित करने, उन्हें सम्मान और समानता देने का उत्सव है, जो हर साल 24 जनवरी को पूरे देश में मनाया जाता है ताकि समाज और सरकार मिलकर बेटियों के अधिकार, उनके सपने और उनकी संभावनाओं को सम्मान दे सकें। 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए इस दिवस का उद्देश्य लड़कियों को सशक्त बनाने और ऐसा माहौल बनाने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।अंसारी के अनुसार राष्ट्रीय बालिका दिवस बेटियों के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक अवसर है।इसी क्रम में एएचटी थाना के प्रभारी संजय यादव ने बालिकाओं को उत्साहित करते हुए कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम मे विद्यालय की छात्रा श्रेया तिवारी, प्रथा सिंह, संध्या सरोज ने भाषण के माध्यम से सक्रिय सहभागिता निभाई और बालिका शिक्षा और अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक हकीम अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा करने और उनका समाधान करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इनमें बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या और शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की कमी जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसी क्रम मे तरुण चेतना के उप निदेशक श्याम शंकर शुक्ल ने कहा कि लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने, कन्या भ्रूण हत्या जैसे मुद्दों को संबोधित करने, घटते लिंगानुपात के बारे में जागरूकता बढ़ाने और बालिकाओं के लिए अधिक समावेशी और न्यायसंगत वातावरण को बढ़ावा देने पर मुख्य ध्यान दिया जाता है। मोदी सरकार ने 2015 में अपनी प्रमुख योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य विभिन्न उपायों के माध्यम से बाल लिंग अनुपात को बढ़ावा देना और लड़कियों को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत के अंतर्गत बाल विवाह के विरोध में शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्राओं को डाबर का रियल जूस व वाटिका शैम्पू भी बाँटा गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सिद्धार्थ शुक्ल, मानसी सिंह, लक्ष्मी जायसवाल व जान्हवी जायसवाल सहित कई शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं तरुण चेतना संस्था से हुस्नारा बेगम, कलावती उपस्थित रही।

## कानपुर में रिमझिम बारिश गलन बढ़ी, पारा नौ डिग्री पहुंचा



**कानपुर।** कानपुर में देर रात रिमझिम बारिश हुई, शनिवार सुबह मौसम ठंडा बना हैं, बीतें दो दिनों से धूप निकल रही थी, जिससे दिन का तापमान बढ़ रहा था, शुक्रवार दिन भर तेज सर्द हवा चलतीं रही मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी शहर में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 9,0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से 1,7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा, वहीं अधिकतम तापमान 24,4 डिग्री सेल्सियस रहा,जो सामान्य से 3,8 डिग्री ज्यादा रहा,,शाम होते ही सर्द हवाओं ने गलन बढ़ाई मौसम के चलते 15 ट्रेनें अपने तय समय से कानपुर सेंट्रल देरी से पहुंची, मौसम विशेषज्ञ डॉ एस एन सुनील पांडेय ने बताया कि शनिवार दोपहर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आगे निकलने के कारण हवा की गति 6,20 किमी ,प्रति घंटा तक रह सकतीं हैं, बादलों की आवाजाही दिन भर बनी रहेगी, बादलों के कारण धूप नरम रहने की संभावना है, तापमान में एक से तीन डिग्री का उतार चढ़ाव रहेगा।

# सदर प्रतापगढ़ को हराकर स्टेडियम बॉयज ने खिताब जीता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित की गई एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद से कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सुजीत राय अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण ने किया। मुख्य अतिथि ने सभी टीमों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया।प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला स्टेडियम बॉयज प्रतापगढ़ और रानी राजेश्वरी कुमारी इंटर कालेज के बीच खेला गया, जिसमें प्रतापगढ़ विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला अजिंक्य स्पोर्ट्स अकादमी और सदर प्रतापगढ़ के बीच खेला गया जिसमें सदर प्रतापगढ़ विजेता रही। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्टेडियम बॉयज और सदर प्रतापगढ़ के बीच खेला गया।बेहद ही कांटे के मुकाबले में स्टेडियम बॉयज ने सदर प्रतापगढ़ को हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया।प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक के रूप में कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव , सौरभ, वंश, प्रिंस ,ओम पांडेय रहे।चुनाव आयोग के निर्देशानुसार एक शपथ भी सभी खिलाड़ियों प्रशिक्षकों अधिकारियों द्वारा ली गई, जिसमें सभी ने भारतीय लोकतंत्र की परम्पराओं का निर्वहन करते हुए अपने मताधिकार प्रयोग की शपथ ली।इस अवसर पर उप खेल अधिकारी और ताइक्वांडो प्रशिक्षक रंजीत यादव,पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला,पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह,तलवार बाजी प्रशिक्षक लवली मिश्रा,जिला क्रिकेट संघ के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना,कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह रहे।

## मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत मिला ट्रैक्टर



**घाटमपुर।** घाटमपुर मंडी समिति ने प्रगति शील किसान को किया ट्रैक्टर प्रदान,, आपको बताते चलें कि घाटमपुर की कृषि उत्पादन मंडी समिति बरीपाल में मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत एक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस दौरान ग्राम कल्याण पुर मजरा इटर्रा के प्रगतिशील किसान ओमप्रकाश सचान को एक ट्रैक्टर प्रदान किया गया है, मंडी सचिव अरूण कुमार सविता ने बताया कि यह पहल किसानों को मनोबल बढ़ाने और आधुनिक कृषि यंत्रों की सहायता से खेती को अधिक सुलभ सुलभ लाभप्रद बनानें में सहायक होंगी उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार की यह योजना किसानों को प्रोत्साहित करने और उन्हें कृषि क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, मंडी समिति के सचिव अरूण कुमार सविता, और सभी कर्मचारियों ने ओमप्रकाश सचान को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# सपा कार्यालय में कर्पूरी ठाकुर का जन्म दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के कार्यकर्ताओं तथा पीडीए मिशन की युवा टीम की संयुक्त बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में दिन में सपा कार्यालय में समाजवादी चिंतक भारत रत्न से विभूषित लोकतंत्र के रक्षक गरीबों के मसीहा श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर का 102 वर्षीय जन्म दिवस शताब्दी वर्ष पर मनाया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण किया और संबोधन करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी सदैव शोषित पीड़ित दलित और अल्पसंख्यकों के हितों के लिए संघर्ष करते रहे और युवाओं के आवाहन कर छुआछूत तथा जातीय बंटवारे के अन्याय के विरुद्ध जन जागरण अभियान चलाकर 85 फरीदी को महत्व देने की अग्रसर रहकर भारत यात्रा की।महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि मई सन 1974 में श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर जी कानपुर आए और नवीन मार्केट की छत पर स्वर्गीय रघुनाथ सिंह तथा पूर्व विधायक बाबू बदरे तथा रेवा शंकर त्रिवेदी के साथ बैठक कर समाजवादी चिंतन शिविर युवाओं का आयोजित कर परिवर्तन का संदेश दिया जो आगे चलकर 1977 में देश में राजनीतिक परिवर्तन हुआ कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी, आनंद शुक्ला, महेन्द्र सिह,अरमान खान, कीर्ती अग्निहोत्री, मुमताज मंसूरी, नवीन दीक्षित, यूनुस बदरे, हेमंत गुप्ता, कृपाशंकर यादव, इशरत इराकी आदि लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा गरीब मजलूमों व ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है - डॉ नीरज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शनिवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 24,सदर बाजार में जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं एसआईआर जिला कोऑर्डिनेटर रामशिरोमणि वर्मा के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन एवं मनरेगा बचाओ संग्राम से संबंधित महत्वपूर्ण चौपाल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी एवं जिला उपाध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। वर्तमान सरकार लगातार मनरेगा को कमजोर करने की साजिश कर रही है एवं मजदूरों के अधिकार छीने जा रहे हैं, जिसे कांग्रेस किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगी। मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में पूरी तरह बहाल करना हमारी प्रमुख मांग है। इस अवसर पर मनरेगा जिला कोऑर्डिनेटर रवि भूषण सिन्हा एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पट्टी सुनीता सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से कहा कि मनरेगा कानून मजदूरों का वैधानिक और संवैधानिक अधिकार है। वीबी ग्राम जी कानून को तत्काल रद्द किया जाए तथा मनरेगा को पूर्ण रूप से बहाल कर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। कांग्रेस पार्टी मजदूरों की आवाज़ को सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाएगी और गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी।

कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता मासूम हैदर ने संयुक्त रूप कहा कि एसआईआर के जरिए भाजपा चुनाव आयोग से मिली भगत कर लोकतंत्र पर चोट पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार छीनना और मजदूरों के हाथ से काम वापस लेना भाजपा का सबसे बड़ा छल व कपट है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पौने तीन करोड़ मतदाताओं का नाम एसआईआर के जरिए मतदाता सूची से हटाया गया है। भाजपा सरकार संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है।इस अवसर पर मुख्य रूप से सामाजिक भागीदारी संवैधानिक अधिकार मंच के जिला अध्यक्ष एडवोकेट ऋषिराम वर्मा, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा,सुधीर तिवारी,कपिल ओझा,ओम प्रकाश सरोज, हजारी लाल वर्मा,मण्डल अध्यक्ष शुभम शुक्ल,देवमणि पाण्डेय, नूर आलम, सुभाष चंद्र वर्मा, कौशल सिंह,वीरेंद्र कुमार, रामचंद्र पटेल, मोहम्मद इदरीश, एल.बी पटेल, दयाशंकर सिंह, घनश्याम यादव, सुनील वर्मा, रामकरन वर्मा, अरविंद वर्मा, कृष्ण बहादुर पटेल, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# घाटमपुर बस स्टॉप का सौंदर्यीकरण शुरू



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने 50 लाख रुपए के कार्यो का शिलान्यास किया, बोलीं लोगों को होगी सुविधा, घाटमपुर कस्बे के कानपुर सागर हाइवे पर स्थित बस स्टॉप के सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है, घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ लगभग 50 लाख रुपए की लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण कामों का शिलान्यास किया, इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने जो काम कहा वो पूरा कर रही है, बीतें दिनों घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने परिवहन मंत्री दयाशंकर को पत्र लिखकर घाटमपुर बस स्टॉप के सौंदर्यीकरण की मांग की थी, विधायक की पहल पर परिवहन विभाग द्वारा इसके लिए बजट स्वीकृत किया गया, जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय व्यापारियों ने बस स्टॉप परिसर में निर्माणाधीन शौचालय की छत डलवाने की मांग रखीं,, व्यापारियों का कहना था कि उनके घर बस स्टॉप से सटे हुए हैं, ऐसे में शौचालय में छत होना आवश्यक है इस पर विधायक ने संज्ञान लेते हुए ठेकेदार को शौचालय में छत डलवाने का निर्देश दिया, और व्यापारियों को आश्वस्त किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सरोज कुरील ने कहा कि सौंदर्यीकरण काम पूर्ण होने के बाद रोडवेज बसें सीधे बस स्टॉप से होकर गुजरेगी, जिससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी, उन्होंने मंत्री दयाशंकर का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके सहयोग से घाटमपुर वासियों को यह महत्वपूर्ण सुविधा मिलने जा रही है, विधायक ने यह भी बताया कि वह घाटमपुर कस्बे की जल निकासी व्यवस्था सुधारने के लिए नाला निर्माण तथा नगर में एक बडी बारात शाला निर्माण की दिशा में प्रयासरत हैं, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस के पर हुआ बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम

**हमीरपुर :-** जनपद मुख्यालय के इस्लामियां प्राइमरी स्कूल में शनिवार के दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं PCPNDT (Pre-Conception and Pre-Natal Diagnostic Techniques - Act) को केन्द्रित करते हुये कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह से होने वाले नुकसान एवं उनको रोके जाने की व्यवस्था तथा PCPNDT (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम तथा बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। बताया कि बाल विवाह करने व कराने वाले तथा उत्प्रेरित करने वाले व्यक्ति को 2 वर्ष की तक की सजा व एक लाख रूपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष विभा भारती द्वारा बालिकाओं के हित में चलायी जा रही उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर इस्लामियॉं इण्टर कॉलेज से सरवर खान, बाल कल्याण समिति की सपोर्ट परसन हुमैरा हाशमी, स्कूल के प्रबंधक, अध्यापकगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कार्यालय लिपिक मो0 असलम व डाटा इन्ट्री ऑपरेटर कीर्ति सागर आदि उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा की जागरूकता हेतु निकाली गई बाइक रैली



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 31.01.2026 तक) जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 24.01.2026 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जनपद कानपुर नगर में सड़क सुरक्षा के नियमों एवं सड़क पर सुरक्षित यात्रा के प्रति जनपद वासियों के जागरूकता हेतु जन जागरूकता बाइक रैली व प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं दो पहिया वाहन चलाते समय तथा पीछे बैठे व्यक्ति को अनिवार्य रूप से हेल्मेट लगाने तथा दोपहिया वाहन चालकों को छोड़कर अन्य समस्त वाहन चालकों को एवं उसमें बैठे यात्रियों/व्यक्तियों को सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने, रांग साईड तथा तेज गति से वाहन न चलाने हेतु जागरूक करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी गई एवं सडक सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु कहा गया । इसके अतिरिक्त प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा आज दिनांक 24.01.2026 को हेलमेट, सीट बेल्ट एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, ड्रंकन ड्राइविंग एवं अनधिकृत रूप से संचालित बसों के विरूद्ध तथा अन्य अभियोगों में कार्यवाही की गयी ।

## निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 145 मरीजों की जांच




**बलरामपुर-** ललिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हाथीगर्दा में एक निःशुल्क के नेत्र परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया है पहल वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण कैंप में 145 मरीजों के आंख सफल परीक्षण किया गया इस कैंप का आयोजन प्रधान अनूप तिवारी के आवास पर किया गया इस शिविर में 145 मरीजों को निशुल्क दवा वितरण किया गया जांच के दौरान 10 मरीजों को गहन परीक्षण के लिए अस्पताल बुलाया गया है । इसके अतिरिक्त जांच में 15 वयोवृद्ध में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई उन्हें मोतियाबिंद ऑपरेशन करने के लिए सुझाव दिया गया है इस निःशुल्क नेत्र शिविर के आयोजन से क्षेत्र के गरीब एवं बुजुर्ग लोगों को नेत्र संबंधी जांच एवं उपचार में सहायता मिली है।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के बुद्ध प्रेक्षागृह में शनिवार को आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को कुलपति प्रो कविता शाह के मार्गदर्शन एवं कुलसचिव डॉ अश्वनी कुमार की प्रेरणा तथा प्रो नीता यादव अधिष्ठाता छात्र कल्याण की अध्यक्षता में बहुत ही बेहतर तरीके से आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के विभिन्न संकाय एवं विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा उत्तर प्रदेश से संबंधित लोकगीत, लोकनृत्य, भाषण, रंगोली एवं व्यंजन तथा नाट्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया है। उक्त सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर एवं संविलयन माध्यमिक विद्यालय काशीपुर, विकास क्षेत्र बर्डपुर के छात्र छात्राओं द्वारा शानदार समूह नृत्य एवं भाषण कार्यक्रम की मनभावन प्रस्तुति की गई। उक्त कार्यक्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो हरीश कुमार शर्मा, प्रो सत्येन्द्र कुमार दुबे, प्रो प्रकृति राय, प्रो सुनील कुमार श्रीवास्तव, प्रो सौरभ कुमार, डॉ सुनीता त्रिपाठी, डॉ विशाल गुप्ता, डॉ वन्दना गुप्ता, डॉ अविनाश प्रताप सिंह, डॉ रविकांत शुक्ला, डॉ हृदय कांत पाण्डेय, डॉ सत्यम मिश्रा, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ किरण गुप्ता, डॉ सरिता सिंह, डॉ नीरज सिंह, डॉ रेनू त्रिपाठी, डॉ अमित कुमार साहनी, डॉ अब्दुल हफीज, तथा अन्य प्राध्यापक, छात्र छात्रा एवं कर्मचारी अधिक संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत डॉ यशवन्त यादव, सहायक आचार्य, इतिहास विभाग द्वारा तथा अध्यक्षीय उद्बोधन एवं आभार ज्ञापन प्रो नीता यादव अधिष्ठाता छात्र कल्याण जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश का विकास और विरासत विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। भाषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एमएससी की छात्रा सुहासिनी श्रीवास्तव द्वितीय स्थान पर एमएससी की छात्रा आरती सनी तथा तृतीय स्थान पर मां के छात्र अतुल उपाध्याय रहे कार्यक्रम के संयोजक बा विभाग के सहायक आचार्य डॉ विवेक कुमार वर्मा के नेतृत्व में भाषा प्रतियोगिता संपन्न हुआ ।

## फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने पर अभियान के जरिए जोर




**लालगंज, प्रतापगढ़।** फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। सांगीपुर विकासखण्ड में चकबंदी अधिकारी अविनाश पाण्डेय द्वारा शनिवार को हरी झंडी दिखाकर फार्मर रजिस्ट्री प्रचार वाहन को रवाना किया गया। उन्होने बताया कि वाहन उप जिलाधिकारी लालगंज द्वारा निर्धारित रूट मैप पर क्षेत्र के मुस्तफाबाद, खानीपुर, पूरे नेवल, रांकी, राहाटीकर, अठेहा, ननौती, पेड़रिया, मंगापुर, रामनगर कोल आदि क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर राजकुमार सिंह, अमित कुमार मौर्य, राजेश, सियाराम, जगत नारायण, अभिषेक सिंह, अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# त्रिलोकपुर थाना समाधान दिवस में आए हुए मामले का मौके पर हुआ का निस्तारण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के त्रिलोकपुर थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय ने की। समाधान दिवस में आए एक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। वहीं पूर्व से लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से हल करना है। लंबित मामलों में ठोस कार्रवाई कर उन्हें जल्द निपटाया जाएगा। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी बिस्कोहर अमित कुमार शाही, उपनिरीक्षक शिवाकांत राय, शिव नारायण सिंह, विजय प्रसाद, गणेश कुमार, विजय कुमार, हेड कांस्टेबल मानसिंह सहित कांस्टेबल रवि कुमार यादव, सागर जायसवाल, नितिन पाठक, अरविंद कुमार पटेल, सोनू शर्मा मौजूद रहे।इसके अलावा राजस्व निरीक्षक मोहम्मद अबू शमा, मो. फारुक तथा हल्का लेखपाल अमरजीत चौधरी, राम कुमार तिवारी, प्रभाकांत मौर्य, राजकुमार, प्रभाकर मिश्रा, धर्मेन्द्र कुमार, विजय कुमार, रामगोपाल श्रीवास्तव, शिवकुमार वर्मा, अंकुर सहित क्षेत्र के किसान रामधीरज सोनी, चंद्रबली मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना समाधान दिवस में 26 शिकायतें, अधिकांश राजस्व से संबंधित

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर सर्किल क्षेत्र में जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने थानों पर पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। इनायतनगर थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार एवं क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह ने थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा के साथ जनसुनवाई की। यहां कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 मामले राजस्व से संबंधित रहे। एक प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। थाना खण्डासा में नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। यहां 9 फरियादियों ने अपने शिकायती पत्र प्रस्तुत किए। वहीं थाना कुमारगंज में प्रभारी तहसीलदार रंजन वर्मा ने थानाध्यक्ष संतोष कुमार के साथ जनसुनवाई की। इस दौरान 7 शिकायतें दर्ज की गईं। इस प्रकार मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों में अपराह्न दो बजे तक कुल 26 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, राजस्व से संबंधित विवाद कम होने का नाम नहीं ले रहा, जिसकी बानगी आज देखने को मिली। अधिकांश मामले राजस्व से जुड़े रहे। अधिकारियों ने संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

### दीक्षांत समारोह में छात्रों को दिए मेडल




**हमीरपुरः–** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सुमेरपुर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया , जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने किया। प्रदर्शनी में मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के छात्र छात्राओं ने मॉडल प्रस्तुत किए। मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सिविल इंजीनिरिंग में इस वर्ष उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस वर्ष में श्रेष्ठ तीन स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में दीक्षांत समारोह में प्रधानाचार्य विवेक कुमार सक्सेना ने संस्था की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि संस्थान सेवा योजन की प्रतिबद्धता के लिए वचनबद्ध है। इस अवसर पर अलग अलग ट्रेड में प्रथम स्थान पाने वाले निखिल राज साहू, शुभम साहू,विवेक कुमार, अनुज कुमार,मेहरदीप, अमन कुमार, अंशु कुमार व विक्रांत प्रजापति को गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान की विभागाध्यक्ष गीता गौतम, पंकज सिंह, डॉ.आशीष कुमार मिश्रा,बीएस दिवाकर, सौम्या पांडे, आलोक कुमार, रमन सिंह, राहुल सिंह, रामकुमार सचान, मनोज कुमार,अभिषेक गुप्ता सहित विद्यालय परिवार एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार ने की मिस मैपिंग केसों की सुनवाई




**हमीरपुरः–** मौदहा तहसील परिसर में शनिवार के दिन एस. आई. आर. के फार्म भरने में नाम, पता या सम्बधियों के नाम मैंच नहीं करने पर जारी की गई नोटिसों की नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने सुनवाई की। इस दौरान भारी संख्या में ऐसे मतदाता मौजूद रहे। मतदाता सूची विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण यानि एस. आई.आर. के तहत मतदाताओं द्वारा फार्म भरने में रह गई कमियाँ या नाम, पता या परिजनों के नाम नहीं मिलान होने पर ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी की गई हैं जिनकी सुनवाई नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मुस्करा में की इस दौरान भारी संख्या में ऐसे मतदाता मौजूद रहे। इस सम्बन्ध में नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने बताया कि उन्हें मुस्कुरा बीआरसी में लगाया गया है जिसके चलते तीन दिन में उन्होंने तिहत्तर नोटिसों की सुनवाई की है और अभी सुनवाई का सिलसिला जारी है। बाकि उनकी कोशिश यही है कि,कोई भी मतदाता न छूटने पाए।

# वन विभाग की दोहरे मापदण्ड से उपजते सवाल

**● बाघ की मौत मामले में दोषियों के ऊपर अब तक कार्यवाही का अभाव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दिनेश चौधरी की रिपोर्ट

**शहडोल उमरिया–** उमरिया जिले के चंदिया वन परिक्षेत्र में पिछले माह कथली नदी के किनारे बाघ की हत्या के मामले में दोषी वन कर्मचारियों के ऊपर अब तक कार्यवाही नहीं किये जाने से वन मंडलाधिकारी की कार्यवाही पर तीखे सवाल खड़े करके रख दिया है, जबकि नौरोजाबाद परिक्षेत्र के कल्दा बीट में राजस्व भूमि पर खैर के वृक्षों की कटाई को अवैध मानते हुए वन मंडलाधिकारी ने वन रक्षक और वन पाल को निलंबित करने का फरमान जारी किया गया है। इतना ही नही इसी तरह नौरोजाबाद परिक्षेत्र के मनेरी बीट में राजस्व गाँव करौंदी के खेत से दो सागौन वृक्ष का मामले में भी विभाग चुप्पी साधे बैठा हुआ है।

ज्ञात होवे की चंदिया वन परिक्षेत्र के अन्तर्गत पिछले 12 दिसंबर 2025 को कथली नदी के किनारे बिजली के करेंट से एक बाघ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था, वन विभाग ने बाघ के हत्या के लिए छह आरोपियों को पकड कर न्यायालय भेंज दिया, साथ ही इस मामले में दोषी पाये गये वन कर्मचारियों की जांच शुरू कर दी जांच में विभाग के कतिपय कर्मचारियों को दोषी पाया गया था, जिसकी जांच प्रतिवेदन वन परिक्षेत्राधिकारी और उप वन मंडलाधिकारी उमरिया की अनुशंसा सहित वन मंडलाधिकारी उमरिया के दफ्तर में पिछले एक माह से धूल खा रही है, लेकिन इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्यवाही न होने से अधिकारियों पर कतिपय कर्मचारियों को बचाने के आरोप लगाये जा रहे हैं। नौरोजाबाद परिक्षेत्र के कल्दा बीट के कर्मचारियों के ऊपर हुई कार्यवाही से वन विभाग को कटघरे में खड़ा करता है, विभागीय कार्यवाही में इस तरह की असमानता बरतने के पीछे राज क्या छिपा है।

विदित होवे की बाघ एक राष्ट्रीय पशु है और उसके रख रखाव के लिए बाघ अभयारण्य बनाकर पाल रही है और उसके हत्या के लिए दोषियों को जहाँ एक ओर जेल की हवा खा रहे हैं उसी मामले में




विभागीय कर्मचारियों के दोष साबित होने के बाद कार्यवाही न किया जाना विभाग के आला अधिकारी की कार्यवाही को न सिर्फ सवालों के घेरे में बताया जा रहा है, उन पर पक्षपात और विसंगति पूर्ण कार्यवाही के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। इस संदर्भ में वन मंडलाधिकारी विवेक सिंह से दूरभाष पर 9407199140 से संपर्क किया गया लेकिन नेटवर्क न होने के कारण बात नहीं हो पायी।

### प्राथमिक विद्यालय अभिया में शिक्षा चौपाल संपन्न



**भदोही**/सुरियावा दिनांक 24/01/2026 को प्राथमिक विद्यालय अभिया के प्रांगण में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत न्यायपंचायत पूरे मनोहर की शिक्षा चौपाल बैठक आयोजित हुई। जिसमें पूरे न्यायपंचायत से सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षक संकुल तथा अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नोडल शिक्षक संकुल नंदराज मौर्य द्वारा निपुण भारत कार्यक्रम शिक्षा गुणवत्ता एवं व्यवस्थाएं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, तथा प्राथमिक विद्यालय अभिया के प्रधानाध्यक पूर्व एआरपी जितेन्द्र कुमार द्वारा उपस्थिति, नवाचार, TLM प्रदर्शन राष्ट्रीय आविष्कार आदि के लिए अध्यापकों एवं बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दीपक सिंह, राजधर, रामरती पाल, अवलेश, प्रदीप, दिनेश चन्द यादव, शिव शंकर जी, साधना, जितेन्द्र, नीलम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## करियर चुनाव में मन की सुनें छात्र- यथार्थ मिश्र

**● मॉडल इंटर कॉलेज खसरौल में आयोजित करियर मेले में विशेषज्ञों ने दिए टिप्स**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भरावन (हरदोई)।** पीएम श्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज खसरौल भरावन में शनिवार को करियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को करियर चयन को लेकर मार्गदर्शन दिया। एक्सपर्ट अवधेश त्रिपाठी ने कहा कि करियर का चुनाव करने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। उन्होंने लता मंगेशकर का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को तन-मन से लक्ष्य पर डटे रहने की प्रेरणा दी। अतरौली आईटीआई के प्रधानाचार्य मुकेश मिश्रा ने बताया कि आईटीआई में 12 विभिन्न ट्रेड उपलब्ध हैं, जिनमें छात्र अपने भविष्य के अनुसार करियर चुन सकते हैं।

यथार्थ मिश्रा ने तकनीकी क्षेत्र में करियर



की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए प्रश्न-उत्तर के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाएं दूर कीं। उन्होंने कहा कि करियर चुनाव में छात्र अपने मन की सुनें। जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुनील पटेल ने अनौपचारिक संवाद में गोपनीयता और लक्ष्य पर फोकस रखने की बात कही। कॉलेज के प्रधानाचार्य रामसुजन मिश्रा ने भी लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विशाला देवी इण्टर कॉलेज ज्ञानेंद्र शुक्ला,डॉ. श्वेता, हरगोविंद सिंह, अंजली सिंह, रवि वर्मा, संजू वर्मा, अर्चना सिंह, राहुल कुमार, राज बहादुर सिंह, पंकज अवस्थी, शीतला प्रसाद शर्मा, शुभम कुमार, मनोज तिवारी, नदीम व विनोद यादव रहे।

## गुवाहाटी में नाथ योगी समुदाय के कई संगठनों की संयुक पहल में किया प्रदर्शन, कामरूप जिला प्रशासन के जरिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**● पांच सौ से अधिक प्रदर्शनकारियों ने अलग-अलग मांगों को नारेबाजी से गूंज उठा चचल।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

असम प्रदेश योगी सम्मेलन और नाथ योगी छात्र संस्था की संयुक्त पहल में नाथ योगी युवा परिषद, नाथ योगी जातीय परिषद, नाथ योगी पुरोहित सम्मेलन और नाथ योगी महिला सम्मेलन के असम के सहयोग में आज राज्य के राजधानी के निकट गुवाहाटी के चचल में धरना प्रदर्शन किया।

असम के अलग-अलग हिस्सों से पांच सौ से अधिक नाथ योगी पुरुष और महिलाएं एकत्रित होकर अपने संवैधानिक अधिकारों की मांगो को प्ले कार्ड लेकर जिन पर अलग-अलग मांगें लिखी थीं: असम के मूलनिवासी नाथ योगि समुदाय को पूर्ण आरक्षण श्रेणी का दर्जा देना, नाथ योगी सैटेलाइट ऑटोनॉमस काउंसिल असम गठन कर देना, ट्राइबल बेल्ट और ब्लॉकों के साथ-साथ जनजाति ऑटोनॉमस काउंसिल के इलाकों में रहने वाले नाथ



योगियों को ज़मीन के अधिकार देना, मुख्यमंत्री के किए वादे पूरे करना, हमें न्याय चाहिए, हर हर महादेव आदि नारेबाजी से माहौल गर्म करते हुए दिखाई दी।

गैरतलब हे की असम में नाथ योगी समुदाय ने साल 2012 से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन एवं लोकतांत्रिक आन्दोलन के जरिए सरकार से असम में रहने वाले मूलनिवासी नाथ योगियों के लिए 1098 में राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए भूमि के अधिसूचना को कानून में तब्दील कर पूर्ण तरह से आरक्षित वर्ग का मर्यादा देना और नाथ योगी सैटेलाइट ऑटोनॉमस काउंसिल असम बनाने की मांग कर रहा है। लेकिन पहले के सरकार की तरह अब के भाजपा सरकार ने भी नाथ योगी समुदाय के समस्याओं को अनसुनी कर ने की आरोप



लगाकर दुःख जताते हुए समुदाय के लोगों ने संयुक्त प्रयास में 25 दिसंबर 2025 से समग्र असम में मोशाल रेली निकाल कर प्रदर्शन किया। आज की धरने स्थल से नाथ योगी संगठनों की नेतृत्व ने फिर सरकार से नाथ योगी समुदाय के मूल मांगों रखी एवं मुख्यमंत्री को 2026 के असम विधानसभा चुनाव से पहले समुदाय से किए अपने वादे पूरे करने की अपील की, नहीं तो असम में रहने वाले 40 लाख से ज़्यादा शांतिप्रिय नाथ योगी अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए पूरे असम में तेज़ लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेंगे। धरने स्थल में कामरूप जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित होने पर अधिकारी के जरिए असम के मुख्यमंत्री डॉ हेमंत बिस्वा शर्मा को 21 मांगो वाले एक लिखित ज्ञापन भेजा।

## देशभर में सक्रिय वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़, एएटीएस/दक्षिण-पूर्व जिला ने 11 लग्जरी कारों के साथ 2 शातिर अपराधी दबोचे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (AATS), दक्षिण-पूर्व जिला ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर में सक्रिय अंतरराज्यीय वाहन चोरी और फर्जी रजिस्ट्रेशन गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी निशानदेही पर देश के अलग-अलग हिस्सों से 11 चोरी की लग्जरी गाड़ियां बरामद की गई हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपी चेसिस नंबर से छेड़छाड़, टोटल लॉस वाहनों के चेसिस नंबर का दुरुपयोग और फर्जी सेल लेटर व बैंक एनओसी के आधार पर गाड़ियों का अवैध रजिस्ट्रेशन कराते थे। पुलिस के अनुसार, 27/28 दिसंबर 2025 की रात थाना जामिया नगर क्षेत्र से एक मारुति एस-प्रेसो कार चोरी होने के संबंध में ई-एफआईआर संख्या 034942/2025 धारा 305(बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्रारंभिक जांच में ही यह आशंका जताई गई कि इस चोरी के पीछे किसी संगठित गिरोह का हाथ हो सकता है। इसी को देखते हुए मामले की जांच एएटीएस/दक्षिण-पूर्व जिला को सौंपी गई।

1 जनवरी 2025 को एसआई जितेंद्र और एचसी शेर सिंह को गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश, मुंबई, पुणे और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में सक्रिय एक रिसीवर के पास कई चोरी की लग्जरी गाड़ियां हैं और इस मामले में चोरी हुई एस-प्रेसो कार भी उसी के पास मौजूद है। तकनीकी सहायता और मुखबिरों के जरिए सूचना को पुख्ता किया गया।इसके बाद इंस्पेक्टर अजय दलाल की निगरानी और एसीपी/ऑप्स/एसईडी रतन लाल के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए मुंबई के बांद्रा क्षेत्र से कुनाल सुभाष जायसवाल (23 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी के साथ ही दिल्ली से चोरी हुई एक हुंडई क्रेटा कार बरामद की गई। पूछताछ और पुलिस रिमांड के दौरान इस संगठित



गिरोह के कई अहम राज सामने आए।आरोपी की निशानदेही पर 3 जनवरी 2026 को पुलिस टीम ने मुंबई के धारावी इलाके में छापेमारी कर मोहम्मद अमान (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया, जो सेकेंड-हैंड कारों की खरीद-फरोख्त का अवैध कारोबार कर रहा था। उसके पास से भी दिल्ली से चोरी हुई एक क्रेटा कार बरामद की गई। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी कुनाल अपने साथियों के साथ मिलकर एक संगठित अंतरराज्यीय वाहन चोरी और धोखाधड़ी गिरोह चला रहा था। यह गिरोह दिल्ली से चोरी की गई गाड़ियों, लोन डिफॉल्ट और दुर्घटनाग्रस्त (टोटल लॉस) वाहनों को हासिल करता था। इसके बाद उनके चेसिस नंबर में छेड़छाड़ कर या टोटल लॉस वाहनों के चेसिस नंबर का इस्तेमाल कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नया रजिस्ट्रेशन कराया जाता था। इन गाड़ियों को बाद में भोले-भाले ग्राहकों को सस्ते दामों पर बेच दिया जाता था, जिससे आम जनता और वित्तीय संस्थानों को भारी नुकसान होता था। पूछताछ में आरोपी कुनाल ने खुलासा किया कि उसने कई चोरी की गाड़ियां फर्जी रजिस्ट्रेशन के साथ पुणे निवासी दर्शन, मुंबई निवासी अमान (जिसने आगे कोल्हापुर निवासी नीम को गाड़ियां बेचीं) और जालना निवासी शेख काशिफ को बेची थीं। उसने यह भी बताया कि ये वाहन बुलंदशहर (यूपी) निवासी काशिफ और हसन द्वारा चोरी किए जाते थे, जिनमें से हसन वर्तमान में उत्तर प्रदेश की जेल में बंद है। जांच के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर महाराष्ट्र के पुणे, कोल्हापुर, जालना और दिल्ली से कई चोरी की गाड़ियां बरामद की गईं। इनमें तीन टोयोटा फॉर्च्यूनर, चार हुंडई क्रेटा, दो मारुति ब्रेज़ा, एक मारुति एस-प्रेसो और एक मारुति वैगन-आर शामिल हैं। सत्यापन में पाया गया कि सभी गाड़ियों के चेसिस नंबर से छेड़छाड़ की गई थी और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उनका रजिस्ट्रेशन कराया गया था। 20 जनवरी 2026 को इस गिरोह के मुख्य वाहन चोर काशिफ निवासी बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जिसकी निशानदेही पर एक चोरी की मारुति वैगन-आर बरामद की गई। अब तक कुल 11 हाई- एंड चोरी की गाड़ियां बरामद की जा चुकी हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और आगे और भी वाहन बरामद होने की संभावना है।दिल्ली पुलिस के अनुसार, यह गिरोह बेहद सुनियोजित तरीके से काम करता था। चोरी की गई गाड़ियों को दिल्ली से महाराष्ट्र पहुंचाकर उनकी पहचान बदल दी जाती थी और फिर उन्हें वैध वाहन बताकर बेच दिया जाता था। इस पूरे नेटवर्क के जरिए आरोपी भारी अवैध मुनाफा कमा रहे थे।पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, मुख्य आरोपी कुनाल मुंबई का रहने वाला, ग्रेजुएट है और इस पूरे अंतरराज्यीय गिरोह का मास्टरमाइंड है। वहीं आरोपी काशिफ पहले भी एटीएम लूट और चोरी के कई मामलों में शामिल रह चुका है और उसके परिवार के अन्य सदस्य भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस मामले की जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में इस गिरोह से जुड़े और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है।

## अखिल भारतीय दंगल में फहलवानों ने दिखाए दांवपेच

**हमीरपुरः–** सुमेरपुर कस्बे की छोटी बाजार में स्व. झुरी मिश्र की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय विशाल दंगल के आखिरी दिन एक दर्जन से ज्यादा रोमांचक कुश्ती संपन्न हुई। दंगल का शुभारंभ आयोजन जयप्रकाश दीक्षित ने किया। विशाल दंगल के आखिरी दिन नजरपूर अखाड़ा के अरुण ने फतेहपुर के जुनैद को रोमांचक मुकाबले में जोरदार पटकनी दी। उन्नाव के सुलखान ने गोरखपुर के विकास को परास्त किया। दंगल की सबसे बड़ी कुश्ती हरियाणा केशरी काली पहलवान एवं हमीरपुर महोबा केशरी हुकुम पहलवान के मध्य हुई। दस मिनट तक चली रोमांचक कुश्ती बराबरी पर छूट गई। बांदा के नीरज व उन्नाव के विश्वजीत, टेढ़ा के कुलदीप व कानपुर के हर्षित, टेढ़ा के वीरेंद्र व उन्नाव के ऋषि, फतेहपुर के अंकुर व इटावा के गोलू, कानपुर के सौरभ व इंगोहटा के कल्लू,पपरेंदा के रवि व तिलसरस के



गोपाल आदि के मध्य हुई कुश्ती बराबरी पर छूट गई। इस मौके पर डॉ.इमाद ने दंगल के आयोजक जयप्रकाश दीक्षित को स्मृति चिन्ह,अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। दंगल में नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे,विहिप जिलाध्यक्ष रामदत्त पांडे, डॉ.इमामुद्दीन, कल्लू यादव, भार्गव प्रसाद मिश्रा, कैलाश दुबे, कुंजबिहारी पांडे, राजन दीक्षित, राजा दीक्षित, रामबाबू अवस्थी, पंकज तिवारी आदि हजारों लोग मौजूद रहे। दंगल में रेफरी के भूमिका रामकिशुन नन्ना एवं सूरजपाल सिंह ने निभाई। संचालन सुरेश यादव दपसौरा ने किया।

### भारतीय किसान कल्याण संघ द्वारा खीर प्रसाद का वितरण

**नैनी, प्रयागराज।** माघ मेला के पावन अवसर पर बसंत पंचमी के दिन भारतीय किसान कल्याण संघ द्वारा माघ मेला अरैल सेक्टर 7 स्थित शिविर में खीर प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया एवं सराहना की। संघ के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व न्यायाधीश कैप्टन डी पी एन सिंह ने प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्कर्ष रमन सिंह ने किया। इस अवसर पर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश उपाध्याय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर एस बी सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र पांडे, पंचकोशी प्रयाग संत सेवा समिति के महंत जन्मेजय प्रसाद शुक्ला, प्रबंधक अभिषेक शुक्ला, सहित सैकड़ो सहयोगी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण भारतीय किसान कल्याण संघ ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया और मां गंगा से सभी के कल्याण की कामना की।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर हमीरपुर में विकास का भव्य प्रदर्शन

**प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने प्रदर्शनी का किया शुभारंभ, योजनाओं और निवेश की दिखी झलक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः–** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मुख्यालय के चौरा देवी प्रांगण में 'विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत' थीम पर भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ माननीय राज्य मंत्री, जलशक्ति विभाग उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में चिकित्सा, पुलिस, सूचना, नेडा, उद्यान, बेसिक शिक्षा, ग्राम्य विकास, कृषि, श्रम, क्रीड़ा, उद्योग, महिला एवं बाल कल्याण सहित विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े स्टॉल लगाए गए। सूचना विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के अंग्रेजी शासन काल से लेकर वर्तमान तक के नाम, प्रादेशिक विस्तार, प्रशासनिक संरचना एवं प्रदेश की उपलब्धियों को दर्शाया गया। साथ ही सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार साहित्य का वितरण भी किया गया।

प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने सभी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया। इस दौरान दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत



हुनरमंद कारीगरों को टूल किट्स वितरित की गईं। प्रेरणा कार्यक्रम के तहत गुजरात के बड़नगर विद्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली शंकरपुर, कुरारा (हमीरपुर) की छात्रा काव्या यादव को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का पत्र नामक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न कराई गई। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया, जिसमें विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। सभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई थी, इसलिए यह दिन प्रदेश के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और आज स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, जल, उद्योग सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं माननीय गृहमंत्री भारत सरकार के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी देखा और सुना गया। सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने



कहा कि प्रदेश में शांति एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के कारण देश-विदेश के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनता जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद की प्रमुख उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंद्रावल नदी पुनरोद्धार के अंतर्गत उद्योगों, खनन पट्टाधारकों एवं जनसहयोग से 60 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में बहने वाली चंद्रावल नदी का जीर्णोद्धार कराया गया, जिससे 22 ग्राम पंचायतों को सिंचाई सुविधा मिली और भूजल स्तर में वृद्धि हुई। इससे जनपद में 990 वर्ग किलोमीटर जल ग्रहण क्षेत्रफल का विकास हुआ है। मिशन जलोदय के माध्यम से जलस्तर बढ़ने से फसलों की पैदावार में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया कि जनपद के 2,13,125 किसानों को 692.68 करोड़ रुपये की सम्मान निधि दी गई है। हर घर जल योजना के अंतर्गत 325.74 करोड़ रुपये की लागत से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 293.92 करोड़ रुपये की लागत से 24,398 आवास पूर्ण कराए गए हैं। इसके अलावा 302.76 करोड़ रुपये की लागत से हमीरपुर बाईपास परियोजना के अंतर्गत यमुना एवं बेतवा नदी सेतु तथा रोहन नाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद के 400 से अधिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित की जा रही हैं। 2000 करोड़ रुपये की लागत से एनटीपीसी ग्रीन प्रोजेक्ट में निवेश किया जा रहा है। गेल इंडिया द्वारा मोहदा बांध पर सोलर प्लांट लगाया जाएगा, जबकि जिंदल और जेपी समूह द्वारा सीमेंट फैक्ट्रियों की स्थापना की जा रही है। जनपद में दो टीएचआर प्लांट सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं।

कार्यक्रम में चंद्रावल पुनरोद्धार में योगदान देने वाले उद्यमियों, जनसेवियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सीएम युवा योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, 15 स्वयं सहायता समूहों को 90 लाख रुपये के सीसीएल स्वीकृति पत्र, खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों, उत्कृष्ट शिक्षकों एवं आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा संत विलास शिवहरे, जिलाध्यक्ष भाजपा शकुंतला निषाद, नगरपालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा, सीडीओ अरुण कुमार सिंह, सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, निवेशक, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## निपुण भारत मिशन को मिली राठ में रफ्तार, शिक्षा चौपाल में सम्मानित हुए निपुण बच्चे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः–** निपुण भारत मिशन को ज़मीनी मजबूती देने के उद्देश्य से राठ नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय महारानी लक्ष्मी बाई में संकुल स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। शिक्षा, समाज और प्रशासन की त्रिवेणी बने इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों से लेकर शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष के. जी. अग्रवाल, डॉ. जमील राठवी सहित अन्य अतिथियों एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर नोडल संकुल नीलम कौशल ने निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को विस्तार से रखते हुए कहा कि बुनियादी शिक्षा ही मजबूत भविष्य की नींव है। उन्होंने अभिभावकों एवं समाज से अपील की कि बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित कर शिक्षा अभियान को सफल बनाएं।

कार्यक्रम में नगर के विभिन्न विद्यालयों के निपुण बच्चों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। जिसमे हफीजुल (कक्षा 3), पवन (कक्षा 2), सृष्टि (कक्षा 3), अतिका (कक्षा 2), ज्योति (कक्षा 3), सरताज (कक्षा 2), अंकित (कक्षा 2) एवं राधिका (कक्षा 3) शामिल रहे। बच्चों को पुरस्कार




देकर शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाया गया। शिक्षा में समाज की भागीदारी को रेखांकित करते हुए वार्ड सभासद एवं एसएमसी अध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले प्रधान अध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक, शिक्षामित्र एवं संकुल शिक्षक मोहम्मद सलाउद्दीन, रुबीना कुरैशी, वैजयंती, दीपक कुमार–को सम्मान पत्र देकर उनके योगदान की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक नवीन बुधौलिया सहित माया मिश्रा, फरीन जहाँ, रचना द्विवेदी, रचना सिंह, सौरभ शर्मा, किरण शर्मा, मनमोहन, नौशाद अहमद सिद्दीकी, मोहिनी चंसोरिया, नरेंद्र तिवारी तथा नगर के गणमान्य नागरिक काशी प्रसाद गुप्ता, रहमत बेग, शिवशरण सोनी, सभासद आकाश सोनी, अवधेश जड़िया, श्रीकांत द्विवेदी, धर्मेंद्र कोस्टा, प्रवीण बुधौलिया सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।